सुप्रभात
रांची, बुधवार
16.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 271 | 12



लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे : योगी

## न्यूज डायरी

### सोनिया-राहुल के खिलाफ इडी का आरोपपत्र दायर

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की नेशनल हेराल्ड मामले में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से आरोपपत्र दायर किया गया है। ये पहली बार है जब सोनिया और राहुल गांधी पर किसी मामले में आरोपपत्र दायर हुआ है। जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। 25 को इसके समक्ष विचार किया जायेगा। ईडी और आईओ के विशेष वकील अदालत के अवलोकन के लिए केस डायरी का पेशी भी सुनिश्चित करेंगे। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़ी संपत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

### वक्फ कानून की वैधता पर आज सुनवाई

**नयी दिल्ली।** नये वक्फ कानून से देशभर में जारी सियासी गर्माहट के बीच बुधवार को सुप्रीम कोर्ट वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है। इस कानून के खिलाफ ओवैसी समेत कई बड़े नेताओं और संगठनों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

### ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत कराईकेला थाना क्षेत्र के लालबाजार गांव के पास एक दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। सोमवार देर रात एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरी कैनाल में जा गिरा था। जिसमें हुड़गदा के रासीसाई टोला निवासी बुधु बोदरा (20) और भागीरथी गोप (22) की मौत हो गयी थी।

### कांके रोड में हथियार के बल पर 1.67 लाख लूटे

**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित फ्रेश पेटल नामक फ्लावर डेकोरेशन दुकान से हथियार के बल पर एक लाख 67 हजार रुपये लूट लिये गये। लूट की पूरी तस्वीर सीसीटीवी में भी कैद हुई है। दुकान मालिक राकेश ने बताया कि दुकान में अचानक दो अपराधी हथियार लेकर आये मारपीट की। फिर पैसे लूट कर फरार हो गये।

### सीआरपीएफ ने शहीद किरण को दी श्रद्धांजलि

**खूंटी।** देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मंगलवार को बलिदानी हवलदार जीडी किरण टोपनो के गांव तोरपा प्रखंड के मरचा में शहादत दिवस मनाया। वह 50वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान 15 अप्रैल 2000 को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

## पार्टी अधिवेशन में गुरुजी ने झामुमो की कमान हेमंत सोरेन को सौंपी

# अब पार्टी का विस्तार ही लक्ष्य : हेमंत

**शिबू संस्थापक संरक्षक हेमंत बने केंद्रीय अध्यक्ष**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लंबे समय तक झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष रहे दिग्गज नेता शिबू सोरेन ने पार्टी के 13वें महाधिवेशन में मंगलवार को हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। इसकी घोषणा होते ही मंच पर नेताओं ने माला पहनाकर नये केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन को बधाई दी। इसके पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाने का प्रस्ताव रखा। मथुरा महतो ने समर्थन किया, जिसके बाद सर्वसम्मति से इसे पारित किया गया। गुरुजी के संस्थापक संरक्षक बनते ही अधिवेशन स्थल जय झारखंड के नारों से गूंज उठा। इसके बाद शिबू सोरेन ने अपने संक्षिप्त भाषण में हेमंत सोरेन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। पार्टी ने शिबू सोरेन के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए हेमंत सोरेन को सर्वसम्मति से इस पद की जिम्मेदारी सौंपी। अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत सोरेन ने झामुमो के राष्ट्रीय विस्तार की बात कही है। हेमंत ने कहा, उनका लक्ष्य पार्टी को झारखंड के बाहर, खासकर आदिवासी बहुल राज्यों जैसे ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में मजबूत करना है। यह बदलाव झामुमो की विरासत को और मजबूत करेगा।

**15 को आया नया मोड़ :** 1972 में शिबू सोरेन के नेतृत्व बनी झामुमो के इतिहास में 15 अप्रैल 2025 को एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। पार्टी के 13वें महाधिवेशन में झारखंड के मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को सर्वसम्मति से पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले महाधिवेशन में केन्द्रीय समिति सदस्यों की जिलावार घोषणा की गयी। केंद्रीय समिति में कुल 284 सदस्य हैं। केन्द्रीय समिति सदस्य में पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, सांसद भी शामिल हैं। इसकी घोषणा पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने की।



### सीएम हेमंत के नेतृत्व में मिली है शानदार सफलता

हेमंत सोरेन को वर्ष 2015 के जमशेदपुर महाधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी। इनके नेतृत्व में पार्टी ने दो-दो विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। हेमंत सोरेन ने करीब 10 वर्षों तक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जवाबदेही निभायी। पूर्व सीएम और शिबू सोरेन ने 38 साल बाद केंद्रीय अध्यक्ष पद छोड़ दिया। हेमंत के नेतृत्व में झामुमो ने 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया। 2024 के चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटें हासिल कीं, जो पार्टी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### 284 सदस्यीय केंद्रीय समिति गठित

महाधिवेशन में केंद्रीय समिति के सदस्यों की घोषणा विनोद पांडे ने की। केंद्रीय समिति में कुल 284 सदस्य होंगे। इनमें साहिबगंज जिला से हेमंत सोरेन, पंकज मिश्रा सहित 13 सदस्यों को रखा गया है। इसी तरह दुमका से शिबू सोरेन, नलिन सोरेन, बसंत सोरेन, आलोक कुमार सोरेन, अब्दुल सलाम अंसारी, लुईस मरांडी सहित 13 सदस्यों को रखा गया है। रांची में सुनील श्रीवास्तव, मधु मंसूरी, मनोज पांडे, अभिषेक कुमार पिंटू, महुआ माजी सहित 14 नेताओं को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया है।



### बधाई देने में बसंत सोरेन सबसे आगे

केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर तमाम नेताओं ने हेमंत सोरेन का फूल-माला से स्वागत किया। बधाई देने वालों में सबसे आगे भाई बसंत सोरेन थे। फिर कल्पना सोरेन, नलिन सोरेन, मथुरा महतो, मंत्री हफिजुल हसन, सुप्रीयो भट्टाचार्य, विनोद पांडे आदि नेता शामिल थे।

**नये केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद भाई सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते बसंत सोरेन।**

## बेहतर चिकित्सा सुविधा देना प्राथमिकता : मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रिम्स जीबी बैठक**

>> मंत्री और निदेशक उलझे, इस्तीफे की पेशकश

**रांची।** रिम्स शासी परिषद (जीबी) की मंगलवार को हुई इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज करना सरकार की प्राथमिकता है। जीबी की यह बैठक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और मानकों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिये और उसे धरातल पर भी उतारा जा रहा है।



हालांकि बैठक में उस समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गयी, जब निदेशक डॉ राजकुमार और मंत्री इरफान अंसारी आपस में ही उलझ गये। दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। इस दौरान निदेशक ने इस्तीफा देने की पेशकश कर दी। जीबी के सदस्यों ने निदेशक पर कई आरोप लगाये। हालांकि बाद में मामला सुलझा। बैठक में जीबी की बैठक हर माह करने, ओपीडी का समय बढ़ाने और मैनपावर की कमी दूर करने का भी फैसला हुआ। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्राइवेट प्रैक्टिस करते पकड़े जाने पर डॉक्टरों की वेतन रोक दी जायेगी। साथ ही विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा। बैठक में मौजूद विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने भी अनुशासन बनाये रखने की बात कही। मंत्री ने कहा, सरकार बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर वे गंभीर हैं। बैठक में ओपीडी का समय बढ़ाकर शाम 6 बजे तक कर दिया गया है।

# झारखंड में छह दिनों तक बारिश

**वज्रपात की चेतावनी, आइएमडी ने कहा- इस बार जमकर बरसेगा मानसून**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत कई जिलों में बंगलवार शाम झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। सुबह से ही धूप काफी तेज थी। शाम में मौसम ने करवट ली और गरज के साथ बारिश होने लगी। ऐसे में शाम में अपने घरों से बाहर निकले या दफ्तर से लौट रहे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग की मानें तो झारखंड में अगले छह दिनों तक बारिश की संभावना है। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है। 21 अप्रैल तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है। 19 अप्रैल तक के लिए गरज के साथ तेज हवाएं चलेंगी। वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है।

### लू और बेमौसम बारिश की चेतावनी

नयी दिल ली में आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि इस वार मानसून जम कर बरसेगा। यह देश के लिए अच्वआ संकेत है। मानसून पर अलनीनो का कोई प्रभाव नहीं पड़नेवाला है। साथ ही आइएमडी ने देश के विभिन्न हिस्सों में एक बार फिर लू (हीटवेव) और बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में अलग-अलग राज्यों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है, इसके चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गयी है।

# गढ़वा में चार बच्चे गड्ढे में डूबे, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के उड़सुग्गी गांव में मंगलवार दोपहर को एक डोभा में डूबने से चार मासूम की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी बच्चे खेलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान गांव के पास एक डोभा के बगल में बने गड्ढे के पानी में वे नहाने लगे। गड्ढा गहरा होने के कारण सभी उसमें डूब गये। जब तक गांव वालों को इसकी जानकारी मिलती, तब तक देर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने सभी बच्चों को पानी से निकाला और तुरंत सदर अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में अवधेश राम के पुत्र लक्की कुमार (8), संतोष राम के पुत्र अक्षय कुमार(12), बाबूलाल चंद्रवंशी के बेटे वर्षीय नारायण चंद्रवंशी (16) और 13 वर्षीय हरिओम चंद्रवंशी शामिल हैं।

### हजारीबाग में पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र में रांची-पटना मार्ग पर उच्च विद्यालय सिझुआ के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने पेट्रोल पंप मैनेजर को गोली मार दी। अपराधी रुपयों से भरा थैला लूटकर फरार हो गये। घटना में मैनेजर की मौत हो गयी है। शालपर्णी इंडियन पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर रविदास से पैसे लूटने आयें अपराधियों ने उन पर गोली चला दी और 11 लाख रुपये से भरा थैला लूटकर मौके से फरार हो गये। पंपकर्मी राजू प्रजापति ने मैनेजर को गिरा देख इसकी सूचना अन्य कर्मियों को दी।

## बंगाल हिंसा पर खुफिया एजेंसियों ने खोले चौंकानेवाले राज

# बांग्लादेशी जिहादी, विदेशी फंडिंग..., लोकल मदद

एजेसी

**नयी दिल्ली।** वक्फ कानून को लेकर बंगाल में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों को चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं। जांच एजेंसियों को ऐसे डिजिटल और वित्तीय ट्रांजैक्शंस के सबूत मिले हैं जो संकेत देते हैं कि हिंसा को अंजाम देने के लिए विदेशी स्त्रोतों से पैसे भेजे गये। इन पैसों का इस्तेमाल भीड़ जुटाने सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज फैलाने और जमीन पर संगठन बनाने में किया गया। जांच में पता चला है कि इस हिंसा के पीछे बांग्लादेशी जिहादियों व आतंकी संगठन अंसार उल बांग्ला टीम (एबीटी) का हाथ संभव है। सूत्रों की मानें तो इस हिंसा की साजिश लंबे समय से रची जा रही थी। पिछले तीन महीनों से इस घटना को अंजाम देने की योजना बना रही थी। इसके लिए विदेशों से फंडिंग की गयी थी। केंद्रीय जांच एजेंसियों को जो सबूत मिले हैं, वह इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि शुरू में रामनवमी की तारीख तय थी।

**टीएमसी का मिला साथ :** प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि इसमें बांग्लादेशी शरारती तत्वों का हाथ है, जिन्हें कथित तौर पर स्थानीय टीएमसी नेताओं से मदद मिली थी, बाद में ये शरारती तत्व बेकाबू हो गये।

### झारखंड के 8 जिलों में अलर्ट



पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बाद झारखंड के सीमावर्ती आठ जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को आवश्यक निर्देश दिये हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। खुफिया एजेंसियां सीमावर्ती क्षेत्रों पर नजर रख रही हैं। पल-पल की जानकारी ली जा रही है। सभी एसपी-एसएसपी को हालात पर नजर रखने को कहा गया है। जिन जिलों को सतर्क किया गया है, उनमें पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, जामताड़ा, बोकारो, सरायकेला, रांची व रामगढ़ शामिल हैं। यह भी कहा गया है कि किसी भी परिस्थिति में विधि व्यवस्था न बिगड़े, इसका ख्याल रखें।



# झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालेश्वर कुमार एवं जहुर मियाँ द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 173 | 1. आवेदन क्र0–126/25 2. आवेदक–गन्दौरी महतो , पिता – गनपत महतो<br>3. ग्राम–कांडतरी , पोस्ट–सांढ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड– बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 174 | 1. आवेदन क्र0–127/25 2. आवेदक–युगेश्वर महतो , पिता –रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–कांडतरी , पोस्ट–सांढ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड– बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 175 | 1. आवेदन क्र0–128/25 2. आवेदक–राजेन्द्र कुमार , पिता –नाथू दयाल महतो<br>3. ग्राम–गुरूचट्टी , पोस्ट– बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड– बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176 | 1. आवेदन क्र0–129/25 2. आवेदक–दर्शन प्रसाद कुशवाहा , पिता –धर्मचन्द महतो<br>3. ग्राम–गुरूचट्टी , पोस्ट– बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड– बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 177 | 1. आवेदन क्र0–130/25 2. आवेदक–सलनी देवी , पति–स्व0 मधु महतो<br>3. ग्राम–सोनपुरा , पोस्ट– बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड– बड़कागाँव<br>4. लिंग–महिला , आयु– 48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 178 | 1. आवेदन क्र0–131/25 2. आवेदक–गणेश प्रसाद , पिता –मुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम– बड़कागाँव , पोस्ट– बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड– बड़कागाँव<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 179 | 1. आवेदन क्र0–132/25 2. आवेदक–इन्द्रनारायण कुशवाहा पिता –खेमलाल महतो<br>3. ग्राम–सलगावाँ , पोस्ट– सलगावाँ , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड– कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 57 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180 | 1. आवेदन क्र0–133/25 2. आवेदक–गणेश प्रसाद , पिता –बोधा महतो<br>3. ग्राम–सलगावाँ , पोस्ट– सलगावाँ , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड– कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 41 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 181 | 1. आवेदन क्र0–200/25 2. आवेदक–प्रेम कुमार , पिता –झरी महतो<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 182 | 1. आवेदन क्र0–201/25 2. आवेदक–लीलु महतो , पिता –स्व0 बुधन महतो<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 183 | 1. आवेदन क्र0–202/25 2. आवेदक–बसंत कुमार , पिता –रामलखन महतो<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 184 | 1. आवेदन क्र0–203/25 2. आवेदक–मो0 कासिम , पिता –स्व0 मो0 सलीम<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 185 | 1. आवेदन क्र0–204/25 2. आवेदक–बिनोद कुमार कुशवाहा पिता –स्व0 पुनीत महतो<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 186 | 1. आवेदन क्र0–205/25 2. आवेदक–सीताराम सिंह , पिता –ठाकुर दयाल सिंह<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187 | 1. आवेदन क्र0–206/25 2. आवेदक–रामेश्वर राम , पिता –मुगल भुईंया<br>3. ग्राम–ओमे , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगुली में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 188 | 1. आवेदन क्र0–207/25 2. आवेदक–विशेश्वर साव , पिता –स्व0 धरम साव<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठेहुना में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 189 | 1. आवेदन क्र0–208/25 2. आवेदक–संजय साव , पिता –स्व0 बुधु साव<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के सामने चोट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 190 | 1. आवेदन क्र0–209/25 2. आवेदक–आनंद किशोर पासवान , पिता–कोमल दुसाध<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 191 | 1. आवेदन क्र0–210/25 2. आवेदक–अमेरिका महतो , पिता–गन्दौरी महतो<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगुठा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 192 | 1. आवेदन क्र0–211/25 2. आवेदक–प्रयाग राणा , पिता–स्व0 धनी राणा<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कान में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 193 | 1. आवेदन क्र0–212/25 2. आवेदक–विजय सिंह , पिता–ठाकुर दयाल सिंह<br>3. ग्राम–ओमे, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के सामने कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194 | 1. आवेदन क्र0–213/25 2. आवेदक–शिवराम प्रसाद , पिता–स्व0 आनन्दी साव<br>3. ग्राम–खपिया, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये आंख के उपर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 195 | 1. आवेदन क्र0–214/25 2. आवेदक–रामटहल प्रसाद सोनी, पिता–स्व0 मटकु साव<br>3. ग्राम–खपिया, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हथेली में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 196 | 1. आवेदन क्र0–215/25 2. आवेदक–सरोज कुमार सिंह , पिता–स्व0 मुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–(ओमे) केरेडारी, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गर्दन में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 197 | 1. आवेदन क्र0–216/25 2. आवेदक–ब्रह्मदेव सिंह , पिता–रामवृक्ष सिंह<br>3. ग्राम–(ओमे) केरेडारी, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 198 | 1. आवेदन क्र0–217/25 2. आवेदक–उमेष सिंह , पिता–ठाकुर दयाल सिंह<br>3. ग्राम–(ओमे) केरेडारी, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें छाति के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 199 | 1. आवेदन क्र0–218/25 2. आवेदक–बालेश्वर यादव , पिता–स्व0 दमरी यादव<br>3. ग्राम–खपिया, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये तरफ चेहरा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 200 | 1. आवेदन क्र0–219/25 2. आवेदक–संजय यादव , पिता–स्व0 दमरी यादव<br>3. ग्राम–खपिया, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 201 | 1. आवेदन क्र0–220/25 2. आवेदक–सकलदेव साहु , पिता–बन्सी साव<br>3. ग्राम–खपिया, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दशरथ महतो एवं बैजनाथ महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 202 | 1. आवेदन क्र0–134/25 2. आवेदक–मुरली चरण साव, पिता –स्व0 शिव शंकर साव<br>3. ग्राम–चनारी , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड– चुरचु<br>4. लिंग–पुरूष,आयु– 58 वर्ष,पहचान चिन्ह–बायां हाथ के मध्यम अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 203 | 1. आवेदन क्र0–135/25 2. आवेदक–चिन्ता देवी , पति–स्व0 रामेश्वर साहू<br>3. ग्राम–चनारी , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड– चुरचु<br>4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां एड़ी में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204 | 1. आवेदन क्र0–136/25 2. आवेदक–हेवन्ती देवी , पति–स्व0 नन्द किशोर वर्मन<br>3. ग्राम–चनारी , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड– चुरचु<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 205 | 1. आवेदन क्र0–137/25 2. आवेदक–संजय कुमार , पिता –स्व0 सरयू प्रसाद मिश्रा<br>3. ग्राम–चरही , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड– चुरचु<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु– 54 वर्ष,पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी झमन प्रसाद, सरयु प्रसाद मेहता एवं रमेश कुमार साहु द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 206 | 1. आवेदन क्र0–221/25 2. आवेदक–संजय पासवान , पिता –गणेश पासवान<br>3. ग्राम–गदोखर , पोस्ट–कदमा , थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु– 48 वर्ष,पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 207 | 1. आवेदन क्र0–222/25 2. आवेदक–हरिलाल मंडल , पिता –दर्शन महतो<br>3. ग्राम–गुंजरा , पोस्ट–झुरझुरी , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड– बरकट्ठा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–57 वर्ष,पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं रामप्रसाद सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 208 | 1. आवेदन क्र0–241/25 2. आवेदक–सखीचरण ठाकुर , पिता –स्व0 तुलसी ठाकुर<br>3. ग्राम–शोशो ,पोस्ट–शोशो,थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–65 वर्ष,पहचान चिन्ह–दायां हाथ में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 209 | 1. आवेदन क्र0–242/25 2. आवेदक–सागर महतो , पिता –चैता महतो<br>3. ग्राम–होहद, पोस्ट–सिकनी, थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–64 वर्ष,पहचान चिन्ह–पीठ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210 | 1. आवेदन क्र0–243/25 2. आवेदक–नंदकिशोर तुरी , पिता –स्व0 रामसेवक तुरी<br>3. ग्राम–बगरई, पोस्ट–पोटमदगा, थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–65 वर्ष,पहचान चिन्ह–होंठ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 211 | 1. आवेदन क्र0–244/25 2. आवेदक–तुसार रंजन , पिता –बिनोद कुमार महतो<br>3. ग्राम–गोला, पोस्ट–गोला, थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–55 वर्ष,पहचान चिन्ह–सीना में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 212 | 1. आवेदन क्र0–245/25 2. आवेदक–हरिनाथ महतो , पिता –बिजय महतो<br>3. ग्राम–शोशो ,पोस्ट–शोशो,थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–47 वर्ष,पहचान चिन्ह–बायें आंख में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुखदेव प्रसाद यादव, चन्द्रनाथ भाई पटेल, बालेश्वर कुमार एवं जहुर मियाँ द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 213 | 1. आवेदन क्र0–223/25 2. आवेदक–विजय महतो , पिता–स्व0 महेश महतो<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–45 वर्ष,पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 214 | 1. आवेदन क्र0–224/25 2. आवेदक–अशोक कुमार, पिता–रघु साव<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–44 वर्ष,पहचान चिन्ह–दायां गाल कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 215 | 1. आवेदन क्र0–2/2525 2. आवेदक–चन्द्रशेखर साव, पिता–स्व0 बन्धु साव<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–45 वर्ष,पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 216 | 1. आवेदन क्र0–226/25 2. आवेदक–राजेन्द्र कुमार वर्मा, पिता–बुरामन महतो<br>3. ग्राम–केरेडारी , पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष,पहचान चिन्ह–गाल पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 217 | 1. आवेदन क्र0–227/25 2. आवेदक–रोशन महतो, पिता–स्व0 पुरन महतो<br>3. ग्राम–तिलिर , पोस्ट–जीहू , थाना–पदमा, प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष,पहचान चिन्ह–दायें बांह में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 218 | 1. आवेदन क्र0–228/25 2. आवेदक–संतोष कुमार , पिता–स्व0 वंशी राम<br>3. ग्राम–देवकुली, पोस्ट–देवकुली , थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष,पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान।। | कंडिका–2(ix) |
| 219 | 1. आवेदन क्र0–229/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार सिन्हा, पिता–स्व0 सच्चिदानंद प्रसाद<br>3. ग्राम–न्यू एरिया, दूसरी गली , पोस्ट–हजारीबाग , थाना–लोहसिंघना, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष,पहचान चिन्ह–दायें हाथ मध्य अंगूली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 220 | 1. आवेदन क्र0–230/25 2. आवेदक–मुनेश्वर मेहता, पिता–स्व0 पुरन महतो<br>3. ग्राम–तिलिर , पोस्ट–जीहू , थाना–पदमा, प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष,पहचान चिन्ह–दायें बांह में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण:– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं मोहन रजक के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 221 | 1. आवेदन क्र0–231/25 2. आवेदक–अंतु यादव, पिता–स्व0 महावीर गोप<br>3. ग्राम–बानाहप्पा, पोस्ट–बानाहप्पा, थाना–मु0 हजारीबाग, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर घुटना के पास कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मु) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO. 350386 Home(25-26):D


13वें केन्द्रीय महाधिवेशन के समापन पर सर्वसम्मति से हुआ फैसला

# अब हेमंत सोरेन के हाथ में होगी झारखंड मुक्ति मोर्चा की कमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो के 13वें महाधिवेशन में सीएम हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। इसके बाद अब हेमंत सोरेन के हाथ में झामुमो की कमान होगी। 38 वर्षों के बाद पार्टी के संस्थापक और दिग्गज नेता दिशोम गुरू शिबू सोरेन अध्यक्ष रहने के बाद अब ये जिम्मेदारी उनके बेटे को मिली है। केन्द्रीय समिति में कुल 284 सदस्य होंगे। इसकी घोषणा पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडे ने की। केन्द्रीय समिति सदस्य में पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, सांसद भी शामिल हैं।



**गुरू जी के स्वास्थ्य कारणों से दी गयी हेमंत को जिम्मेदारी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना 1972 में शिबू सोरेन के नेतृत्व में हुई थी। शिबू सोरेन ने महाजनों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। उन्होंने इतना काम किया कि लोग उन्हें दिशोम गुरु कहने लगे। झामुमो शुरू में आदिवासी अधिकारों, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और झारखंड की क्षेत्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्षरत रहा है। शिबू सोरेन ने लंबे समय तक पार्टी को नेतृत्व प्रदान किया और इसे झारखंड की राजनीति में एक प्रमुख शक्ति बनाया। हालांकि, उम्र और स्वास्थ्य कारणों से उनकी सक्रियता कम हो गई थी, जिसके चलते हेमंत सोरेन को पहले 2015 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और अब उन्हें केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी गयी है।

### 2019 और 2024 के विस चुनाव में रहा शानदार प्रदर्शन

हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी ने पहले 30 और फिर 34 सीटें जीतीं। 2024 के चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटें हासिल कीं, जो पार्टी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि यह बदलाव झामुमो की विरासत को और मजबूत करेगा। उन्होंने शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके पिता ने पार्टी को एक आंदोलन के रूप में स्थापित किया, और अब इसे राष्ट्रीय मंच पर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

**हेमंत सोरेन का योगदान और नेतृत्व :** हेमंत सोरेन ने झामुमो को न केवल झारखंड में मजबूत किया, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने की दिशा कदम बढ़ाया है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत के नेतृत्व में झामुमो ने 30 सीटें जीतकर भाजपा को सत्ता से बाहर किया। इसके बाद 2024 के चुनाव में झामुमो ने 34 सीटों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और गठबंधन ने 56 सीटें जीतीं।

**जनता के बीच लोकप्रिय नेता बन गये हेमंत :** हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार के तहत कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, जैसे 'अबुआ आवास योजना', जिसे झामुमो नेता प्रधानमंत्री आवास योजना से बेहतर मानते हैं। महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता राशि बढ़ाने और सरकारी नौकरियों में आरक्षण जैसे निर्णयों ने उनकी लोकप्रियता बढ़ाई। हेमंत ने बदलाव यात्रा और संघर्ष यात्रा जैसे अभियानों के जरिए जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। उनकी लोकप्रियता जनता के बीच कायम हो गयी।

**जेल से निकलते 2024 में हुई शानदार वापसी :** हेमंत सोरेन का राजनीतिक सफर चुनौतियों से खाली नहीं रहा। 31 जनवरी 2024 को ईडी ने उन्हें भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके चलते उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। हेमंत ने इसे 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया। इस दौरान चंपई सोरेन ने कुछ समय के लिए मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, हेमंत जमानत पर रिहा हुए और 2024 के चुनाव में उन्होंने शानदार वापसी की।

### चार बार मुख्यमंत्री बने झामुमो के नये अध्यक्ष

हेमंत सोरेन का अध्यक्ष बनना झामुमो के लिए एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। उनके नेतृत्व में पार्टी ने न केवल स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत की, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी उपस्थिति साबित की। यह बदलाव झारखंड की राजनीति में स्थिरता और निरंतरता का प्रतीक है, क्योंकि हेमंत पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने लगातार दो बार सत्ता में वापसी की और चार बार मुख्यमंत्री बने। शिबू सोरेन की विरासत को आगे बढ़ाते हुए हेमंत ने झामुमो को एक आधुनिक और गतिशील संगठन में बदलने का प्रयास किया है। उनके सामने चुनौती होगी कि वे पार्टी की मूल विचारधारा को नए युग की जरूरतों के अनुरूप ढालें।

# केवल तुष्टिकरण और परिवार केंद्रित रहा झामुमो का महाधिवेशन : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो के महाधिवेशन में झारखंड के कल्याण को छोड़कर सिर्फ परिवार कल्याण पर अमल किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा लंबे समय से कह रही थी कि झामुमो का अगला अध्यक्ष भी सोरेन परिवार से ही होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास बहुत बेहतर अवसर था कि वह अपने दल के किसी समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ता को अध्यक्ष बना सकते थे, लेकिन, मुख्यमंत्री पद की बड़ी जिम्मेवारी होने के बावजूद भी उन्होंने किसी पर विश्वास करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों में यही होता है। अध्यक्ष समेत तमाम प्रमुख पदों पर परिवार के ही सदस्यों को बैठाया जाता है। आम कार्यकर्ता को सिर्फ हाथ उठाने के लिए बुलाये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या है। संताल परगना और झारखंड के दूसरे जिलों में डेमोग्राफी बदलती जा रही है। आदिवासियों की जनसंख्या लगातार गिरती जा रही है और मुसलमानों की बढ़ती जा रही है। अफसोस जनक बात है कि झामुमो ने आदिवासियों की घटती आबादी और घुसपैठ पर कोई चर्चा तक नहीं की। पूरे महाधिवेशन में घुसपैठ के मुद्दे पर पार्टी का एक शब्द भी नहीं कहना तुष्टिकरण की राजनीति को इंगित करता है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने अपने अधिकार पत्र में लंबे चौड़े और लुभावने वादे किये थे। इस अधिकार पत्र को किस तरीके से सरकार लागू करेगी, इस पर एक लाइन ना प्रस्ताव आया ना कोई चर्चा हुई। जबकि जनता ने झामुमो को दोबारा सरकार में आने का अवसर इसी घोषणा पत्र के आधार पर दिया था। उन्होंने कहा कि झामुमो का महाअधिवेशन पूरे तरीके से हेमंत सोरेन को महिमा मंडित करने पर न्योछावर रहा। सभी वक्ताओं ने झारखंड के विकास पर सार्थक चर्चा करने की जगह सिर्फ हेमंत सोरेन के तारीफ के पुल बांधा। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। ग्रामीण क्षेत्र में नक्सलियों की जगह संगठित आपराधिक गिरोह ले रहे हैं। शहर में प्रतिदिन हत्या हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का कोई ऐसा विभाग नहीं है, जहां भ्रष्टाचार नहीं है।

# झारखंड में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

सभी जिलों में कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में बुधवार को चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को पहले ही आदेश जारी कर दिया था। बता दें कि पहले जहां समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, इस बार भी उसी जगह पर कार्यक्रम का आयोजन होगा।

मालूम हो कि अब तक तीन बार समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पहला कार्यक्रम 10 सितंबर 2024, दूसरा 18 दिसंबर 2024 और तीसरा 22 जनवरी 2025 को हुआ था। वहीं बुधवार 16 अप्रैल को चौथी बार सभी जिलों में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के उद्देश्य

- नागरिकों की पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना और उक्त शिकायतों को रजिस्टर करना।
- शिकायतों पर पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को देना।
- यदि निर्धारित समय पर कार्रवाई ना हो पाये तो वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना।
- जिन शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो सकती, उसकी जानकारी भी शिकायतकर्ताओं को देना।
- पुलिस द्वारा बनायी जा रही सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों में दिखाना।
- नागरिकों की समस्याओं को समझकर पुलिस व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना।

एनसीओआरडी की 5वीं राज्यस्तरीय समिति की बैठक में दिये गये कई निर्देश

# ड्रग्स और मादक पदार्थों के उत्पादन, वितरण व उपभोग पर कड़ी नजर रखें : मुख्य सचिव

- लाइसेंसधारी दवा दुकानों की सूची गृह सचिव को उपलब्ध कराने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर सख्ती से निगरानी रखने का निर्देश उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को दिया है। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की 5वीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक में दिया। इस दौरान उन्होंने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने दवा दुकानों से नशीली दवाओं और सीरप की बिक्री पर चिंता जतायी और इस अवैध नेटवर्क की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लाइसेंसधारी दवा दुकानों की सूची गृह सचिव को उपलब्ध कराने को कहा, ताकि बिना लाइसेंस वाली दुकानों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

**छह गुना अधिक अफीम की फसल नष्ट की गयी :** सीएस को बताया गया कि 2024-25 में चलाए गये अभियानों के चलते पोस्ते (अफीम) की अवैध खेती के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हुई है। वर्ष 2023-24 में जहां 4,860 एकड़ में पोस्ते की फसल नष्ट की गई थी, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 27,015 एकड़ हो गया-जो पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना अधिक है।

**जब्त मादक पदार्थों के निपटान पर जोर :** जब्त मादक पदार्थों के समयबद्ध निपटान पर विशेष बल दिया गया। कुछ जिलों द्वारा निपटान में पिछड़ने पर संबंधित उपायुक्तों को प्राथमिकता के साथ निष्पादन का निर्देश दिया गया।

### प्रवर्तन एजेंसियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

नशे के अवैध व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सहयोग से पुलिस अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, रांची में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार संचालित है। वन विभाग के कर्मचारियों को भी इस प्रक्रिया से जोड़ा गया है।

### मादक पदार्थ जांच किट की शीघ्र खरीद के निर्देश

उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को मादक पदार्थों की त्वरित जांच के लिए डीडी किट, प्रीकर्सर किट, केटामाइन किट 15 दिनों के भीतर खरीदने का निर्देश दिया गया। ये किट प्राथमिक जांच में उपयोगी होती हैं और एफएसएल रिपोर्ट के विलंब की स्थिति में न्यायालय को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपने में सहायक सिद्ध होती हैं।

### मानस पोर्टल के जरिए सूचना दें और इनाम पायें

ड्रग्स के खिलाफ जन–सहभागिता बढ़ाने के लिए मानस पोर्टल जुलाई 2024 में लॉन्च किया गया है। आम नागरिक ड्रग्स के अवैध उत्पादन, वितरण या उपभोग से जुड़ी सूचना गोपनीय रूप से दे सकते हैं। सत्यापन के बाद यदि सूचना सही पाई जाती है तो सूचना देने वाले को इनाम भी दिया जाता है। देशभर से इस पोर्टल के माध्यम से 60,000 से अधिक सूचनाएं प्राप्त हुई हैं।

# आइएएस, आइपीएस चूक रहे तो सरयू राय जैसे नेता दिखा रहे राह

## एनडीए का प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मिलकर सरयू राय का लिखा पत्र सौंपा, दोपहिया वाहनों की जांच पर टीम एसएसपी चुकी तो नेताओं से मिला ज्ञान

### जांच के तरीके बदलने और रांची स्टाइल में काम करने की अपील की

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** कहने को तो आइएएस और आइपीएस देश के क्रीम टैलेंट माने जाते हैं, और इसी बिना पर सरकार उन्हें नियुक्त करती हैं कि वे प्रशासनिक कार्य पूरी मुस्तैदी, संवेदनशीलता से करेंगे। किन्तु जमशेदपुर के आइएएस और आइपीएस अधिकारियों की असंवेदनशीलता और शिथिलता इस उद्देश्य को झूठलाती प्रतीत हो रही हैं। जिले में अभी आइएएस के रुप में डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी अनिकेत सचान, एसडीओ श्रीमती शताब्दी मजुमदार तैनात हैं तो आइपीएस अफसर के रुप में सीनियर एसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष और ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग। इस कतार में एक एएसपी भी हैं। किन्तु इन देवतुल्य अधिकारियों को शहर में दुपहिया वाहन चेकिंग के नाम पर ट्राफिक पुलिस द्वारा हो रही मनमानी, असंवेदशील रवैये और अव्यवहारिक कदमों को लेकर मीडिया रिपोर्ट से लेकर समाजसेवियों के सुझाव पर कान देने की फूर्सत नहीं हैं। इन अधिकारियों की फौज ने इनोवेटिव आइडिया, पब्लिक कनेक्टिविटी, पब्लिक एडवाइस लेने की क्षमता को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता को मानों तिजोरी में बंद कर रखा है। इन आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करने की फूर्सत नहीं है कि जांच में बुर्जुगों, स्कूल पहुंचाने वाले बच्चों के अभिभावकों और अस्पताल जाने वाले लोगों से आत्मीयता और मानवीय तरीके से पेश आने की जरुरत है।

सो, अब विधायक सरयू राय जैसे जन प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों ने इन अधिकारियों को क्षमतावान बनाने के लिए अब सुझाव लेकर पहुंचने लगे हैं। वे यह भी बता रहे हैं कि कैसे रांची जिले के प्रशासन और पुलिसिया कदम को बेंच मार्क कर जमशेदपुर में भी प्रशासन और पुलिस को प्रभावी बनाया जा सकता है।

**विधायक ने लोगों को हो रही समस्याओं की सूची सौंपी, दिये टिप्स**

इसी क्रम में अब जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देश पर एनडीए का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के सीनियर एसपी किशोर कौशल से मिला और जमशेदपुर में दोपहिया वाहनों के अनियमित जांच से नागरिकों को हो रही दिक्कतों के आलोक में सरयू राय द्वारा एसएसपी को लिखा पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से कहा कि दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सब्जी बाजार, लोगों के स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए सुबह शाम टहलने का स्थल आदि में जांच अभियान चलाया जा रहा है जिससे लोग परेशान हो गए हैं। एक ही सड़क पर एक से अधिक जगहों पर वाहन जांच किए जाने और साथ ही स्कूल के छुट्टी होने पर दोपहिया वाहन से अभिभावक बच्चों को लेकर घर लाते हैं उन्हें काफी कठिनाई हो रही है। यह भी देखा गया कि जांच में लगे पुलिस के जवान छुप कर रहते हैं और अचानक वाहन के सामने आकर वाहन रोकते हैं जिससे दुर्घटना हो जाती है इसपर रोक लगनी चाहिए।

**जहां के लोग अक्रामक, वहीं दुपक जा रही है पुलिस**

प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी से कहा कि शहर के अनेक मोहल्लों में जांच में पक्षपात बरते जाने की खबरें भी चिंताजनक हैं। इससे यातायात पुलिस की निष्पक्षता पर संदेह होता है और तुष्टिकरण की बू आती है। प्रतिनिधिमंडल ने वरीय पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि पुलिस के इस रवैये से लोगों में यह संदेश जा रहा है कि पुलिस प्रशासन सिर्फ वसूली में लगी हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने बूढ़े/बुजुर्ग, छोट्टे बच्चों या आपातकालीन स्थिति में निकले लोगों को मानवीय आधार पर वाहन जांच में ढ़ील देने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से आग्रह किया कि जांच के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग किया जाय और नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान उनके पते पर भेजा जाए। साथ ही रांची शहर के तर्ज पर जमशेदपुर के विभिन्न स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से जांच किया जाय।

**एसएसपी ने दिया आश्वासन, रिजल्ट का रहेगा इंतजार**

एसएसपी किशोर कौशल ने एनडीए प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतपूर्वक सुना और उपर्युक्त सुझावों के आधार पर शीघ्र कारवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी स्थलों पर सीसीटीवी नहीं लगे हुए हैं जिसके कारण सीसीटीवी से जाँच करना संभव नहीं है परंतु अन्य बातों पर शीघ्र कारवाई होगी। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि यदि जाँच में अनियमितता दिखे तो सीधे उन्हें दूरभाष पर सूचित करें। प्रतिनिधिमंडल में धर्मेन्द्र प्रसाद, अनुज चौधरी, अंजन सरकार, भीम सिंह, ललन चैहान, अमरेन्द्र मल्लिक, राकेश सिंह, शेषनाथ पाठक, तारक मुखर्जी, द्वीपल विश्वास, रंजीत आईच, संजीव सिंह, अजीत सिंह आदि मौजुद थे।

## स्पीड न्यूज

### डॉ उमेश खां की धर्मपत्नी डा रंजू झा का निधन, अंत्येष्टि आज



जमशेदपुर। शहर के चर्चित चिकित्सक डा उमेश खां की धर्मपत्नी और वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रंजू झा का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही जमशेदपुर चिकित्सक समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार डा रंजू झा को आज दोपहर ढाई बजे अपने कार्य स्थल पर ऑपरेशन करते वक्त ब्रेन हेम्ब्रेज हुआ, और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए वेदांता रांची ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉ रंजू झा की अंत्येष्टि 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे स्वर्णरेखा श्मशान घाट पर की जायेगी। उनकी अंतिम यात्रा बाराद्वारी स्थित आवास से दिन के 11.30 बजे भुइयांडीह श्मशान घाट के लिए निकलेगी। डॉ रंजू झा अपने पीछे पति डा उमेश खां, बड़े पुत्र ऋषि आनंद एवं छोटे पुत्र डा रोहित आनंद समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। बड़े बेटे ऋषि आनंद टेक्नोक्रेट हैं, और मलेशिया में तैनात हैं जबकि छोटे पुत्र डा रोहित आनंद सर्जन हैं। बड़े बेटे तीन दिन पूर्व ही मलेशिया लौटे हैं, वे आज कल सुबह तक जमशेदपुर लौट आयेंगे। ऐसे में परिवार ने डा रीता झा की अंत्येष्टि 16 अप्रैल की अपरान्ह 12 बजे करने का निर्णय लिया है। आइएमए के डॉ सौरव चौधरी ने डा रीता झा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है, और कहा है कि पूरा परिवार शोक संतप्त डा उमेश खां और उनके परिवार के साथ खड़ा है।

### अर्पण का महा रक्तदान शिविर 22 जून को



जमशेदपुर। सामाजिक संस्था अर्पण परिवार द्वारा 22 जून को आयोजित होने वाले 10वें महा रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर साकची स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिविर की रूपरेखा, कार्य विभाजन और प्रबंधन से जुड़े अहम पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा, रक्तदान केवल एक मानवीय कार्य नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महान संकल्प है। यह हमारे समाजिक उत्तरदायित्व और सहयोग की भावना का जीवंत प्रतीक है। अर्पण परिवार का यह 10वां शिविर हमारी सेवा, समर्पण और निरंतर प्रयासों की पराकाष्ठा है जिसका उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद रक्त के अभाव में अपने जीवन की जंग न हारे। बैठक को संबोधित करते हुए जुगुन पांडेय ने सभी से इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने के लिए आज से ही जुट जाने और सफल बनाने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। बैठक को बलबीर मंडल, विभाष मजूमदार, प्रिंस सिंह, कमलेश पैठक, मनु ढोके, राम कुमार, सूरज शाह, रौनक शुक्ला, कार्तिक जुमानी, शेखर मुखी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस सिंह ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन सूरज चौबे द्वारा किया गया।

### बांग्ला नव वर्ष पर दलमा चौक में ओमप्रकाश ने पन शाला का किया उद्घाटन

चांडिल। बांग्ला नववर्ष के अवसर पर चांडिल के दलमा चौक शहरबेड़ा में दलमा बाबा बजरंग दल द्वारा आयोजित पान शाला का चांडिल के पूर्व जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक ने राहगीरों को पानी पिलाकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने दलमा चौक में बजरंगबली मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि कि कामना किया।

# टाटा स्टील : एक्सीडेंट में मृत ठेकाकर्मी के परिवार को मिला 5 लाख मुआवजा

मृत मजदूर की 60 वर्ष उम्र होने तक परिवार को मिलेगा 50 हजार प्रतिमाह विधायक प्रतिनिधि, ठेका कंपनी एवं पीड़ित परिजनों के मौजूदगी में हुआ समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो



समझौते वार्ता में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि गुंजन, ठेका कंपनी के अधिकारी और मृत मजदूर के परिजन।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के जमशेदपुर स्थित प्लांट में सोमवार की रात एक अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना घटी, जिसमें हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) विभाग में कार्यरत ठेका कर्मी विजय कुमार पाणिग्रही (उम्र 50 वर्ष) ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी। इस दुःखद घटना के बाद मंगलवार को पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू की पहल पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह उनके प्रतिनिधि गुंजन यादव ने कंपनी प्रबंधन और परिजनों के बीच मुआवजा संबंधी सहमति बनवाई। बिरसानगर स्थित आवास पर हुए इस समझौते में संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल देखने को मिली। समझौते के तहत ठेका कंपनी की ओर से प्राथमिक राहत स्वरूप 5 लाख रुपये की राशि स्व. विजय पाणिग्रही के खाते में तत्काल आरटीजीएस के माध्यम से स्थानांतरित की गई। इसके अतिरिक्त, पीएफ, ईएसआईसी और ग्रेच्युटी के रूप में जमा लगभग साढ़े दस लाख रुपये की शीघ्र निकासी पर सहमति बनी। इसके साथ ही, स्व विजय पाणिग्रही की सेवा आयु 60 वर्ष तक मानी जाएगी और इस अवधि तक उनके आश्रित परिवार को प्रतिमाह करीब 50 हजार रुपये की सहायता राशि ठेका कंपनी द्वारा भुगतान करने पर लिखित सहमति बनी, जिससे परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर गुंजन यादव ने कहा कि हम खोए हुए जीवन को वापस तो नहीं ला सकते, लेकिन शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन घड़ी में सहारा देने का प्रयास अवश्य कर सकते हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि विधायक पूर्णिमा साहू इस कठिन समय में परिजनों के साथ हैं और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग करने हेतु सक्रिय रहेंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, बिरसानागर मंडल के भाजपा अध्यक्ष बबलू गोप, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोलटू सरकार, श्रीराम प्रसाद, जगदीश पाणिग्रही, मनबोध दास, मृणाल बनर्जी, वापी परिदा, मिरिंडा नाग समेत स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## पूर्णता के साथ जीयें, डर के बावजूद आगे बढ़ने का नाम है साहस : डॉ (फादर) एस जॉर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सोमवार को भारत के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में से एक, एक्सएलआरआइ-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर में संस्थान के दो प्रमुख प्रोग्राम पीजीडीएम (जनरल मैनेजमेंट) और पीजीडीएम (एचआरएम) फॉर इमर्जिंग सीएचआरओज के नए शैक्षणिक सत्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक प्रार्थना सभा और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों की नई यात्रा के लिए मंगलकामनाएँ की गयी। इस अवसर पर कुल 150 विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया गया। पीजीडीएम (जीएम) बैच 2025-26 में कुल 120 विद्यार्थी (48 छात्राएँ एवं 72 छात्र) जबकि पीजीडीएम (एचआरएम) फॉर इमर्जिंग सीएचआरओज के चौथे बैच में कुल 30 विद्यार्थियों (12 छात्राएँ एवं 18 छात्र) को शामिल किया गया है। उद्घाटन सत्र के दौरान उक्त प्रोग्राम की जानकारी देते हुए डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो ने कहा कि दोनों प्रोग्राम 18 महीनों की अवधि के हैं और इनका उद्देश्य भविष्य के नैतिक, प्रभावशाली और सक्षम नेतृत्व को आकार देना है।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का रजिस्टर बी में नाम दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन (कार्यकारिणी) का नाम झारखंड सरकार के श्रम विभाग द्वारा संवैधानिक रूप से रजिस्टर बी में तीसरी बार दर्ज कर पूर्ण मान्यता प्रदान की गई। मंगलवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री श्री आरके सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले दिनों जो यूनियन चुनाव के बाद (कार्यकारिणी) टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में चुनकर आयीं है उसका नाम रजिस्टर बी में दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया था। फलस्वरूप आवेदन पर विचार करते हुए झारखंड सरकार के श्रम विभाग द्वारा रजिस्टर बी में तीसरी बार टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन (कार्यकारिणी) का नाम दर्ज कर लिया गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2017 में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अस्तित्व में आयी थी। उस समय से ही यूनियन निबंधन संविधान के अनुसार सभी कार्यक्रमों को नियमानुसार करती रही। जिसका प्रतिफल है कि आज टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन (कार्यकारिणी) का नाम सरकार के श्रम विभाग द्वारा रजिस्टर बी में दर्ज कर लिया गया। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अपने निबंधित संविधान के अनुसार तय समय पर कमेटी मीटिंग का आयोजन करती रही है। वर्ष में एक बार सभी आम सदस्यों के साथ आम सभा का आयोजन करती है।

वहीं 3 वर्ष के अंतराल में विधि पूर्वक निबंधन संविधान के अनुसार यूनियन के सदस्यों का चुनाव कराती है और पूरे पारदर्शिता के साथ चुनाव संचालन समिति व पर्यवेक्षक आदि के देख - रेख में कमेटी का गठन किया जाता है।

## इवॉल्व विद सिंह का विकास विद्यालय में कैरियर जागरूकता सेमिनार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** विकास विद्यालय, मानगो जमशेदपुर में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए इवॉल्व विद सिंह के संस्थापक आयुष सिंह द्वारा एक परिवर्तनकारी कैरियर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमिनार का उद्देश्य उभरते कैरियर पथों के बारे में जागरूकता पैदा करना, विद्यार्थियों को अपनी क्षमता तलाशने के लिए प्रेरित करना और उनकी शैक्षणिक यात्रा के आरंभ में ही सूचित निर्णय लेने को प्रोत्साहित करना था। आयुष अपने इनिशिएटिव ₹ इवॉल्व विद सिंह ₹ के माध्यम से शैक्षणिक शिक्षा और वास्तविक दुनिया की करियर आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वह स्कूल स्तर और कॉलेज स्तर दोनों के लिए सेवाएं प्रदान करते हैं। सेमिनार के दौरान, विद्यार्थियों को चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसी पारंपरिक धाराओं से परे कैरियर के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराया गया। सत्र में भविष्य की नौकरी के रुझानों, कैरियर के बारे में मिथक बनाम सत्य और प्रारंभिक मार्गदर्शन के महत्व पर संवादात्मक चर्चाएँ शामिल थीं। आयुष ने छात्रों और अभिभावकों दोनों को शामिल करने वाले 1:1 सत्रों की भूमिका पर जोर दिया, जो परिवारों को पेशेवर अंतर्दृष्टि के साथ करियर नियोजन में मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। सत्र में 120 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, विचारशील प्रश्न पूछे और जिज्ञासा और उत्साह के साथ करियर से संबंधित बातचीत में शामिल हुए।

## आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्स के विस्थापितों ने दिया एक दिवसीय धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** आदिवासी मूलवासी विस्थापित प्रभावित स्वावलंबी समिति के बैनर तले कांड्रा के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्स कंपनी के विस्थापितों द्वारा मंगलवार को गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि आधुनिक पावर प्लांट लगे करीब 15 वर्ष बीत गए, लेकिन प्रबंधन द्वारा आज तक उन्हें मुआवजा और नौकरी देने की सहमति पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि कंपनी की स्थापना से पूर्व जमींदारों से एक स्थाई नौकरी देने की बात कही गई थी। इसके अलावा सभी गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ -सफाई आदि की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी थी। लेकिन कंपनी प्रबंधन अब इन सभी वादों से मुकर गई है।

# नवाचार, स्टार्टअप और रिसर्च के क्षेत्र में आगे आयें छात्र : अनुराग अग्निहोत्री

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी का 'हैक-होराइजन 2025' आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



हैक होराइजन 2025 के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अरका जैन के रजिस्ट्रार अमित श्रीवास्तव, निदेशक अंगद तिवारी व अन्य अतिथि।



आयोजन में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय हैक-होराइजन 2025 छात्रों को नवाचार, स्टार्टअप व नये-नये शोध की प्रेरणा और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम के पहले दिन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि टाटा स्टील आईटी डिवीजन के चीफ इन वन अनुराग अग्निहोत्री ने छात्र-छात्राओं को नवाचार (इनोवेशन) और समस्या-समाधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने करने के प्रति प्रेरित किया। सम्मानित अतिथि एनएमएल की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ मीता तरफदार और एनआईटी जमशेदपुर के एसोसिएट प्रोफेसर व पूर्व सीएसई विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) संजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी खोज और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

**दो कंपनियों के साथ हुआ एमओयू**

कार्यक्रम के दौरान, अरका जैन यूनिवर्सिटी के साथ पॉल टेक सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्रा. लि. और आर्डेंट कंप्यूटर प्रा. लि. की ओर से एमओयू किया गया। इस दौरान पॉल टेक के के निदेशक अभिजीत पॉल और आर्डेंट कंप्यूटर के मानव संसाधन निदेशक इंद्रनील डे सरकार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करना और उद्योग व शिक्षा के बीच की खाई को पाटना है।

## एक नजर में

### गम्हरिया गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया खालसा सृजन दिवस एवं बैसाखी पर्व



**गम्हरिया।** गम्हरिया गुरुद्वारा में खालसा सृजन दिवस और बैशाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कई भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रात:काल में गुरुद्वारा में सहज पाठ का आयोजन किया गया। पाठ की समाप्ति के बाद स्त्री सत्संग सभा एवं बीबी तरनजीत कौर के द्वारा शब्द कीर्तन गायन किया गया। तत्पश्चात, परिसर में भव्य लंगर का आयोजन किया गया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके सफल आयोजन में गम्हरिया गुरुद्वारा के प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह, पतवंत सिंह, चंचल सिंह, सुकजीत सिंह, सिख नौजवान सभा के प्रधान हरिंदर पाल सिंह, देविंदर सिंह, स्त्री सत्संग सभा गम्हरिया की प्रधान बीबी अरविंदर कौर, चरणजीत कौर, पलविंदर कौर आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### महिला श्रमिकों की समस्याओं पर फोकस करेगी इंटक



**जमशेदपुर।** सोमवार बिस्टुपुर के एक होटल में महिला इंटक झारखंड के द्वारा शशि आचार्य महासचिव की अध्यक्षता में बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से महिला श्रमिक वर्ग कि महिलाओं की समस्या एवं अधिकार के बारे में बातें हुई की इसका निदान कैसे किया जाए। सभी सदस्यों के विचार आया कि सर्वप्रथम जागरूक करने और उनको संगठित कर यूनियन से जुड़ना तभी संभव है महिला इंटर यूनियन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए स्थानीय स्तर पर झारखंड महिला इंटक द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए ताकि कामगार महिला अधिकार को पा सके। और इंटक की यूनियन से जुड़कर अपने आप को संगठित कर सके अपने हक और अधिकार को पा सके। इसके लिए यूनियन को समय-समय पर ऐसी बातों पर चर्चा करते रहना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से सुजाता सिंह महासचिव, संध्या सिंह सचिव, अरविंदर कौर सदस्य, सरस्वती देवी, मंजू कुमारी, अंशिका, रोमी सरकार, माधुरी महतो उपस्थित थी।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में केरियर काउंसलिंग संपन्न



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 एवं 9 के छात्रों का करियर काउंसलिंग किया गया। करियर काउंसलर विकास कुमार एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह कोऑर्डिनेटर श्वेता गुहा राय अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। काउंसलिंग का मुख्य विषय रहा भविष्य में किन-किन क्षेत्रों में केरियर बनाने का अवसर, अकादमिक वर्ष में कैसे श्रेष्ठ प्रदर्शन करना, ओलम्पियड एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कैसे किया जाए इत्यादि। काउंसलर विकास सर ने छात्रों एवं अभिभावकों को सरल एवं सहज भाषा में समझाएं। विद्यालय का प्रयास हमेशा से यही रहा है कि बच्चे अभी से ही अपने कैरियर के बारे सचेत रहें ताकि आगे चल कर उन्हें कोई परेशानी न हो। प्रधानाचार्य ने अतिथि एवं अभिभावकों को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

### मायुमं सुरभि शाखा ने छात्राओं के बीच बांटी सैनिटरी पैड



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा मंगलवार को नारी चेतना के अंतर्गत सीतारामडेरा स्थित राजकीयकृत आदिवासी उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण वितरण किया गया और मशीन लगाया गया। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए जन सेवा के अंतर्गत साकची रामलीला मैदान में गाय के लिए पानी, चारा और हरी सब्जी की व्यवस्था की गयी। महिलाओं ने अपने हाथों से गाय को गुड़ के साथ हरी सब्जी भी खिलायी। दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, डॉक्टर रुचिता, बिंदिया नरेड़ी, खुशबू आदि का योगदान रहा।

### शास्त्रीनगर में याद किये गये ज्योति बा फूले और बाबा साहब अंबेडकर



जमशेदपुर। रविदास भवन शास्त्री नगर ब्लाक न4 कदमा में बुधवार को सरयू रविदास की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मां रघुवंश प्रसाद सिंह पुर्व अध्यक्ष अर्जक संघ थे। संचालन विश्राम राम संगठन सचिव ने किया। बाबासाहेब और राष्ट्रपिता ज्योतिबाफुले को नमन करतें हुए दोनो को पुष्पांजलि और आदरांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अवधेश कुमार, हरिबश, प्रकाश चन्द्र, विश्राम राम, कैलाश राम, विद्या राम, भगीरथ दास, रामजी, राजेन्द्र दास आदि उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्यामलाल द्वारा किया गया।

### रजक समाज ने बाबा साहेब को याद किया

**जमशेदपुर।** साकची गोल चक्कर में बाबा अंबेडकर की 134 जन्म जयंती के शुभ अवसर पर रजक समाज ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रजक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अजय रजक, डॉ अवतार सिंह, विनोद डे, अशोक चौधरी, शिव रजक, रामलाल रजक आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रैफिक प्रभारी ने की सघन वाहन जांच



**मेदिनीनगर।** सदिक चौक टॅपो स्टैंड के पास ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस तथा कुछ ट्रिपल लोड थे। इसके अलावा एक बाइक चालक शराब पीये हुए था। जिसका ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गयी। इस दौरान 16 बाइक जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। चालान फाइन राशि 16,252 कुल 22,402 रुपये आयी है।

### मंत्री से अभियंता के पदस्थापन की मांग



**पाटन पलामू।** जिला कांग्रेस मजदूर संघ के अध्यक्ष अनील सिंह ने पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री से मेदिनीनगर पेयजल स्वच्छता विभाग में कार्यपालक अभियंता की पदस्थापना कराने की मांग की है। श्री सिंह ने कहा है कि गर्मी के मौसम में कार्यपालक अभियंता का पद खाली रहने से लोगों का कोई काम नहीं हो पा रहा है। अभी से ही पानी की किल्लत होने लगी है। कार्यपालक अभियंता नहीं रहने से लोगों की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। कुछ दिन पहले पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को निलंबित कर दिया गया था लेकिन अभी तक किसी का पदस्थापन नहीं हुआ है।

### बाबा साहब सदैव प्रेरणा श्रोत : राकेश



**मेदिनीनगर।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 134वीं जयंती पर बाबा साहब अंबेडकर पार्क में आदमकद प्रतिमा के पास गोधूलि बेला में झारखंड जन क्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कैंडल जलाकर अंबेडकर को याद किया। साथ ही उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर छह पाउंड कैक काटकर बाबा साहब के जयंती पर खुशी खुशियां मनायी गयी। मौके पर श्री पासवान ने कहा कि आज बाबा साहब का देन है कि दलित आदिवासी बाहुल्य अल्पसंख्यक अधिकार के साथ समाज में आगे आये हैं। समाज के संविधान निमार्ता बाबा साहब समाज के अंतिम व्यक्ति तक हक और अधिकार दिलाने का काम संविधान के माध्यम से किया था। कहा कि अंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है और बाबा साहब के प्रति अपने बच्चों को बताएं और उन्हें जागृत करें। मौके पर झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता प्रियंका उर्फ परी पासवान बाबा साहब को नमन कर प्रतिमा के समक्ष केक काटकर वितरण की और सभी को बधाई दिया। मौके पर ललन वर्मा, महेश कुमार, उमेश कुमार, अश्वनी कुमार बर्मा, राहुल कुमार, धनंजय पासवान, रिंकी पासवान, उषा मखड़िया सलीम अंसारी सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रविदास महासभा ने मनायी अंबेडकर जयंती



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड रविदास महासभा पाटन इकाई ने अंबेडकर की 134वीं जयंती मनायी। साथ ही रविदास महासभा ने प्रखंड के हरेक क्षेत्र में स्थापित बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर फूल माला पहनाकर उनके आदर्श एवं जीवन कार्यों को याद किया। साथ ही अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में जुलूस भी निकाला गया। जुलूस प्रखंड के ग्राम कुंदरी बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माला अर्पण कर शुरू की गई। यह जुलूस नौडीहा, जयमारन पथरा, सग्गा, पाटन, सतौवा, खजुरी, घुरादोहर, कनौदी, इमली किशुनपुर सहित प्रखंड के कई क्षेत्रों से गुजरा और बाबा अंबेडकर अमर रहे जय भीम के नर से क्षेत्र गुंजाता रहा। जुलूस करर कला रविदास आश्रम पहुंची। जहां यह रैली सभा में तब्दील हो गयी। अध्यक्ष मधुकांत लाल रवि ने बताया कि आज के जीवन काल में बाबा साहेब अंबेडकर की आदर्श पर चलने की जरूरत है। अंबेडकर सभी जाति व वर्गों के हमेशा प्रेरणाश्रोत रहेंगे। मौके पर कृष्णकांत राम, ईश्वरी राम, रामकिशन राम लक्ष्मण राम,तपस्वी राम,बाबूलाल राम जयमंगल राम, राजकिशोर राम सत्येंद्र राम,देवनाथ राम, छोटू अंबेडकर, विनय राम, उमाशंकर मोसा, संजय राम, हरिशंग राम समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नेउरा में ज्ञानदीप स्कूल ने खोली पनशाला



**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर चैनपुर नेउरा स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल द्वारा पनशाला खोला गया। जिसका उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं विद्यालय की निदेशक गजल अहसन रूबी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय की तरह मान्यता प्राप्त बड़े विद्यालयों को भी पनशाला के साथ अन्य सेवा के क्षेत्र में भी आगे आकर आम जनमानस के हितों का ध्यान रखना चाहिए फिर भी नहीं तो पनशाला खोल इस तपिश में लोगों को राहत पहुंचाना चाहिए। मौके पर प्राचार्य पूनम राज, निदेशक गजाला अहसान रूबी, शिक्षक इम्तेयाज , सुशील कुमार, अखिलेश कुमार, मौसम कुमार, बाबर, रितेश, धीरज, अमित, अमन कुमार, महफूज, याना भारती, नेहा, दिव्या, प्रिया, रूपम, प्रियंका, रानी, अंकिता, अंजली, प्रिया कुमारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

### कांग्रेस का जिला स्तरीय संगठन सृजन 2025 के तहत मंथन कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** परिसदन भवन में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय संगठन सृजन 2025 के तहत मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह पलामू जिला प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू सिन्हा उपस्थित थे।

# वर्षों बाद आज से मोहन सिनेमा हॉल की बजेगी घंटी : आनंद शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वर्षों बाद 16 अप्रैल बुधवार से मोहन सिनेमा हॉल की एक बार फिर बजेगी घंटी। श्री शंकर ने बताया कि मुझे आज खुशी है जहां मेरे पिता ने मोहन सिनेमा हॉल का संचालन 1940 से प्रारंभ किया वहीं उनकी दूसरी पीढ़ी में और मेरे भाई ज्ञान शंकर द्वारा 1989 में एक बार फिर नये एवं अत्याधुनिक सिनेमा हॉल बनाकर शहर के सिनेमा प्रेमियों को समर्पित किया और अब हम सबों की तीसरी पीढ़ी द्वारा समय के बढ़ते रफ्तार एवं आधुनिकता के साथ बड़े शहरों की तर्ज पर दो मल्टीप्लेक्स स्क्रीन सिनेमा प्रेमियों को समर्पित की जा रही है।

चेंबर अध्यक्ष श्री आनंद ने बताया कि मोहन सिनेमा सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि उसकी पहली घंटी से कई छोटे-छोटे व्यवसाई चाय वाले, पान वाले बादाम वाले अपने व्यवसाय में जुड़ जाते और रात को अंतिम घंटी के बाद अपने-अपने घर लौट जाते थे। श्री शंकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कल जहां मेरे मल्टीप्लेक्स हेरिटेज स्क्वायर की पहली घंटी बजेगी वहीं कई मध्य एवं छोटे-छोटे व्यवसाईयों के ठेले खोमचे में भी भीड़ नजर आने लगेगी।



खुलवाने के पीछे प्रथम महापौर अरुणा शंकर का बहुत बड़ी चाहत थी क्योंकि वह हमेशा बोलती थी जब भी मैं कहीं जाती महिलाएं एवं युवा हमेशा मुझसे मल्टीप्लेक्स की मांग करते जो सपना आज पूरा हो गया। कल से हम शहर वासी भी कह पाएंगे कि अपने रिश्तेदारों को कहां पाएंगे कि आइये हमारे शहर में हमारे यहां भी अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स है। श्री शंकर ने बताया कि इस मल्टीप्लेक्स को

पलामू एक्सप्रेस का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर समय सारिणी में परिवर्तन

# पलामू की जनता का डालटनगंज से पटना का आवागमन सुगम होगा : बीडी राम

>> पलामू संसदीय क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का बरकाकाना से पटना वाया डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:05 में आगमन एवं 10:10 में होगी प्रस्थान। विदित है कि उक्त ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पूर्व में रात्रि 12:30 बजे आगमन एवं 12:35 में प्रस्थान होने से विशेषकर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को पटना के लिए आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सांसद ने उक्त मामले को लगातार मंडल संसदीय बैठकों एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का समय सारणी में परिवर्तन करने का अनुरोध किया था।



आज उक्त ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सांसद ने कहा कि उक्त ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने की मांग यहां की जनता के द्वारा लगातार की जा रही थी। अब पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को डालटनगंज से पटना का आवागमन सुगम होगी। इसके लिए सांसद ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

# कार और वीडियो कैमरा के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

>> पांकी पुलिस को छापेमारी में मिली सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

**पांकी पलामू।** पांकी पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी अभियान चलाकर कार और वीडियो कैमरा के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसकी जानकारी देते हुए पांकी अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो व पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि मनोज कुमार के आवेदन पर पांकी थाना में बीएनएस मामला दर्ज किया गया। आवेदन में कहा गया कि इनका कैनोन वीडियो कैमरा, निकोन फोटो कैमरा व आईफोन चार अपराधियों ने मारपीट कर लूट लिया है। कांड का उदभेदन करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। कांड अनुसंधान के क्रम में लूटा गया वीडियो कैमरा, फोटो कैमरा व आईफोन मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिया है। कांड में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार के साथ चार अभियुक्तों को पकड़ा गया है। जिनमें सुशील कुमार यादव पिता राजदेव यादव, चुनु कुमार यादव पिता गणेश यादव दोनों ग्राम गोइंदी, राहुल कुमार पिता मदन सिंह ग्राम विनायका प्लस उदयपुरा टू, राजन कुमार सिंह पिता रामनंदन सिंह ग्राम उदयपुरा टू सभी तरहसी थाना शामिल हैं। पांकी पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है। छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी के अलावे पुअनि संतोष गिरी, पुअनि ददन राम गोंड व पांकी थाना के रिजर्व गार्ड व क्यूआरटी के सशस्त्र बल शामिल थे।

झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वित मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# झारखंड में केरोसिन की बिक्री 40 रुपये प्रति लीटर करवायें : राकेश पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने झारखंड सरकार के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके आवास पर जाकर मुलाकात किया। उन्होंने झारखंड फेडरेशन एसकेओ की ओर से एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से वित्त मंत्री से कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय से 40 रुपये प्रति लीटर केरोसिन झारखंड में वितरण होलसेलर डिलर्स द्वारा किया जाए और इन्हें डीलर के माध्यम से प्रखंड पंचायत में लाभुकों को वितरण हो ताकि डिलर्स के माध्यम से आम नागरिक जंगल पहाड़ में रह रहे लाभुकों को 40 रुपये लीटर तेल उपलब्ध हो पाये। कहा कि झारखंड जंगली इलाका है और यहां जंगलों में जानवरों का खौफ ज्यादा होता है जिसमें दलित आदिवासी बाहुल्य अल्संख्यक जंगलों में निवास करते हैं और जानवरों का प्रकोप होने की वजह से इन्हें नुकसान ज्यादा होता है। केरोसिन आग लुकवारी बांधकर जानवरों को भगाने में भी काम आता है और खाना पकाने एवं गांव में लालटेन जलाने के



वित मंत्र से मिलते राकेश।

अभी जरूरत होती है। उन्होंने यह भी मांग किया कि केरोसिन में सब्सिडी अगर झारखंड राज्य सरकार टैक्स जीरो कर देती है तो भी रेट कम होगा। श्री राकेश ने वित मंत्री से कई बिंदुओं पर चर्चा किया। कहा कि हर डीलर को मात्र 12000 लीटर प्रत्येक माह की तेल उपलब्ध केंद्र सरकार से कराया जा रहा है जो गलत है। कोटा को बढ़ाकर कम से कम 12 गाड़ी बढ़ा कर होलसेल डीलर को उपलब्ध कराये ताकि एजेंसी में पल रहे परिवारों का रोजी रोटी चल सके। प्रतिनिधिमंडल में शामिल चंदन कुमार, राजेश कुमार, ललन वर्मा, नागेंद्र पासवान, सलीम अंसारी, सत्येंद्र पासवान समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भूमि पूजन व भूमि सुपोषण कार्यक्रम किया आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड सतबरवा के खामडीह गांव में भूमि पूजन एवं भूमि सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड प्रांत के विकास संयोजक बौद्धिक महेंद्र ग्राम ने कहा कि किसान रासायनिक खाद एवं रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग खेतों में कम से कम प्रयोग में लाये, जिससे हमारी भूमि बंजर न हो और हमारे शरीर पर रसायनिक प्रभाव न पड़े और हम स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में कृष्ण किशोर तिवारी विभाग ग्राम विकास संयोजक, धर्मेंद्र जी सह जिला ग्राम विकास संयोजक, त्रिपुरारी जी जिला सेवा प्रमुख, अरुण प्रसाद, नीरज साव खंड कार्यवाह, बिहारी प्रसाद, अवधेश सिंह चेरो, उदयनाथ, मनोज एवं ग्राम खामडीह के दर्जनों किसान एवं बच्चे शामिल थे।

## आशी केयर अस्पताल में आज से आयुष्मान योजना के तहत कोई भी भर्ती स्वीकार नहीं होगी : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आशी केयर अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि दावा किये गये मामलों के भुगतान में पहले से ही अधिक विलंब हो चुका है और भुगतान के लिए कार्रवाई के बावजूद इसे अनिश्चित काल के लिए रोक कर रखा गया है, भले ही हमने सभी प्रक्रियाओं, दिशा-निर्देशों और औपचारिकताओं का पालन किया हो। उन्होंने कहा कि अब दिये गये हालात में अस्पताल चलाना बेहद मुश्किल है और अब हम सरकार की एमएमजेवाई योजना के तहत आयुष्मान लाभार्थियों का इलाज बंद करने के लिए बाध्य हैं। इस संदर्भ में कहा कि घोषणा करने के लिए बाध्य हैं कि 16 अप्रैल से आयुष्मान योजना के तहत कोई भी भर्ती स्वीकार नहीं करेंगे, जब तक कि हमें दावा किए गए मामलों की प्रतिपूर्ति नहीं मिल जाती।



मनीष तिवारी, निदेशक।

### कस्तूरबा में 11वीं में नामांकन के लिए आवेदन करें

**चैनपुर पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय+2 कोल्हुआ में वैसे छात्राएं जो माध्यमिक (10वीं) परीक्षा में 2025 में सम्मिलित हुए हैं वैसे छात्राएं औपबंधिक रूप से आवेदन कर सकते है। आवेदन सिर्फ 75 सीटों के लिए स्वीकृत होगी। आफलाइन आवेदन 24 अप्रैल तक कर सकते हैं। वहीं ऑनलाइन आवेदन 26 अप्रैल तक कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा छह मई को 10 से 12 बजे तक चलेगी। वहीं आनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट लिंक evv portal पर https//evidyavahini soevahini jharkhand gov. in पर आवेदन कर सकते हैं।

### अंबेडकर ने समाज की कुरीतियों को मिटाया : संग्राम



**पाटन पलामू।** पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह ने बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कहा कि डॉ अंबेडकर संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रणेता थे। उनके आदर्शों व बताये मार्गों पर चलकर ही देश का संपूर्ण विकास होगा। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों व भेदभाव को मिटाया था। उनका कहना था कि समाज से भेदभाव व गरीबी शिक्षा से ही मिटेगा। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अंबेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का अवसर है। समाज को उनके द्वारा संविधान में लिखे गये बातों पर ध्यान देना चाहिए। कहा कि बाबा साहेब संविधान का निर्माण नहीं करते तो उंच नीच की खाई दूर नहीं होता व गरीबों को न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि अंबेडकर का ही देन है कि गरीब को अपना हक मिला है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलना चाहिए: निशांत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर/ नीलांबर पीतांबरपुर।** अंबेडकर व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं। हमें उनके बताये मार्गों पर चलना चाहिए। उक्त बातें लेस्लीगंज जगतपुरवा स्थिति हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल के वाइस प्रिंसिपल निशांत शुक्ला ने कही। वे सोमवार को स्कूल के प्रांगण आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोल रहे थे। अंबेडकर के योगदान और उनके विचारों के महत्व को दर्शाता है। अंबेडकर ने अपने जीवन में सामाजिक न्याय, समानता, और मानव अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी विचारधारा आज भी लोगों को प्रेरणा देती है और यह बताती है कि अंबेडकर एक व्यक्ति से कहीं अधिक हैं। शिक्षिका रेणु शर्मा ने कहा कि अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

हुसैनाबाद में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन

## संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं पर की गयी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के भाजपा कार्यालय में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन हुआ। इसमें हुसैनाबाद विधानसभा के सभी मंडलों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भूमिका और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी पलामू के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री दुबे ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां सभी वर्गों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कागज के बजाए धरातल पर उतरकर जनहित के कार्य करने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा भाजपा संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर बूथ कार्यकर्ताओं के मददगार बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता व संचालन महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया। मौके पर रामप्रवेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, सोमेश सिंह, नरेंद्र सिंह, श्रवण अग्रवाल, प्रदीप सिंह, विजय कुशवाहा थे।



### ओंमकारनाथ ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण



**पांकी पलामू।** उपहास और अपमान से घबराना नहीं चाहिए। अपने कर्म पथ पर बने रहना चाहिए। बाबा साहब के विचार से यह सिख मिलती है उक्त बातें जेएलकेएम के पूर्व प्रत्याशी ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे पांकी विधान सभा में आयोजित बाबा साहब के जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री जायसवाल ने पांकी अंबेकर चौक, बेदानी चौक, ग्राम गणेशपुर में आयोजित बाबा साहब के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उन्होंने कहा कि हमलोग जिस परिवार से चल कर राजनीत करना चुनाव लड़ना कुछ लोगों को रास नहीं आता है लेकिन समाज सेवा करना मेरा मुख्य उद्देश्य है। कहा कि जबतक सांस रहेगा तब तक समाज सेवा करते रहेंगे। बाबा साहब को भी बहुत अपमान सहना पड़ा था। श्री जायसवाल को कमिटी के लोगों ने स्वागत किया और उन्होंने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर नंदकिशोर यादव, विनोद गुप्ता, गौतम गुप्ता, रोहित राम, संजय राम, सूरज राम आदि भी थे।

# झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा पलामू ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

## चौकीदार दफादारों की मांगें सरकार मानें : कृष्ण दयाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड में चौकीदारी व्यवस्था बचाने समेत छह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा पलामू जिला कमेटी द्वारा समाहरणालय परिसर के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरना स्थल पर सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष सुरेश राम ने की और संचालन पलामू जिला कोषाध्यक्ष जयराम पासवान ने किया। धरना प्रदर्शन के बाद छह सूत्री मांग पत्र पलामू उपायुक्त को सौंपा गया। जिन मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया उनमें सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने, 01 जनवरी, 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत चौकीदार और दफादारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने, सेवा विमुक्त और एवजी चौकीदारों को न्याय दिलाने हेतु तत्काल अध्यादेश जारी करना या झारखंड ग्राम चौकीदार (संशोधन) विधेयक_ 2025 पारित कराने समेत कई मांगे शामिल है। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि चौकीदार दफादारों की मांगे जायज है सरकार को मान लेनी चाहिए। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हुए कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 01 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत चौकीदार दफादार घटवार दिगवार सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 (4) की भावना के आलोक में तत्काल अध्यादेश जारी किया जाए या झारखंड ग्राम चौकीदार (संशोधन) विधेयक_ 2025 पारित किया जाए।



धरना-प्रदर्शन में शामिल दफादार-चौकीदार व अन्य।

बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें खिलाड़ी

# एसएसएमएस डिग्री महाविद्यालय में कैरम प्रतियोगिता का फाइनल आज

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते लोग।

**तरहसी पलामू।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू स्तरीय कैरम प्रतियोगिता के दो दिवसीय मैच तरहसी के सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय में खेला जा रहा है। 15 एवं 16 अप्रैल दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा। इस प्रतियोगिता में नीलांबर पीतांबर विवि पलामू जिला अंतर्गत 17 कॉलेज के टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज के सेमिनार कक्षा में किया गया। उद्घाटन सत्र के प्रथम दिन सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज के चार टीम ने भाग लिया और खेल को निर्णायक स्तर पर पहुंचाया। मंगलवार को इनका मुकाबला विश्वविद्यालय के अन्य टीमों के साथ तय कार्यक्रम के अनुसार होगा। मौके पर अतिथि भारत सरकार के राष्ट्रीय संयोजक संयुक्त सचिव किसान मोर्चा डॉक्टर के राजकुमार ने अपने संबोधन में खेल को बढ़ावा देते हुए जल, जंगल, जमीन, खेल ,खून, खानदान और चिकित्सा क्षेत्र को मजबूत और स्वच्छ बनाने पर जोर दिया। प्रभारी प्राचार्य प्रभाकर ओझा ने कहा कि खेल में करियर भी है खेल से आप ऊंचे ओहदे भी प्राप्त कर सकते हैं। खेल से खुद को और देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने कन्या के घर पहुंचाया शादी का सामान

खबर मन्त्र संवाददाता




**गढ़वा।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड के अमहर खास स्थित अमहर टाड़ी में एक जरूरतमंद कन्या के घर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने शादी से जुड़ा संपूर्ण सामान पहुंचाया। इस दौरान सोसाइटी की ओर से गोदरेज, फोल्डिंग बेड, तोषक, रजाई, दो तकिए, बेडशीट, मच्छरदानी, गैस चूल्हा, सिलेंडर, 50 पीस का स्टील बर्तन सेट, 5 पीस डब्बू सेट, 3 लीटर कुकर, शरबत सेट, वर-वधू के वस्त्र, श्रृंगार बॉक्स और अन्य आवश्यक सामग्री दी गई। मौके पर सोसाइटी के मुख्य पदाधिकारी विभूति पांडेय ने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बन रही है। जिन माता-पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है और वे अपनी बेटी की शादी करने में असमर्थ होते हैं, ऐसे परिवारों तक संस्था खुद पहुंचकर जानकारी लेती है और विवाह में हरसंभव सहायता करती है। उन्होंने बताया कि संस्था के सचिव विकास माली पिछले 14 वर्षों से इस संस्था को लगातार सेवा और समर्पण भाव से संचालित कर रहे हैं। उनका उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इस अवसर पर संस्था के अन्य अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण महिला-पुरुष भी मौजूद थे।

## युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**चान्हो।** थाना अंतर्गत गुटुवा गांव में मंगलवार सुबह तीस वर्षीय रिझु उरांव नामक युवक ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिझु मंगलवार की सुबह घर में अकेला था, उसकी पत्नी व बच्चे खेत की तरफ गये थे। वापस लौटने पर उसकी पत्नी व बच्चों ने घर का मुख्य दरवाजा बंद देख उसे कई बार आवाज लगाई पर अंदर से उन लोगों को कोई जवाब नहीं मिला। थोड़ी देर बाद रिझु की पत्नी ने इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। पड़ोसी छप्पर खोलकर अंदर घुसे तो देखा कि गले में रस्सी का फंदा लगा रिझु का शव मकान की लकड़ी से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# पीएलवी ने महिलाओं को खेती संबंधित दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते पीएलवी राजेश कुमार चौधरी।

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेती की जमीन को कृषि भूमि स्थायी चारागाहों, फसलों और कृषि कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। जिसका आप प्रयोग कर आसानी से घर बैठे कमाने का जरिया बना सकते हैं।

वहीं चारागाह भूमि पर पशुधन पालन कर के घर का आजीविका शुरू कर सकते हैं। साथ ही फसल उत्पादन कर खेती से जमीन का मुख्य उपयोग फसलों का उत्पादन कर सकते हैं। जो आपके के लिए और परिवार को भोजन प्रदान कर सकता हैं। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण इलाकों में पशुपालन खेती की जमीन का उपयोग पशुधन में हो रहा हैं।

मगर महिलाओं के विकास पर ग्रामीण इलाकों में कोई भी पारिवारिक योजना नहीं पहुंच पा रही हैं। इस लिए प्रत्येक महिला को संगठित होकर कार्य करने से समाज में जनजागृत अभियान के तहत विकास की नई राह चुन सकते हैं। यह कार्य आज से ही पूरा किया जा सकता हैं।

जैसे कि गाय, भैंस, भेड़ और बकरी, पालने के लिए भी किया जाता है व अन्य कृषि गतिविधियाँ कर महिलाओं को व्यवसाय योजना से संबंधित सरकारी सहायता सरकार प्रदान कर रही हैं। इसलिए सभी को योजना से जुड़ कर लाभ लेना चाहिए। खेती की जमीन पर अन्य कृषि गतिविधियां भी की जाती हैं, जैसे कि फल और सब्जी उगाना। जिसका आप योजना वध कार्य कर सकते हैं। इसके साथ ही साथ ही जिनका राशन कार्ड है वे लोग अपना-अपना आयुष्मान कार्ड बनाए ताकि बीमारी की अवस्था में जांच करा सकते हैं। शिविर में उपस्थित महिला पुरुषों को मनरेगा जॉब एवं काम मांग, बेरोजगारी भत्ता, बाल मजदूरी, बाल विवाह, डायन बिसाही, कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन तथा सरकार द्वारा चलने वाली सभी लोग कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

# गढ़वा डीसी ने सुनी लोगों की समस्यायें

### जमुआर ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया

खबर मन्त्र संवाददाता


जनता की समस्या सुनते डीसी शेखर जमुआर।

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आए फरियादियों की समस्याएं एक-एक कर सुनी एवं उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से डीसी ने समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। सर्वप्रथम रमना प्रखंड के ग्राम मरवनियां से आये हरी भूंइया तथा हरिहर भुईयां ने अपने आवेदन के जरिए बताया कि उनकी जमीन को एनएच-75 के निर्माण के लिए अधिग्रहित कर लिया गया परन्तु अभी तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है अतः उन्होंने उपायुक्त से अधिग्रहित जमीन का पैसा भुगतान कराने हेतु अनुरोध किया। वहीं रमना प्रखंड के ग्राम मरवनियां से ही आये वृद्ध महिला, पुरुषो ने अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनलोगों का वृद्धा पेंशन पिछले 15 महीने से बिना किसी सूचना के का पेंशन बंद कर दिया गया। जिससे हम सभी को अपना जीवन यापन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा है। इसकी सूचना हमलोगों ने बीडीओ को आवेदन के माध्यम से दिया हूँ किन्तु अभी तक कोई जवाब नहीं मिल पाया है। ग्राम मरवनियां से आये सभी वृद्धजनों ने अपने आवेदन के माध्यम से उनके बंद परे पेंशन को पुनः चालू कराने के लिए डीसी से अनुरोध किया। ग्राम पनघटवा से आये पारस यादव ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त से धान का पैसा दिलाने के लिए अनुरोध किया। जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुए। आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए डीसी जमुआर ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

## पर्यटन स्थल तिरु फॉल का जल्द कायाकल्प होगा

**बुढ़मू।** प्रखंड और रांची जिले के मनमोहक पर्यटन स्थल तिरु फॉल का जल्द ही कायाकल्प के साथ भाग्योदय होगा। विधायक सुरेश कुमार बैठा के पहल पर पर्यटन विभाग द्वारा इसकी कार्ययोजना तैयार की गयी है जिसके तहत चार करोड़ की लागत से फॉल का सुंदरीकरण किया जाना है ताकि प्रकृति की गोद में अवस्थित इस रमणीक स्थल के प्रति सैलानियों का आकर्षण बढ़े साथ ही उन्हें यहां किसी प्रकार की असुविधा न हो। क्या क्या होंगे विकास कार्य में- फॉल के सुंदरीकरण और विकास में सालों भर बहने वाले झरने में बांध निर्माण, सीढ़ियों का चौड़ीकरण, फॉल के आसपास गार्डन निर्माण, पहुंच पथ, कार पार्किंग, स्विमिंग पुल, जल कुंड, स्टील रेलिंग आदि लगाये जायेंगे।

# हुसैनाबाद में डॉ अम्बेडकर की मूर्ति चोरी, आक्रोशित लोगों ने जपला छतरपुर मुख्य सड़क किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के ग्राम खरारपर पर स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप 14 अप्रैल को स्थापित की गई, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को रात्रि में असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया हैं। जिससे सुबह होते ही यह बात आग की तरह फैल गयी और हजरों की संख्या में बीआर अम्बेडकर के अनुयायी व कई राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता ने इस कृतज्ञता की निंदा करते हुए विरोध करने लगे, देखते ही देखते आक्रोशित लोगों ने जपला छतरपुर मुख्य सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ बड़ी एवं छोटी गाड़ियों की लम्बी कतार लग गयी। अम्बेडकर चेतना मंच समेत कई राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता धरना पर बैठ गए। इधर इस मामले के गंभीरता को देखते हुए सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा व अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पंहुचे व आक्रोशित लोगों को मनाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। आक्रोशित लोगों का कहना था कि जिस जमीन पर बाबा साहेब का मूर्ति स्थापित करना है वह सरकारी जमीन हैं लेकिन अंचल कार्यालय से जमीन में कागज का हेर फेर कर हाल सर्वे में उक्त जमीन को अवैध दखल कब्जा दिखा रहा हैं। हमलोगो ने इस जमीन पर पूर्व से कार्यक्रम करते आ रहे हैं, प्रतिमा स्थापना से पूर्व लिखित सूचना हमलोगो ने अंचलाधीकारी व थाना प्रभारी को दी हैं, वहीं 14 अप्रैल को प्रशासन के सामने कुछ गांव के कतिपय लोगो ने उस जमीन पर दावा करते हुए प्रतिमा स्थापित नही कराने देने की धमकी दी थी। जो भारतीय संविधान की अपमान हैं।

## स्पीड न्यूज

### ट्रेक्टर की बैटरी चोरी करने को लेकर दिया आवेदन

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी पड़वा चट्टान निवासी राकेश यादव ने भवनाथपुर थाना में अज्ञात चोरो द्वारा ट्रेक्टर के बैटरी चोरी करने को लेकर आवेदन दिया है। दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि मेरे घर के दरवाजे पर महेंद्रा ट्रेक्टर गाड़ी रहती है। वहां पर 12-13 वर्षों से पूरे परिवार के साथ में रहते हैं। 14 अप्रैल की शाम गेहूं के बोझा ला कर गाड़ी खड़ा किया था और बैटरी के बक्सा में ताला लगा हुआ था। सुबह उठने के बाद देखा कि बैट्री का बक्सा खुला हुआ है और बैटरी नहीं है। अगल-बगल के लोगों से काफी खोज-बीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया अज्ञात चारों द्वारा मेरी बैटरी चोरी कर ली गई है।

### डकरा उत्खनन पदाधिकारी का सी एल स्थानांतरणन पर कर्मचारियों ने दिया विदाई

**खलारी।** डकरा परियोजना के उत्खनन विभाग से ई सी एल स्थानांतरण हुए उत्खनन परियोजना पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह को शिष्टाचार विदाई दी गयी। इस दौरान उत्खनन पदाधिकारी को डकरा कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर विदाई दी गयी। साथ ही उनके सुखमय जीवन की मंगल कामना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्य अनुभव अच्छे स्वभाव को सराहना किया। मौके पर कोलियरी मैनेजर अशोक कुमार, तनवीर अलम, प्रीतीश दस, कमल गोगवानी, तमसिल अहमद, मुमताज अहमद, हीरादास मानिकपुरी, हलीम खान, सुरेंद्र प्रसाद, मनीरूद्दीन शेख, संजय सिंहा, पुनि राम सतनामी, देवकीनंदन सिंह, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी महिला कामगार उपस्थित थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वां अधिवेशन में शिबू सोरेन को संस्थापक व संरक्षक बनने पर दीं बधाई

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वां अधिवेशन में जेएमएम का जन्मदाता ढिशूम गुरु माननीय शिबू सोरेन को मोर्चा के संस्थापक एवं संरक्षक बनाया गया। वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया। 13वें अधिवेशन में सर्वसम्मति से संरक्षक व केंद्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर खलारी प्रखंड पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बधाई दिया। बधाई देने वालों में रांची जिला पूर्व उपाध्यक्ष नंदू मेहता, खलारी प्रखंड के संयोजक मंडली के प्रमुख अनिल कुमार पासवान, संयोजक राजेश गोप, मुकेश यादव, चितरंजन सिंह, महेंद्र चौहान, शंभू दास, अरुण यादव, सुनील यादव, नंदकिशोर सिंह चंदेल, छोटू राम, शिवानी यादव चंदा देवी ,मनीता देवी ,राजकुमार गंझु, अजीत चौहान, कलाम रिजवी, हैदर अली खान, इस्लाम अंसारी, कमलेश प्रसाद, जैनुल खान, गौरव सिंह, कामता देवी, कलमतिया भोक्ता, बिलासो देवी, राजेश प्रसाद, प्रवीण चौहान, सुधिर चौहान, मुबारक अंसारी, साहिद अंसारी, दिनेश्वर सिंह यादव, अजय पासवान, कुणाल गंझु, माया देवी सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### स्व डॉ नन्दकिशोर मेहता की चतुर्थ पुण्यतिथि सादगी से मनाई गयी

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल तथा संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पूरियो बेड़ों रांची के प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय के संस्थापक स्मृति शेष स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता की चतुर्थ पुण्यतिथि सादगीपूर्ण तरीके से मनाई गई। सर्वप्रथम स्व नन्दकिशोर मेहता की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय पत्रिका कृतिका का अतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया। विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज के द्वारा स्वर्गीय नन्दकिशोर मेहता की स्मृति शेष प्रस्तुत की गई। उन्होंने स्व नन्दकिशोर मेहता के द्वारा शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में देखे गए सपनों को साकार करने का प्रण लिया। सभा को, तपेश्वर केशरी, केदार महतो अवधेश भगत तथा प्रेमसागर महतो ने संबोधित किया। इस अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के जाने-माने चिकित्सा विशेषज्ञों डॉ अजय कुमार राज, डॉ विवेकानन्द राज, डॉ गुलजार अली, डॉ रुपक कुमार, डॉ निधि झा, डॉ जावेद अली, डॉ राजेश कुमार, डॉ अविनाश कुमार आदि द्वारा सभी प्रकार की बीमारियों का नि:शुल्क ईलाज और दवाईयों का भी वितरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में तपेश्वर केशरी, प्रेमसागर महतो, केदार महतो, अमरनाथ महतो, चम्पा उरांव, जीवन केशरी, दिनेश महतो, अवधेश भगत, अजय, दीपक केशरी, उत्तम केशरी, गीता देवी, जसमंती देवी, सुनीता सिंह, रोशनी कुमारी, डॉ पंकज राज, डॉ अजय राज, संदीप राज, डॉ विवेकानन्द राज आदि उपस्थित हुए।



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

72वीं औपबंधिक सूची
जिला–गुमला (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महेन्द्र उरांव एवं सीताराम उरांव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–01/25 2. आवेदक–अवधेश कुमार हाँसदा (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 बलराम मांझी (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–बगरु, पोस्ट–पालकोट, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–36 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–02/25 2. आवेदक–मारग्रेट समद, पति–सुरजेन पौल समद 3. ग्राम–बघिमा, पोस्ट–बघिमा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–03/25 2. आवेदक–विक्रांत किसान (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 जयकुंवर किसान (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–पियरटोली, पोस्ट–लोटवा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–24 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–04/25 2. आवेदक–केश्वर सिंह (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 श्यामसुन्दर सिंह (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–पियरटोली, पोस्ट–लोटवा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–05/25 2. आवेदक–रमेश नगेसिया, पिता–इन्द्र नगेसिया 3. ग्राम–कैम्बा बन्दीडीह, पोस्ट–टैंगरडीह, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–06/25 2. आवेदक–बेनेदिक बिलुंग, पिता–स्व0 मतियस बिलुंग 3. ग्राम–कोलेंग, पोस्ट–कोलेंग, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बाबुलाल सिंह एवं मनोज वर्मा, जितवाहन साहु, बैरागी उरांव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–08/25 2. आवेदक–दामोदर लाल, पिता–स्व0 जगदीश लाल 3. ग्राम–नगर, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई 4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–193/25 2. आवेदक–केदारनाथ पाठक, पिता–स्व0 धनेश्वर पाठक 3. ग्राम–बरगांव, पोस्ट–बरगांव, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई 4. लिंग–पुरुष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–194/25 2. आवेदक–जैतून टोप्पो, पिता–स्व0 सुलेमान टोप्पो 3. ग्राम–मझुगा, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई 4. लिंग–पुरुष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी कृष्णा गोप के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–09/25 2. आवेदक–रबिनाथ गोप, पिता–स्व0 जवाहर गोप 3. ग्राम–बनई बरटोली, पोस्ट–बनई, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया 4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–195/25 2. आवेदक–निर्मला देवी, पति–स्व0 आनन्द तांतवा 3. ग्राम–बनई बरटोली, पोस्ट–बनई, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया 4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–196/25 2. आवेदक–दसु उरांव, पिता–स्व0 सहनी उरांव 3. ग्राम–तुरकुं, पोस्ट–कुम्हारी, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया 4. लिंग–पुरुष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अजीत कु0 विश्वकर्मा एवं बसन्त गोप के द्वारा आयोग के माननीय अध्यक्ष के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. नाम–विजय तिग्गा, पिता–स्व0 जुलियस तिग्गा 3. ग्राम–पुगुबेहरा टोली, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. नाम–एतवा उरांव, पिता–स्व0 सोहराई उरांव 3. ग्राम–मददगाड़ी, पोस्ट–असनी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. नाम–सुधापित तिग्गा, पिता–स्व0 जुलियस तिग्गा 3. ग्राम–पुगुबेहरा टोली, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. नाम–हितेश्वर भगत, पिता–महादेव भगत 3. ग्राम–फोरीकोचा टोली, पोस्ट–फोरी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. नाम–श्यामलाल साहु, पिता–बलबद्र साहु 3. ग्राम–पतराटोली, पोस्ट–नवाडीह, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह 4. लिंग–पुरुष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–15/25 2. नाम–जयमंगल उरांव, पिता–स्व0 घुटिया उरांव 3. ग्राम–मोकरोजपबलटोली, पोस्ट–नवाडीह, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. नाम–अलोइस मिंज, पिता–स्व0 निकोलस मिंज 3. ग्राम–बड़ा जिलिंगा, पोस्ट–सकरपुर, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. नाम–मोहन राम, पिता–स्व0 भुटका राम 3. ग्राम–लक्ष्मणनगर फसिया, पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–18/25 2. नाम–रोपना खलखो, पिता–लोहरा खलखो 3. ग्राम–सकरपुर, पोस्ट–सकरपुर गम्हरिया, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–19/25 2. नाम–झरिया लोहरा, पिता–स्व0 मन्दन लोहरा 3. ग्राम–पृथ्वा भण्डार टोली, पोस्ट–डुमरडीह, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के बाहें में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–20/25 2. नाम–बिनय विश्वकर्मा, पिता–स्व0 विजय विश्वकर्मा 3. ग्राम–सरनाटोली, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–21/25 2. नाम–नान्हू खड़िया, पिता–स्व0 डुला खड़िया 3. ग्राम–डिकिरना, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–22/25 2. नाम–बासिल बारला, पिता–स्व0 मोरहा उरांव 3. ग्राम–फसियाडुमरटोली, पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कान के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–23/25 2. नाम–बिरिंग मिंज, पिता–स्व0 डेविड मिंज 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के अंगूठा में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–24/25 2. नाम–अजीत कुमार इन्दवार, पिता–स्व0 रिमिस इन्दवार 3. ग्राम–कूलूकेरा फुटकल टोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें केहुनी में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–25/25 2. नाम–सुमन कुमार केरकेट्टा, पिता–अल्फोंस केरकेट्टा 3. ग्राम–फुटकल टोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–26/25 2. नाम–शिव कुमार गुप्ता, पिता–स्व0 पारस नाथ साहु 3. ग्राम–सिसई रोड गुमला, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। । | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–27/25 2. नाम–राधेश्यामपाल सिंह, पिता–स्व0 मणीनन्दपाल सिंह 3. ग्राम–गिन्हरा, पोस्ट–कैसीपारा, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–28/25 2. नाम–सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, पिता–स्व0 रामजी गुप्ता 3. ग्राम–दुन्दुरिया, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–29/25 2. नाम–तिन्तुस इन्दवार, पिता–स्व0 रिमिस इन्दवार 3. ग्राम–कूलूकेरा फुटकल टोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–30/25 2. नाम–झारी लोहरा, पिता–स्व0 बालकु 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–31/25 2. नाम–अशोक कुमार राम, पिता–धनुसधारी राम 3. ग्राम–कूलूकेरा फुटकल टोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–36 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–32/25 2. नाम–संजय साहु, पिता–रमन साहु 3. ग्राम–उमड़ा केराटोली, पोस्ट–बघिमा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें केहुनी में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–33/25 2. नाम–रमेश राम, पिता–स्व0 सन्तोखी राम 3. ग्राम–अम्बेडकर नगर गुमला, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायेंक कन्धा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–34/24 2. नाम–जहाँआरा, पति–मो0 जलील अली 3. ग्राम–आजाद बस्ती गुमला, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–35/25 2. नाम–गोपाल कुमार बर्मा, पिता–स्व0 रूप बर्मा 3. ग्राम–कूलूकेरा फुटकल टोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में मासा तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–36/25 2. नाम–अमृता लोहराईन, पति–स्व0 बुधवा लोहरा 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–महिला आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–37/25 2. नाम–सुबोध लकड़ा, पिता–स्व0 रावेल लकड़ा 3. ग्राम–पानीसानी, पोस्ट–पालकोट, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–38/25 2. नाम–जय प्रकाश सिंह, पिता–स्व0 बजरंगी प्रसाद सिंह 3. ग्राम–करौन्दी, पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–39/25 2. नाम–सारी लोहराईन, पति–बलराम यादव 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–महिला आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–40/25 2. नाम–राम विलास सिंह, पिता–स्व0 मधुसुदन सिंह 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें केहुनी में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. नाम–बलमती देवी, पति–मोहन बड़ाईक 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–महिला आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. नाम–मुन्ना लोहरा, पिता–स्व0 बालकु लोहरा 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. नाम–पारस कुमार, पिता–स्व0 पुरन राम 3. ग्राम–कूलूकेरा फुटकल टोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिनां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. नाम–उमापती देवी, पति–स्व0 मदन लोहरा 3. ग्राम–दमकारा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–महिला आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–45/25 2. नाम–रामदेव बृजिया, पिता–फूर्दका बृजिया 3. ग्राम–हाडुप, पोस्ट–हाडुप, थाना–विशुनपुर, प्रखण्ड–विशुनपुर 4. लिंग–पुरुष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–46/25 2. नाम–हजरत अली, पिता–जलील मियां 3. ग्राम–सरगाँव, पोस्ट–डुड़िया, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो 4. लिंग–पुरुष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–47/25 2. नाम–सरफुल अली, पिता–नासिर अहमद 3. ग्राम–सरगाँव, पोस्ट–डुड़िया, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो 4. लिंग–पुरुष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण:- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अजीत कु0 विश्वकर्मा, बसन्त गोप एवं महेंद्र उरांव के द्वारा आयोग के माननीय अध्यक्ष के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–48/25 2. नाम–भुनेश्वर उरांव, पिता–स्व0 दुखिया उरांव 3. ग्राम–डेविडीह, पोस्ट–खरका, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–49/25 2. नाम–बुधु टोप्पो, पिता–स्व0 बालकु टोप्पो 3. ग्राम–पुगु खोपा टोली, पोस्ट–अरमई, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला 4. लिंग–पुरुष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–50/25 2. नाम–कमलेश उरांव, पिता–स्व0 लघु उरांव 3. ग्राम–कोरेकेरा डांड़टोली, पोस्ट–लोटवा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के अंगुठे में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. नाम–पावेन मिंज, पति–स्व0 विश्राम मिंज 3. ग्राम–सारूबेड़ा चिरोडांड, पोस्ट–ओबिरा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–52/25 2. नाम–लघु उरांव, पिता–करमा उरांव 3. ग्राम–तपकरा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–53/25 2. नाम–सुकरू खड़िया, पिता–स्व0 मोगो खड़िया 3. ग्राम–लोधमा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–54/25 2. नाम–बंधना खड़िया, पिता–चैतु खड़िया 3. ग्राम–लोधमा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–55/25 2. नाम–मंगरू दास, पिता–बिरसा दास 3. ग्राम–पोजेंगा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ठेहुना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–56/25 2. नाम–मनोज लोहरा, पिता–भंवरा लोहरा 3. ग्राम–पोजेंगा, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट 4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

PR 350376 Home(25-26)D

# खनिजों पर एकाधिकार

कम से कम 2010 से यह बात ज्ञात है कि चीन चुनिंदा अहम खनिजों पर एकाधिकार करना चाह रहा है और वह इस एकाधिकार का इस्तेमाल आर्थिक दबदबा कायम करने के लिए करेगा। यही वह साल था जब चीन ने पहली बार इसे हथियार की तरह बरतते हुए अहम भू-खनिजों का जापान की कंपनियों को किया जाने वाला निर्यात रोक दिया था। उस समय दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ा हुआ था। तब से अब तक अन्य देशों के पास पर्याप्त अवसर था कि वे वैकल्पिक क्षमताएं विकसित कर लेते। दुर्भाग्यवश कई देशों में अलग-अलग नए नीतिगत मिशन स्थापित होने के बाद भी आपूर्ति श्रृंखला पर चीन का प्रभावी नियंत्रण बरकरार है। अमेरिकी कंपनियों ने खासतौर पर अक्षम्य आलस्य बरता है। इसके वैश्विक परिणाम बहुत परेशानी खड़ी करने वाले हो सकते हैं। खासतौर पर इलेक्ट्रिक कारों को अपना रही कार कंपनियों को अहम चुंबक हासिल करने में संघर्ष करना होगा। इसी तरह ड्रोन, रोबोटिक्स और मिसाइल विनिर्माण को भी आपूर्ति क्षेत्र की दिक्कतों का सामना करना होगा। ये चिंताएं भारत के औद्योगिक क्षेत्र में भी कई को परेशान करने वाली हैं। सरकार ने देश में दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति के लिए लंबे समय तक सरकारी क्षेत्र पर भरोसा किया। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय भंडारों में इनकी समुचित तलाश नहीं हो सकी। इस नियंत्रणकारी मानसिकता ने निजी क्षेत्र की रुचि को सीमित कर दिया जबकि हाल के वर्षों में कई ब्लॉक खनन के लिए खोले भी गए। सरकार ने भी सक्रियता से आयात के नए केंद्र नहीं तलाशे। भारत को नए कच्चे माल हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए लेकिन साथ ही उसे प्रक्रियागत क्षमता को भी चिह्नित करना चाहिए। इसमें धातु कर्म में संलग्न इंजीनियरों की संख्या बढ़ाना अहम है। ये आपूर्ति श्रृंखला का अहम हिस्सा हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# जलवायु संकट की चुप्पी में दबी औरतों की पुकार





**- प्रियंका सौरभ**

> बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33प्रतिशत की गिरावट आई। यह न केवल आर्थिक नुकसान है बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर भी करारा प्रहार है। जलवायु से प्रेरित विस्थापन, परिवार की आय में गिरावट और पारंपरिक सोचझ ये तीनों मिलकर किशोर लड़कियों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं।

**जब** हम जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो चर्चा अक्सर पिघलते ग्लेशियर, बढ़ते समुद्र तल और बदलते मौसम चक्रों तक सिमट जाती है। इसके मानवीय चेहरेझ विशेष रूप से ग्रामीण भारतीय महिलाओं के चेहरों को अक्सर भुला दिया जाता है। 2025 की बीजिंग इंडिया रिपोर्ट एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि जलवायु संकट कोई जेंडर न्यूट्रल आपदा नहीं है। इसके प्रभाव गहरे, असमान और स्त्री-विरोधी हैं। भारत की करोड़ों ग्रामीण महिलाएं पहले ही संसाधनों की कमी, सामाजिक सीमाओं और अवैतनिक घरेलू जिम्मेदारियों के बोझ तले दबी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन इस बोझ को और भारी बना देता हैझ कभी सूखा बनकर, कभी बाढ़ बनकर, तो कभी धीमे-धीमे कुपोषण और थकावट के जहरीले मिलन के रूप में।

बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को गिरा रहा है बल्कि उन्हें उनकी जैविक, सामाजिक और आर्थिक गरिमा से भी वंचित कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहले ही सीमित हैं लेकिन जलवायु परिवर्तन से उपजा पोषण संकट और गर्मी का तनाव उनके प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, लगातार डिहाइड्रेशन और एनीमिया के कारण महिलाओं में समय से पहले हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय-उच्छेदन) के मामले बढ़े हैं। यह केवल एक मेडिकल प्रक्रिया नहीं बल्कि उनके शरीर से जुड़ी स्वायत्तता और गरिमा पर हमला है। बांझपन, जटिल प्रसव और गर्भधारण में कठिनाइयाँ अब सामान्य समस्याएं बनती जा रही हैं, इनके पीछे जलवायु से जुड़ी असुरक्षा की स्पष्ट छाया है।

भारत की अधिकांश ग्रामीण महिलाएं या तो खेतों में काम करती हैं या छोटे कृषि कार्यों में लगी होती हैं लेकिन वे भूमि की मालकिन नहीं होतीं। जब बारिश असमय होती है, जब फसलें सूख जाती हैं या जब मिट्टी बंजर हो जाती है तो सबसे पहले और सबसे ज्यादा झटका इन महिलाओं को लगता है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, लगातार सूखे की मार ने न केवल उत्पादन को गिराया है बल्कि महिलाओं की मौसमी बेरोजगारी को भी बढ़ाया है। खेत से कटने का मतलब होता है रसोई का खाली होना, बच्चियों की स्कूल से विदाई और कर्ज. का एक और फेरा। जो महिलाएं कृषि से इतर हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण या छोटे पैमाने के व्यवसायों में लगी थीं, उन्हें भी चरम मौसम ने नहीं बख्शा।

बीजिंग रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 में चरम जलवायु घटनाओं के दौरान गैर-कृषि क्षेत्रों में महिलाओं की आय में औसतन 33% की गिरावट आई। यह न केवल आर्थिक नुकसान है बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर भी करारा प्रहार है। जलवायु से प्रेरित विस्थापन, परिवार की आय में गिरावट और पारंपरिक सोच ये तीनों मिलकर किशोर लड़कियों की शिक्षा को बाधित कर रहे हैं। जब परिवार के पास सीमित संसाधन होते हैं, तो सबसे पहले लड़कियों की पढ़ाई पर कैंची चलती है। उन्हें स्कूल से निकाल कर घरेलू काम में झोंक दिया जाता है या जल्दी शादी के लिए तैयार किया जाता है। शिक्षा की यह टूटती श्रृंखला, उनके जीवन भर के अवसरों को सीमित कर देती है। विशेष रूप से आदिवासी और दलित महिलाएं जिन्हें पहले से ही सामाजिक हाशिए पर रखा गया है जलवायु आपदाओं के समय सबसे ज्यादा उपेक्षा का शिकार होती हैं। 2020 के चक्रवात अम्फान के दौरान सुंदरबन क्षेत्र की दलित महिलाओं ने बताया कि राहत केंद्रों से उन्हें बाहर रखा गया और आश्रय निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। जलवायु संकट के समय सामाजिक भेदभाव और भी तीखा हो जाता है। बीजिंग इंडिया रिपोर्ट इस संकट को केवल उजागर नहीं करती बल्कि इससे निपटने के स्पष्ट रास्ते भी सुझाती हैझजिनमें सबसे अहम है लैंगिक संवेदनशीलता को जलवायु रणनीति के केंद्र में लाना। राज्य स्तरीय जलवायु योजनाओं में महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों को शामिल किया जाना चाहिए। ओडिशा जैसे राज्यों ने अपनी जलवायु रणनीतियों में लिंग संकेतकों को शामिल करना शुरू किया है लेकिन जरूरत है कि यह पहल हर राज्य में दोहराई जाए। गांव, जाति और आर्थिक स्थिति के अनुसार लिंग-आधारित डेटा संग्रह आवश्यक है ताकि नीतियाँ धरातल पर असरदार साबित हो सकें। पंचायत स्तर पर लिंग घटक के साथ जलवायु भेद्यता सूचकांक बनाना एक प्रभावशाली कदम हो सकता है। स्वयं सहायता समूहों और महिला सहकारी समितियों को जलवायु-लचीले कृषि, हरित नौकरियों, नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके मजबूत किया जा सकता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को बेहतर संसाधनों से लैस करना, विशेषकर प्रजनन और मातृ देखभाल के लिए अत्यावश्यक हैझ खासकर उन इलाकों में जो जलवायु संकट से प्रभावित हैं। गुजरात में महिलाओं द्वारा संचालित जल समितियों ने यह सिद्ध किया है कि जब महिलाएं नीति निर्माण और संसाधन प्रबंधन का हिस्सा बनती हैं, तो समाधान अधिक टिकाऊ और संवेदनशील होते हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन, वन अधिकार समितियों और जल प्रबंधन में महिला भागीदारी को अनिवार्य किया जाना चाहिए। (राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना) के अंतर्गत चल रहे मिशनोंझ जैसे उजाला योजना, पीएमयूवाई आदि को महिला केंद्रित दृष्टिकोण के साथ पुनः परिभाषित किया जाए। जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में इन योजनाओं के विस्तार से न केवल स्वास्थ्य और आजीविका सुदृढ़ होगी बल्कि लैंगिक न्याय को भी बल मिलेगा।

ग्रामीण महिलाएं केवल जलवायु परिवर्तन की पीड़िता नहीं हैं वे बदलाव की वाहक भी बन सकती हैं। इसके लिए जरूरत है कि हम उन्हें केवल ह्यसहायता की पात्र न मानें, बल्कि साझेदार के रूप में देखें।

बीजिंग रिपोर्ट का यही संदेश है कि अगर हमें जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटना है तो जेंडर और क्लाइमेट को एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक साथ समझना होगा। एक महिला जब सूखते हुए तालाब की मिट्टी कुरेदकर अपने बच्चे के लिए पीने का पानी निकालती हैं तो वह सिर्फ मातृत्व नहीं बल्कि जलवायु संकट की सबसे त्रासद छवि बन जाती है। अब वक्त है कि नीति, विज्ञान और समाज- तीनों मिलकर उसकी आवाज को गंभीरता से सुनें।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**आदरणीय** बाबा दिशोम गुरुजी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, पार्टी के लाखों साथियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसे दिन-रात कड़ी मेहनत कर पूरा करने का काम करूंगा। आप सभी का यही साथ ही मेरी ताकत है। आदरणीय बाबा के मार्गदर्शन में वीर पुरुखों के सपनों को साकार करने के लिए मैं दोगुनी ताकत के साथ राज्यवासियों की सेवा के लिए आगे बढ़ूंगा। आप सभी के अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद, आभार।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद!

दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद!

जय झारखण्ड!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# प्राइवेट स्कूल और हॉस्पीटल का खेल: आम आदमी की जेब पर हमला

**समाज**

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी अधिकार आज निजी संस्थानों के लिए मुनाफे का जरिया बन चुके हैं। प्राइवेट स्कूल सुविधाओं की आड़ में अभिभावकों से मनमाने शुल्क वसूलते हैं। ड्रेस, किताबें, यूनिफॉर्म, कोचिंग...सब कुछ महँगा और अनिवार्य बना दिया गयाहै। वहीं, प्राइवेट हॉस्पिटल डर और भ्रम का माहौल बनाकर मरीजों से मोटी रकम वसूलते हैं। सामान्य बीमारी को गंभीर बताकर महंगी जांच, दवाइयाँ और भर्ती का दबाव बनाया जाता है। इन संस्थानों के पीछे कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण है, जिस कारण कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती। सबसे अधिक संकट में मध्यम वर्ग पर है, जिसे न सरकारी सेवाओं पर भरोसा है, न प्राइवेट सिस्टम से राहत।

भारत एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले ले तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है।

शिक्षा या व्यापार? प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस आदि। हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी अधिकृत वेंडर से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाजार दर से दोगुना होता है, क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है। दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क और फिर ट्यूशन। ऐसे में बच्चे के लिए खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन। इन सबका उद्देश्य एक ही होता है '99 प्रतिशत लाओ'। जब ये नंबर नहीं आते तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है। स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का कामअब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा कमाई पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही पर्ची कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइयाँ, आईसीयू और एडवांस पेमेंट की माँग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज की स्थिति क्या है। सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं, मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है। यहाँ तक कि मौत के बाद भी लाश को एक-दो दिन रोककर 'मोर्चरी चार्जेस', 'फ्रीजर चार्जेस' आदि के नाम पर अंतिम सांस तक पैसा वसूला जाता है। यह एक क्रूर मजाक है उस परिवार के साथ जो पहले ही अपनों को खो चुका होता है।सरकार की चुप्पी क्यों? इस लूट का सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब किसी को छिपकर नहीं करना पड़ता। सब कुछ खुलेआम होता है। अखबार, सोशल मीडिया, न्यूज चैनल, हर जगह यह मुद्दा उठता है। हर साल प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी और हॉस्पिटल बिलों पर शोर होता है, लेकिन हर बार यह शोर धीरे-धीरे दबा दिया जाता है। आखिर ऐसा क्यों? क्योंकि अधिकतर प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, इन सबके पीछे किसी ना किसी नेता का हाथ होता है। चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का। सिस्टम में बैठे अधिकतर लोग कहीं ना कहीं इस खेल में हिस्सेदार होते हैं। नियम-कानून बनते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं होता। आरटीई (शिक्षा का अधिकार कानून), सीजीएचएस (स्वास्थ्य सुविधा योजना), नैशनल मेडिकल काउंसिल झ ये सब नाम भर हैं, जिनका प्रयोग प्रचार में होता है, न कि आम आदमी को राहत देने में।

मध्यम वर्ग की त्रासदीगरीबों के लिए सरकार कभी-कभी योजनाएँ बना देती है, अमीरों को कोई चिंता नहीं, लेकिन सबसे ज्यादा पिसता है मध्यम वर्ग। न उसे सरकारी स्कूल में भेजना गवारा होता है, न सरकारी अस्पताल में जाना। मजबूरी में वह प्राइवेट विकल्प चुनता है और फिर उसी जाल में फँस जाता है। एक ऐसा जाल जिसमें न कोई नियंत्रण है, न कोई जवाबदेही।

# झारखंड से अम्बेडकर को था विशेष लगाव

**सामयिक**



**रानी राज**


अंबेडकर एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और श्रम सुधारों से भी जुड़े थे। वे झारखंड आये थे यहाँ खनिज श्रमिकों जैसे कोयला और अभ्रक के हाल जानने और उनके बेहतरी के लिए प्रयास भी किये। यहां के श्रमिकों के जायजा का अच्छा परिणाम पूरे देश के श्रमिकों को मिला। उन्होंने झारखंड बनने से आधी सदी पूर्व ही बिहार - झारखंड बंटवारे का समर्थन कर दिया था। उन्होंने झारखंड के धनबाद और कोडरमा शहरों का दौरा श्रमिकों के स्तिथि जांचने के लिए किया था। उनके विद्वत्ता और कानूनी ज्ञाता होने कारण 1942 से 1946 तक वायसराय की कार्यकारी परिषद का श्रम सदस्य नियुक्त किया गया। इसी क्रम में वे ब्रिटिश शासन के अंतिम दिनों में 9 दिसंबर 1943 को श्रम सदस्य डॉ. बी.आर. अंबेडकर, श्रम विभाग के सचिव माननीय श्री एच.सी. प्रायर और श्रम कल्याण सलाहकार श्री आर.एस. निंबलकर ने कोयला क्षेत्रों में काम करने की स्थितियों का अध्ययन करने के लिए धनबाद का दौरा किया। आगमन के तुरंत बाद श्रम सदस्य अंबेडकर झरिया के भुलन - बरारी कोलियरी पहुंचे। धनबाद में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन बढ़ाने और कोयला क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए नियोक्ताओं और कर्मचारियों के साथ प्रस्तावों पर चर्चा की। ह्लसुरक्षा टोपीह्व पहने हुए,अम्बेडकर 400 फीट भूमिगत खदान में गए, जहाँ उन्होंने श्रमिकों को कोयला काटते देखा। कुछ महिला श्रमिक भी काम पर थीं। निरीक्षण के दौरान, डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के साथ उनके वेतन और आय के बारे में बातचीत की। इसके बाद श्रम सदस्य कोलियरी के आसपास के श्रमिकों के क्वार्टर में चले गए। उन्होंने श्रमिकों के क्वार्टर में प्रवेश के लिए हम अंदर आ सकते हैं- विनम्र शब्दों के साथ अनुमति प्राप्त की। लेबर मेंबर ने घर में प्रवेश करने की अनुमति ली, जो तुरंत दे दी गई। उन्होंने घर के फर्नीचर और अन्य सामान का निरीक्षण किया। फिर उनको इस कोलियरी के मालिकों द्वारा बनाए गए अस्पताल में ले जाया गया, जहाँ लेबर मेंबर ने कुछ इनडोर रोगियों के साथ बातचीत की। उन्हें महिला श्रमिकों के लिए एक विशेष वार्ड में भी ले जाया गया। इसके बाद वे अपने अन्य सदस्यों के साथ डिगवाडीह कोलियरी गए , जहां उन्होंने कोयला उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आधुनिक संयंत्र और उपकरण देखे। यहां श्रमिकों के लिए बनाए गए विभिन्न प्रकार के घरों को देखा। उन्होंने तिसरा कोलियरी का भी निरीक्षण किया । अगले दिन यानी 10 दिसंबर को वे रानीगंज कोल माइंस गए और उत्पादन प्रणाली और मजदूरों की समस्याओं का अध्ययन किया। धनबाद लौटते समय श्रम सदस्य बेगुनिया कोलियरी में श्रमिकों की कॉलोनी में बने ढौरा (एक कमरे वाले मकान) देखने गए। कमरे अंधेरे में था। एक में, एक बछड़ा, कुछ सूखी घास चबाते हुए, छोटे बरामदे में था । डॉ. अंबेडकर ने निवासियों के साथ बातचीत की। शनिवार 11 दिसंबर 1943 को कोयले की मौजूदा कमी के कारण और इसे दूर करने के उपायों पर धनबाद में एक सम्मेलन में चर्चा की गई, जिसमें केंद्र सरकार, बंगाल और बिहार सरकार, तीन खनन संघों और श्रम के प्रवक्ताओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। डॉ. अंबेडकर ने इसकी अध्यक्षता की। इसमें विश्वयुद्ध के कारण कोयला उत्पादन और खाद्यान उत्पादन को तेज करने पर चर्चा हुई। आवश्यक वस्तुओ के राशनिंग एवं मजदूरी दरों को बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

28 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर ने श्री मजूमदार, डॉ. क्लेग और श्री क्रॉसफील्ड के साथ एक अभ्रक खदान और एक अभ्रक कारखाने का दौरा किया।

**राजधानी रांची के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय कला को बेहतरीन ढंग से उकेरा गया है। तस्वीर अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### कुसुंभा में पोषण पकवान प्रदर्शनी मड़ुआ रोटी बनी खास आकर्षण



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के कुसुंभा पंचायत सचिवालय में आंगनवाड़ी सेविका–सहायिकाओं द्वारा पोषण पकवान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक घरेलू खाद्य सामग्री से तैयार विभिन्न व्यंजन पेश किए गए। खासतौर पर बिना तेल के बनी मड़ुआ रोटी को लोगों ने खूब सराहा, जो स्वादिष्ट होने के साथ–साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी गई। प्रदर्शनी में कुल आठ आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाओं और सहायिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत मुखिया दुलारचंद पटेल ने कहा कि गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए यह पोषक आहार काफी लाभदायक है, जिससे मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहते हैं। प्रतियोगिता में उमा देवी (अलखरी खुर्द) ने पहला, जयंती देवी (कुसुंभा) ने दूसरा और आयशा नूरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य चिंता देवी, समाजसेवी हीरामन महतो, प्रदीप कुमार महतो, सुरेश मुर्मू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक और अवतरण दिवस समारोह आयोजित



अवतरण दिवस समारोह आयोजित

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के राम मंदिर परिसर में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक और एक अवतरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दिनेश्वर पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करना होगा।समाज के चौधरी शम्भूनाथ पांडेय ने कहा कि संगठन को बेहतर ढंग से चलाने के लिए आपसी सहयोग और जरूरतमंद सदस्यों की मदद को प्राथमिकता देनी चाहिए। बैठक के दौरान समाज के सदस्य बिरेन्द्र पांडेय की नतनी का अवतरण दिवस भी मनाया गया, जिसमें बच्ची को चंदन लगाकर सभी सदस्यों ने आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सचिव राम राम प्रसाद पांडेय, उपाध्यक्ष जनार्दन पांडेय, देवेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष अनिल मिश्र, उमेश पांडेय, अजीत मिश्र, प्रदीप पांडेय, ओम प्रकाश वैध, सुबोध पांडेय, संजय मिश्र, रवि मिश्र और युवराज पांडेय समेत समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### चुरचू में विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड सभागार में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने की। इस अवसर पर आम जनता को कानून संबंधी विभिन्न जानकारियाँ दी गईं। जिला से आए अधिवक्ता मुकेश कुमार और विकास कुमार सोनी ने लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आम नागरिक विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं और कौन–कौन सी परिस्थितियों में उन्हें यह सुविधा मिलती है। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम, चुरचू पंचायत के मुखिया, जेएसएसपीएल के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

### कर्णपुरा महाविद्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

**बड़कागांव।** बड़कागांव स्थित कर्णपुरा महाविद्यालय में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती प्राचार्य प्रो. कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार बताते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और संविधान की गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

### पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ स्थित सभागार में मंगलवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों , अति संवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, ए०डीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई । समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जागरूकता अभियान चलाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स–समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स–समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई–साक्ष्य एप का उपयोग करने हेतु निर्देश दिया गया।

# पेट्रोल पंप कर्मी की दिनदहाड़े हत्या

## 15 लाख लूट कर अपराधी हुए फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब गोलियों की गूंज आम होती जा रही है। मंगलवार की सुबह एक ऐसा दिल दहला देने वाला मामला सामने आया, जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। मामला हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड स्थित सलफरनी क्षेत्र का है, जहां एक पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर रविदास की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना लगभग सुबह 10:30 बजे की है। त्योहारों की वजह से पिछले कुछ दिनों से बैंक बंद थे, जिसके कारण पेट्रोल पंप की बड़ी राशि शंकर के पास जमा होती जा रही थी। जैसे ही बैंक खुले, शंकर रविदास करीब 14 से 15 लाख रुपये लेकर स्थानीय बैंक की ओर निकले। लेकिन यह सफर उनकी ज़िंदगी का आखिरी सफर साबित हुआ। साजिश के तहत पहले से घात लगाए अपराधियों ने सिजवा हाई स्कूल के पास उन्हें घेर लिया और गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल शंकर को आरोग्यम अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसें थम चुकी थीं। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविन्द कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है। वहीं, युवाओं और स्थानीय नेताओं ने प्रशासन से दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। आदर्श संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि पुलिस हर एंगल से जांच करे और मृतक के परिजनों को न्याय दिलाए। फिलहाल पुलिस की टीम जांच में जुटी है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस सनसनीखेज वारदात का पदार्फाश होगा।

### हजारीबाग में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, एक और हत्या से सनसनी

हजारीबाग में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। अभी चार दिन पहले खिरगांव में प्रभात कुमार की गोली मारकर हत्या की गई थी, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। इस बीच मंगलवार सुबह 10:30 बजे इचाक के सालपर्णी पेट्रोल पंप पर कार्यरत शंकर रविदास की भी दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। लगातार हो रही हत्याओं से जिले में दहशत का माहौल है और कानून–व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस अब तक खाली हाथ है।

### हजारीबाग जिले में हाल के महीनों में हुई प्रमुख हत्याओं की सूची निम्नलिखित है

**1. मंजीत यादव (29 अक्टूबर 2024)**
स्थानः खिरगांव, हजारीबाग
विवरणः रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष और जमीन कारोबारी मंजीत यादव की उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार अपराधियों ने माउजर और रिवॉल्वर से कम से कम चार गोलियां चलाईं।

**2. प्रकाश ठाकुर (29 नवंबर 2024)**
स्थानः चेपाकला गाँव, बड़कागांव
विवरणः रात लगभग 11 बजे, अपराधियों ने प्रकाश ठाकुर के घर में घुसकर उनके माथे में तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अपराधी उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर फरार हो गए।

**3. उदय साव (2 दिसंबर 2024)**
स्थानः झील रोड, हजारीबाग
ड्ड विवरणः कटकमदाग प्रखंड प्रमुख विनीता कुमारी के पति उदय साव की नौ हमलावरों ने घेरकर गोली मारकर हत्या कर दी। उन्हें सिर में तीन गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**4. दीपक सिंह (5 दिसंबर 2024)**
स्थानः गिद्दी, हजारीबाग
विवरणः दीपक सिंह की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**5. त्रिवेणी राणा (11 दिसंबर 2024)**
स्थानः जलैहया पुल के पास, गोरहर थाना क्षेत्र
विवरणः 65 वर्षीय बुजुर्ग त्रिवेणी राणा की गले में गमछा बांधकर हत्या कर दी गई। उनका शव सुनसान इलाके में मिला।

**6.कुमार गौरव (8 मार्च, 2025)**
स्थानः फतहा चौक, कटकमदाग
विवरणः नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के अधिकारी कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या। केरेडारी कोयला खदान में तैनात एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम-डिस्पैच) कुमार गौरव काम पर जा रहे थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं।

**7. रेखा भारती ( 16 मार्च 2025)**
स्थानः मटवारी के कृष्णापुरी, अर्धनिर्मित अपार्टमेंट के नीचे
विवरणः अचेत अवस्था में मिली थी रेखा भारती दो दिन तड़पने के बाद तोड़ा दम, पति पर लगा था हत्या का आरोप।

# भुरकुंडा बाजार में भीषण आग दो दुकानें जलकर राख

## 25 लाख की क्षति का अनुमान, घटना सुबह 4 बजे की

### समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने टाली बड़ी घटना

खबर मन्त्र संवाददाता



दुकान में लगी भीषण आग।



दुकान में रखा समान जलकार खाक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित सहेली स्टोर और सहेली मेचिंग सेंटर में मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे भीषण आग लग गई। इस हादसे में दोनों दुकानों में रखे करीब 25 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही 20 मिनट के भीतर रामगढ़ से अग्निशमन दल और जिंदल कंपनी पतरातू के सीएसओ डीपी साहू के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो बाजार में बड़ी त्रासदी हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा जब रेलवे स्टेशन से लौट रहे थे, तभी उन्होंने आग की लपटें देखीं और तुरंत भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता को सूचित किया। प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी और खुद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दोनों दुकानें पूरी तरह से जल चुकी थीं। इन दुकानों के मालिक सगे भाई अरविंद श्रीवास्तव और अरुण श्रीवास्तव हैं। सहेली स्टोर के संचालक अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए उन्होंने भारी मात्रा में श्रृंगार सामग्री खरीदी थी। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि करीब 25 लाख रुपये का सामान जल गया, अब हम सड़क पर आ गए हैं। वहीं, सहेली मेचिंग सेंटर के संचालक अरुण श्रीवास्तव अपनी आपबीती बताते हुए फफक-फफक कर रो पड़े। उन्होंने बताया कि उनकी 5 लाख रुपये की पूंजी आग की भेंट चढ़ गई। फिलहाल, आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। भुरकुंडा पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

## चार साल के मासूम के ऊपर चढ़ा स्कूल वैन, हुई मौत



मृतक बच्चे को गोद मे लिए दादी व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

### मृतक बच्चा आरा बाल विद्या मंदिर के एलकेजी का छात्र था

### मुआवजा को लेकर परिजनों व स्कूल प्रबंधन के बीच हुआ वार्ता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के आरा उत्तरी पंचायत के डुमरबेडा अगरिया टोला में स्कूल की वैन की चपेट में आने से एक 4 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार आरा स्थित बाल विद्या मंदिर के एलकेजी के छात्र मो जिहब आलम (4 वर्ष) छुट्टी होने के बाद स्कूल वैन संख्या जेएच02बीबी-2697 से डुमरबेडा अगरिया टोला पहुंचकर जैसे ही घर जाने के लिए आगे बढ़ा वैसे ही वैन ने अपनी चपेट में ले लिया। वैन का आगे का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। घटना के बाद चालक इकरार मियां फरार हो गया। बाद में कुजू पुलिस की मौजूदगी में परिजनों व स्कूल प्रबंधन के बीच वार्ता हुआ। जिसमें परिजनों व ग्रामीणों द्वारा स्कूल प्रबंधन से उचित मुआवजा की मांग की। समाचार लिखे जाने तक वार्ता चल रहा था।

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

**रजरप्पा।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के चामरोम गाँव स्थित कोचीनाला में मंगलवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गई। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक कृष्णा महतो (25 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत रजरप्पा थाना पुलिस को सूचना दी. सूचना पाकर रजरप्पा थाना के एएसआई रंजीत महतो घटनास्थल पर पहुंचे।


### शपथ पत्र

छतरपुर प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत पट सारा निवासी बिंदु यादव ने शपथ पत्र देकर बताया कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में गलत अंकित हो गया है जिससे कई प्रकार के परेशानी झेलना पड़ रहा है। मेरा पुत्र का वास्तविक नाम विकास कुमार यादव है जिसका आधार संख्या 8392 3462 5213 हैं त्रुटिवस इसमें नगीना यादव हो गया है जो यह पुकारू नाम था, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सभी शैक्षणिक दस्तावेज में विकास कुमार यादव है इसे सुधार कराने हेतु मैं और मेरा पुत्र विकास शपथ पत्र देखकर यह घोषणा करता हूं कि मेरा वास्तविक नाम विकास कुमार यादव, पिता बिन्दु यादव यादव ग्राम पट सारा पोस्ट लठेया थाना छतरपुर है ।


### झारोटेफ की 11 सूत्री मांगों को लेकर कटकमदाग में रैली, सरकार को चेताया

**कटकमदाग।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर एंड एम्पलाइज फेडरेशन (झारोटेफ) की कटकमदाग प्रखंड इकाई ने मंगलवार को अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में जोरदार ध्यानाकर्षण रैली निकाली। यह आंदोलन प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसका नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार और सचिव अंजू बाला गुप्ता ने किया। रैली के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कटकमदाग प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद को सौंपा। इस दौरान झारोटेफ के जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि ज्ञापन में सरकारी शिक्षकों और कर्मचारियों से जुड़ी 11 मुख्य मांगें शामिल हैं। इनमें एमएससीपी का लाभ, शिशु शिक्षण भत्ता, नेशनल पेंशन स्कीम में जमा राशि की वापसी, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में सभी कर्मियों को शामिल करना, और सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करना प्रमुख हैं। विनय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार को हर हाल में ये मांगें माननी होंगी। रैली के माध्यम से कर्मचारियों और शिक्षकों ने एक स्वर में सरकार से शीघ्र कार्रवाई की अपील की।

इस मौके पर मो. मुजाहिर, अवध बिहारी गोप, रूपम कुमारी, उमाकांत साहू, स्मृति सिन्हा, ममता कुमारी, सतनारायण कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सुलेखा कुमारी, मंजू कुमारी, गौतम कुमार, संजय कुमार, दिगंबर प्रसाद, स्वाति सिंह, नमिता प्रभा, सुनीता कुमारी, रवि किशोर कुमार, मो. मजहर, अयूब अंसारी, नाहिद परवीन, धनंजय कुमार, सोनी कुमारी, पंकज कुमार सिंह, सुधीर कुमार पांडे, प्रदीप कुमार और मनोज कुमार काशी समेत दर्जनों शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे। सरकार की चुप्पी टूटी नहीं, शिक्षक-कर्मचारियों ने दिखाया दम।

### सरहुल पर्व हमें प्रकृति व संस्कृति से जोड़े रखती है : रमेश दांगी

**रजरप्पा।** बड़कीपोना के सरना स्थल पर प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया. मौके पर पहान राजेंद्र मुंडा ने सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मुर्गे की बलि दी। इसके बाद सरैय फूल चढ़ाया। इसके बाद पहान ने कलश में रखे पानी को देखकर बताया कि इस वर्ष वर्षा और फसल काफी अच्छी होगी। उन्होंने देश, राज्य और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच फूल खोसी भी की गई। पूजा के बाद प्रसाद का भी वितरण हुआ। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि हम सभी को वातावरण की शुद्धता के लिए पेड़-पौधे लगाना होगा। हमारा जीवन प्रकृति से जुड़ा हुआ है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा : संजीव

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पतरातू प्रखंड समिति की ओर से रविवार को भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में भव्य सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के सम्मान में आयोजित किया गया, जिन्हें हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा नई जिम्मेदारी सौंपते हुए झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समारोह में पतरातू प्रखंड की 42 पंचायतों से आए झामुमो कार्यकताओं एवं नेताओं ने संजीव बेदिया का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। साथ ही पगड़ी, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए संजीव बेदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मुझे जो नई जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा और कड़ी मेहनत के साथ निभाऊंगा। पतरातू प्रखंड मेरा कार्यक्षेत्र रहा है और इसे और मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के लिए गर्व का विषय है। झामुमो के सर्वोच्च नेता गुरुजी शिबू सोरेन को मैं नमन करता हूं, जिनके संघर्ष और त्याग ने झारखंड को एक पहचान दिलाई। हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री बेदिया ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व और जनहितकारी सोच ने मुझे यह दिखाया है कि जनसरोकार ही हमारी असली ताकत है। मैं यह सम्मान राज्य के हर उस कार्यकर्ता को समर्पित करता हूं जो बिना थके, बिना रुके, झामुमो की विचारधारा और जनता के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस अवसर पर एक विशेष पहल के तहत संजीव बेदिया के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री राहत कोष से मिले एक लाख रुपए का चेक लादी निवासी दिलीप कुमार दास के पुत्र यशवंत कुमार दास को इलाज के लिए प्रदान किया गया।

**समारोह में ये थे मौजूद :** समारोह में पतरातू प्रखंड अध्यक्ष झलकू बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बेदिया, ग्यास खान, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, वीरेंद्र यादव, इमामुल अंसारी, चरेंद्र बेदिया, सीताराम मुंडा, अलीम अंसारी, राजेंद्र बेदिया, कुदुस अंसारी, शौकत अंसारी, प्रमोद ठाकुर, मनसा बेदिया, टुनटुन बेदिया, शराफत अंसारी, जग्गू घांसी, राजन करमाली, अशोक दास, विजय मुंडा, जयलाल सिंह, वीरेंद्र मांझी सहित सैंकड़ों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थें।


### उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(खेल शाखा)
(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा खूँटी जिलान्तर्गत संचालित कुल–01 (एक) आवासीय हॉकी बालक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रति दिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैंटरर से निविदा आमंत्रित की जाती है।

तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 15.04.2025 से दिनांक 26.04.2025 अपराह्न 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय, खूँटी में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 26.04.2025 को ही अपराह्न 3:00 बजे विकास भवन में उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।

जिले के (01) एक आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र की सूची निम्नवत है :–

1. आवासीय बालक हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, एस०एस० +2 हाई स्कूल, खूँटी। प्रशिक्षुओं की सं०–25

(खिलाड़ियों की संख्या –छुट्टी/प्रतियोगिताओं में जाने पर कम हो सकती है जिसका भुगतान नहीं किया जायेगा।)

नोट :– निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के Website :- www.khunti.nic.in में देखा जा सकता है।

PR 350420 District (25-26)_D — जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी

### प्रपत्र VI 'क' पत्रांक–93(ii) दिनांक–12.04.2025
### झारखण्ड सरकार समाहरणालय, खूँटी
(जिला भू–अर्जन शाखा)
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा ओकड़ा थाना न0 01 थाना तोरपा अंचल तोरपा जिला खूँटी में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना सिसई लापुंग डोड़मा पथ के चैनेज 41वें कि0मी0 में अवस्थित छाता नदी पर सेतु निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा ओकड़ा थाना न0 01 थाना तोरपा अंचल तोरपा जिला खूँटी के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए कमोबेश **0.5219** एकड़ यानि 0.211205 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है।

मौजा ओकड़ा थाना न0 01 थाना तोरपा अंचल तोरपा जिला–खूँटी का विस्तृत विवरणी

| क्र0 | खाता संख्या | सर्वे भू–खण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए0) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | अर्जन की जाने वाली भूमि की चौहदी उ0, द0, पू0, प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 210 | 3261 | रैयती | टांड़ एक | 0.0475 | मतिया मुण्डा वो महतो मुण्डा वो डीगम मुण्डा वो मंगरा मुण्डा पेशरान सलुआ मुण्डा | उ० रास्ता, द० प्लॉट नं0–3261, पू० 3260, प० नदी |
| 2 | 219 | 3132 | रैयती | दोन दो | 0.0902 | ओगा मुण्डा वल्द पीठुआ मुण्डा | उ० प्लॉट नं0–3132, द० रास्ता, पू० प्लॉट नं0– 3132, प० प्लॉट नं0–3131 |
| 3 | 219 | 3260 | रैयती | दोन एक | 0.0642 | | उ० रास्ता, द० प्लॉट नं0–3260, पू० प्लॉट नं0–3259, प० प्लॉट नं0–3261 |
| 4 | 220 | 3131 | रैयती | टांड़ एक | 0.32 | डुदु महतो वो गोरो महतो वो मनी महतो वो डेडे महतो पेशरान पांडा महतो वो लाडो महतो वो तोमस महतो | उ० प्लॉट नं0–3131, द० रास्ता, पू० प्लॉट नं0– 3132, प० प्लॉट नं0–नदी |
| | | | | कुल | 0.5219 | | |

यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो। भूमि की योजना/नक्शा का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 350334 Land Reforms(25-26)D — ह0/– उपायुक्त, खूँटी।

स्पीड न्यूज

## सीएचसी में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन

**कोडरमा।** सिविल सर्जन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें सीएचसी कोडरमा में मंगलवार को सीएचसी जयगर में बुधवार को, सीएचसी मरकच्चो में गुरूवार को, सीएचसी सतगावां में शुक्रवार को, सीएचसी चंदवारा में 28 को व रेफरल अस्पताल में 30 अप्रैल को ब्लड डोनेशन कैम्प लगेगा। इसे लेकर एसपी द्वारा भी सभी संबंधित थाना व ओपी क्षेत्रों के प्रभारी को विधि व्यवस्था संधारण करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार ने टीम गठन कर सबों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

**कोडरमा।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड रांची के प्राप्त मार्गदर्शन पर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार जिले के नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किये जाने के उद्देश्य से पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए आज 11 बजे से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत् जनता के शिकायतों का अनुश्रवण किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन पूर्वी जयनगर, बिरसा मुंडा सांस्कृति भवन कोडरमा, पंचायत भवन शिवपुर सतगावां में किया जायेगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक घायल, रेफर

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-डोभी मुख्य पथ पर नवाडीह चेकनाका के समीप वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का नाम राहुल कुमार पिता रामसेवक दास बिहार के गया जिला के बाकेबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हरजकेल निवासी है। सड़क दुर्घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राहुल अपने बाइक से हंटरगंज की ओर आ रहा था। इसी दौरान हंटरगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि इस घटना में राहुल का दाहिना पैर टूट गया है एवं सिर में गंभीर चोट लगी है। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक भागने में सफल रहा। वहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बेलगाम रफ्तार में सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति सीमा पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन से मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इन बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में और भी दुर्घटना हो सकती है।

## प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**कोडरमा।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक होटल शगुन एंड बैंक्वेट में जिलाध्यक्ष डॉ.बीएनपी बर्णवाल की अध्यक्षता में की गयी। मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर झारखंड सरकार राज्य में संचालित निजी विद्यालयों को आरटीइ 2019 नियमावली में संशोधन कर मान्यता देती है, तो राज्य में निजी विद्यालयों द्वारा 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा सकेगी। वहीं संचालकों ने जिला की शिक्षा को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण बनाने में अपना योगदान निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की बात कही। सभी निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास के लिए समय-समय पर जिले में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतिस्पर्धा आयोजित करने की बात कही गयी।

### एटीएम व बीटीएम की परीक्षा में बहाली को लेकर बवाल

# सफल अभ्यर्थियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कृषि विभाग के द्वारा एटीएम एवं बीटीएम की बहाली को लेकर आयोजित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वारा मंगलवार से समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत की गई है। अभ्यर्थियों ने बताया कि बीटीएम और एटीएम की नियुक्ति को लेकर विभाग के द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसके आधार पर अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया और सफल हुए इसके बाद उन्हें 8 जनवरी को पेपर के माध्यम से सूचना दिया गया कि सफल अभ्यर्थियों को एक अप्रैल को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। लेकिन 29 मार्च को विभाग के द्वारा यह बताते हुए नियुक्ति प्रक्रिया रद्द कर दिया गया कि इस नियुक्ति में इंटरव्यू नहीं लेना था, लेकिन गलती से विभाग के द्वारा इंटरव्यू आयोजित किया गया, जिसकी वजह से पूरे चयन प्रक्रिया को रद्द किया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने बताया कि नियुक्ति पत्र की उम्मीद में उन्होंने पुराने संस्थानों में भी अपना काम छोड़ दिया और अब उनके सामने भुखमरी और घर चलाने में परेशानी की नौबत खड़ी हो गई है। धरना पर बैठे अभ्यर्थियों के द्वारा उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारी को भी मांग पत्र की प्रतिलिपि भेजी गई है।



# अग्निशमन विभाग ने बतायी आग पर काबू पाने की तकनीक

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों के सामने डेमो कर दिखाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अग्निशमन सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग द्वारा सेक्रेड हार्ट स्कूल में डेमोंसट्रेशन कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को आग पर काबू पाने के तकनीक बताए गए। इस मौके पर सहायक अग्निशमन पदाधिकारी ब्रज किशोर पासवान, प्रधान अग्निक रामचंद्र महतो और अग्निक रजत कुमार मिंज विशेष रूप से मौजूद थे। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने उनका स्वागत किया। वहीं प्रधान अग्निक रामचंद्र महतो ने बच्चों को आग लगने पर उसे बुझाने व आग के प्रकार की जानकारी दी। उन्होंने कहा की जानकारी सबसे बड़ी सुरक्षा कवच है। जानकारी से बड़ी घटना को टाला जा सकता है। उन्होंने और स्कूल के शिक्षक राकेश पांडेय ने प्रेक्टिकल कर दिखाया। वहीं उन्होंने बताया कि कई बार आग की बड़ी घटनाएं हो जाती हैं और जानकारी के अभाव में लोग सुरक्षित नहीं बच पाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों, कॉलेजों सहित अन्य स्थानों पर अग्निशामक यंत्र लगा होता है, जिसको ऑपरेट करना हर किसी को सीखना चाहिए, ताकि संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि सुरक्षा कारणों से ऐसे कार्यक्रम बराबर सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित होते रहते हैं। मौके पर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, रणजीत सिंह, फैयाज कैशर, सत्येंद्र सिंह, शाहिद आलम, मिथिलेश सिंह, विक्रम कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## आग से बचाव के बताये गये उपाय

**टंडवा (चतरा)।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दयानंद पब्लिक स्कूल गाडिलौंग टंडवा में बच्चों को आग बुझाने, तुरंत आग पर काबू पाने, आग से अपने आप को सुरक्षित रखने, तथा फायर सिलेंडर के उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को जीवंत दिखलाकर व आग बूझाकर दिखलाया गया। इसमें विद्यालय के वर्ग नर्सरी से दशम वर्ग तक के बच्चे तथा बच्चियों शामिल हुए तथा मौके पर टंडवा एनटीपीसी के अग्निशमन विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने अभीभाषण के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया।

## 6 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को 6 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। यह कार्रवाई 14 अप्रैल को थाना गेट के पास की गई। पकड़े गए युवकों को अगले दिन 15 अप्रैल को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान चतरा सदर थाना क्षेत्र के दारियातु गांव निवासी टिंकू कुमार (21) और आकाश कुमार (19) के रूप में हुई है। ये दोनों अलग-अलग बाइक से थे और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से कुल 6 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। साथ ही उनकी बाइक और दो टच स्क्रीन मोबाइल भी जब्त किए गए। यह कार्रवाई सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एंटी क्राइम अभियान के तहत की गई। पुलिस ने गिद्धौर थाना कांड संख्या 25/2025 के तहत मामला दर्ज किया है।

## समय पर नहीं खुलता झिकटिया आंगनबाड़ी केंद्र

**चतरा/हंटरगंज।** प्रखंड के झिकटिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 0123 में समय पर सेविका नहीं पहुंचने की शिकायत सामने आई है। मंगलवार को केंद्र सुबह 7 बजे खुलना था, लेकिन सेविका पूनम कुमारी करीब 10:02 बजे पहुंचीं। इससे पहले ग्रामीणों ने वार्ड सदस्य विपेंद्र कुमार को जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने सीडीपीओ और पर्यवेक्षिका को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेविका समय पर केंद्र नहीं खोलती और बच्चों को साप्ताहिक मेनू के अनुसार खाना भी नहीं देती। इससे बच्चों की पढ़ाई और पोषण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खोले गए हैं, लेकिन सेविका की लापरवाही से इसका मकसद पूरा नहीं हो पा रहा। हंटरगंज के अंचल अधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पति ने पत्नी पर टांगी से किया वार, पत्नी की मौके पर मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नलवा अम्बातरी में सोमवार की देर रात्रि पति ने अपनी पत्नी पर टांगी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं मृतक महिला की पहचान मक्की देवी मुण्डा पति सांड मुंडा के रूप में कई गई है। मिली जानकारी के अनुसार पति और पत्नी साथ में सोये थे, तभी अचानक पति ने बगल में रखी टांगी से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना डोमचांच थाना पुलिस को मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पंहुचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना का कारण पारिवारिक मतभेद बताया जा रहा है। वहीं इसे लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि 14 अप्रैल 2025 की रात्री लगभग 2:30 बजे सांड मुण्डा नामक व्यक्ति द्वारा पारिवारिक कलह के कारण अपनी पत्नी मक्की देवी मुण्डा को टांगी से मारकर हत्या कर दिया गया। इसे लेकर मक्की देवी के पुत्र लोधमा मुण्डा द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर डोमचांच थाना काण्ड संख्या-33/25 के तहत मामला दर्ज करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त सांड मुण्डा नलवा अम्बातरी थाना डोमचांच निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। काण्ड में प्रयुक्त टांगी को भी विधिवत जप्त किया गया है।



## डीसी-एसपी समेत कई अधिकारियों ने किया रक्तदान

**चतरा।** जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में आयोजित हुआ। इस मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप, एसपी विकास पाण्डेय, डीडीसी अमरेन्द्र सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, डीएफओ मुकेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्दर कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक राम जी कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने खुद रक्तदान किया और लोगों को इसके लिए प्रेरित किया।

# झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से युवक की मौत

### गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के पोस्तिया गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इलाज किए जाने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक सुरेंद्र यादव की तबीयत करीब 15 दिन पहले खराब हुई थी, जिसके बाद गांव के झोलाछाप डॉक्टर लालदेव कुमार उर्फ लालू ने उसे इंजेक्शन दिया। इंजेक्शन देने के बाद उसकी हालत और बिगड़ गई और डॉक्टर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने सुरेंद्र को पहले कई निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया और अंत में रांची रिम्स ले गए, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने चतरा-गया एनएच 22 मुख्य सड़क को जाम कर दिया और झोलाछाप की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल आरोपी फरार है। जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके गलत इलाज से लोगों की जान जा रही है। कुछ दिन पहले प्रतापपुर में भी इसी तरह की लापरवाही से एक महिला और नवजात की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग इन मामलों को लेकर अब तक गंभीर नजर नहीं आ रहा है और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है।



# पोषण पखवाड़ा के तहत पोषण पकवान प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** परियोजना अंतर्गत पोषण पखवाड़ा के तहत परियोजना एवं सेक्टर स्तर पर मंगलवार को पोषण पकवान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता परियोजना के विभिन्न आंगनबाड़ी की सहायिकाओं के बीच बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डॉ. रेखा रानी के निगरानी में किया गया। वहीं डॉ रानी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सहायिकाओं एवं सेविकाओं को बताया कि आप लोगों के बीच में इस तरह का प्रतियोगिता इसलिए कराया जा रहा है, ताकि आप आंगनबाड़ी केंद्र पर किस तरह से बच्चों के लिए खाना बनाती हैं और उसी दौरान सुरक्षा स्वच्छता के ऊपर कैसे ध्यान रखती है। साथ ही ध्यान रखा जाता है कि आपके आंगनबाड़ी केंद्र की पोषक क्षेत्र में कौन-कौन से खाद्य पदार्थ आसानी से उपलब्ध हैं। इस तरह का प्रतियोगिता से खाना बनाने का कौशल का भी बेहतर विकास होता है, इसलिए विभाग समय-समय पर आप सबों के बीच पोषण पकवान प्रतियोगिता का आयोजन कराती है। वहीं प्रखंड समन्वयक पप्पू कुमार यादव ने बताया कि पोषण पखवाड़ा प्रतियोगिता ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित किया जाएगा और सभी स्तर से तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। राज्य स्तर पर जिस केंद्र का रेसिपी चयनित होगी, वह पूरे राज्य के सभी आंगनबाड़ी के रेसिपी लागू किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर प्रथम रीना देवी आंगनबाड़ी केंद्र झलपो रविदास टोला कोड 134, द्वितीय विभा देवी आंगनबाड़ी केंद्र टीनवांटांड कोड 214, तृतीय सुनीता देवी आंगनबाड़ी केंद्र चिगलाबर हरिजन टोला कोड 320 की सहायिकाओं का रेसिपी चयन किया गया। जिसे 18 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में पोषण पकवान प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। समूह का चयन निर्णायक के रूप में उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड समन्वय, राजीव कुमार, महिला पर्यवेक्षक कुमारी श्वेता, पूनम कुमारी द्वारा सर्व सहमति से किया गया। मौके पर कलवा देवी, शकुंतला देवी, रीना देवी, विभा देवी, सुनीता देवी, शबाना खातून, राधा देवी, संगीता कुमारी, मीरा देवी, वर्षा रानी, संध्या कुमारी, राजनंदनी समेत कई सहायिका व सेविका मौजूद थे।



एक नजर में

## महिला को झांसे में लेकर जेवरात व नगदी ठगों ने उड़ाए

**दुमका।** जिले के रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली एक महिला ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने समस्या के समाधान करने के नाम पर महिला से उसकी सोने की चेन और अंगूठी के साथ 10 हजार नकद और मोबाइल लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पीड़िता पार्वती देवी ठगी अपने मायके दुमका आई थी। वापस रामगढ़ लौटने के लिए जब बस पकड़ने पोखरा चौंक पहुंची, तो वहां मौजूद दो व्यक्ति उनके पास आकर खुद को मथुरा निवासी बताया। उन दोनों ने पार्वती से एक पैकेट अगरबत्ती देने की मांग करते हुए धार्मिक बातों में उलझाना शुरू कर दिया। बीच-बीच में ठगों द्वारा महिला को राधे-राधे का जाप करने को कहा। इसके बाद दोनों ने कहा कि आपकी जो भी समस्या है, उसका हम लोग समाधान कर देंगे। महिला दोनों व्यक्ति के झांसे में आ गई और उसके पैर को छूकर आशीर्वाद भी लिया। विश्वास में लेने के बाद दोनों व्यक्ति ने कहा कि आपके जीवन में जो भी समस्या है उसका समाधान चाहते हैं, तो अपना हैंडबैग मेरे हाथों में दे और उस पर अपने सोने की चेन और उंगली में पहनी अंगूठी भी रख दे। बैग में 10 हजार रुपये नकद और एक स्मार्टफोन था। जिसे महिला ने उन दोनों को सौंप दिया। साथ ही गले से सोने की चेन उतार कर भी दे दी। उसके बाद इन दोनों व्यक्ति ने महिला को 108 कदम चलकर वापस आने को कहा। महिला जब वापस आई तब तक दोनों फरार हो चुके थे। इसके बाद पार्वती नगर थाना पहुंच लिखित शिकायत दर्ज कराई। यहां बता दें कि इससे पूर्व भी ठगों द्वारा ऐसे कई घटना को अंजाम दिया गया है। इससे पहले राजभवन के समक्ष पूर्व जज की पत्नी से ठगों इसी प्रकार ठगी का शिकार बनाया। इससे पहले बक्सी बांध में साधु के वेश में ठगों ने महिला को ठगी का शिकार बनाया। इस पूरे मामले पर नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद ने बताया कि धार्मिक बातों में उलझाकर दो लोगों ने सोने की चेन, अंगूठी, नकद और मोबाइल की ठगी की है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है। उस फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## छात्रों ने मूलभुत सुविधाओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**दुमका।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने मूलभुत सुविधाओं को लेकर रविवार को धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने बिजली, पानी और अन्य समस्या को लेकर धरने पर बैठे रहे। छात्रों ने बताया कि कॉलेज परिसर स्थित छात्रावास में पानी और बिजली की विकट समस्या है। पिछले कई दिनों से मोटर खराब रहने की वजह से यह समस्या और गंभीर हो गई है। पीने का पानी छात्र खरीदने को विवश है। जिससे छात्रों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही यहां बिजली की भी काफी गंभीर है। भवन में बिजली वायरिंग हमेशा खराब रहता है। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि खिलाफ हो रहे इस अत्याचार को बंद किया जाये। सरकार ने इस मेडिकल कॉलेज को चालू तो कर दिया है, लेकिन आधारभूत संरचना की काफी कमी है। जिस पर किसी का ध्यान नहीं। कॉलेज का लिफ्ट पिछले एक साल से अधिक समय से खराब है। इससे चार मंजिले में स्थित कमरे तक जाने में काफी परेशानी होती है। खासतौर पर जो निःशक्त हैं, उनके लिए तो यह समस्या काफी विकराल है। इधर कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया गया चड़क पूजा

**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड क्षेत्र स्थित चुटोनाथ में अंतिम चैत्र को होने वाला चड़क पूजा काफी धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को रात्रि जागरण, भजन मेला एवं बाबा चुटोनाथ महादेव का पूजन के साथ मनाया गया। मंगलवार को एकाह बली दी गई। कमेटी अध्यक्ष संजय राय ने बताया कि चड़क पूजा के आठ दिन पुर्व से ही आसपास के 22 मौजा में बामेशर बाबा को घुमाया जाता है। इस दौरान बामेशर बाबा को दिग्घी के काली मंदिर मे रखा जाता है। सोमवार को बामेशर बाबा के साथ ही बेदिया गांव के पहाड़ी बाबा, भैरो बाबा, मां पंचबाहिनी को सभी भक्त मिलकर गादी चुटो, डोमनपहाड़ी, बेदिया, अमलाचातर गांव में घुमाया गया। रातभर आस-पास के भक्त राजीव सिंह, भैरो बाबा, चंदन राय, परशुराम सिंह, मिथुन राय, सागर मिर्धा, जियालाल मिस्त्री, बमबम ठाकुर, बद्री राय, साहिल राय, पहचन सिंह सहित दर्जनों भक्त निर्जला उपवास कर रात में आग का अंगारे पर चलना, कटरेंगनी के कांटे पर चलना एवं जलते आग के उपर झुलना जैसे हैरत अंगेज कारनामे दिखाये। जिसे देखकर बच्चे, बुढ़े, महिला, पुरुषो ने खूब आनंद उठाया।

## चोरी की 25 लाख की छड़ जब्त

**दुमका।** टाटा टिस्कान कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर रवि मिश्रा की शिकायत पर मंगलवार को नगर थाना की पुलिस ने पुसारो स्थित अमित पटवारी के वाहन कारखाना से करीब 25 टन छड़ जब्त की है। इसकी बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपया बताई जा रही है। किसी छड़ में कंपनी का टैग नहीं होने की वजह से चोरी का संदेह हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। नौ जिला का काम देख रहे रवि मिश्रा को पता चला कि अग्रसेन भवन के समीप एक गोदाम में चोरी की छड़ उतारी जा रही है। छड़ के बंडल में कंपनी का टैग भी नहीं है। इसके बाद रवि जब गोदाम पर पहुंचे तो वहां काम करने वालों ने आधा घंटे तक बैठाए रखा। इसी बीच चालक छड़ भरा ट्रक लेकर भाग निकला। रवि ने इसकी सूचना नगर थाना प्रभारी को दी तो वे भी ट्रक का पीछा करने निकल पड़े। पुसारो के पास पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने अमित पटवारी से पूछा तो उसने बताया कि यह छड़ घर में काम के लिए मंगवाई है। इसमें टैग नहीं लगा है तो उनकी गलती नहीं है। थाना प्रभारी नंद किशोर यादव का कहना है कि छड़ चोरी की है या नहीं, यह तो जांच में साफ हो जाएगी। मामले की जांच चल रही है। अगर केस बना तो मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एरिया मैनेजर रवि का कहना था कि अगर उनकी कंपनी का एक भी ट्रक नौ जिला में जाएगा तो इसकी सूचना मोबाइल पर पहले मिल जाती है। उनका अधिकृत विक्रेता बिना टैग के छड़ नहीं बेच सकता है। यहां पर कोई सूचना नहीं आई थी। अगर अमित ने अपने घर के लिए छड़ मंगाई थी तो फिर क्यों उन्हें जांच करने से रोका। कंपनी को सारे मामले से अवगत करा दिया गया है। पुलिस भी अपनी जांच कर रही है।

## धान लदा वैन सड़क किनारे खड़ी हाईवा से टकराया, वैन मालिक की मौत

**दुमका।** धान लेकर बंगाल जा रही पिकअप वेन सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गई। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रानीडिंडा गांव के पास मंगलवार की अहले सुबह घटी। हादसे में गोडडा के पथरगामा प्रखंड के बाबूपुर निवासी 48 वर्षीय निरंजन कुंवर की मौत हो गई। वहीं शिकारीपाड़ा के सिमानीजोर के पास सड़क पार कर रही वृद्धा मैहर मुर्मू को टेलर ने धक्का मार दिया। महिला की मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोड्डा के पथरगामा का वैन मालिक निरंजन कुंवर रात में धान लेकर पश्चिम बंगाल के सैंथिया जा रहा था। रानीडिंडा गांव के पास मालिक सह चालक को झपकी लग गई और तेज गति से जा रहे वैन अनियंत्रित होने के बाद हाइवा से टकरा गई। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक तीन बच्चों का पिता था। अक्सर अपनी वैन में धान भरकर बंगाल जाते रहता था।

## स्पीड न्यूज

### अधूरे निर्माण कार्य से सड़क पर बना गड्ढा तालाब में हुआ तब्दील



रायडीह। रायडीह प्रखंड के शंख मोड़ मांझाटोली स्थित कार्तिक उरांव चौक का सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके तहत सड़क के दोनों ओर पेबर ब्लॉक बिछाना है। लेकिन ठेकेदार ने कुछ जगह पेबर ब्लॉक बिछाकर बाकी जगह सिर्फ गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। जिससे लगातार हो रही बारिश की वजह से चौक में तालाब जैसी स्थिति बन गयी है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों के साथ ही स्थानीय लोगों को घरों से निकलने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बात को संवेदक अनसुना कर मनमानी रूप से कार्य कर रहा है। ज्ञात हो कि खराब गुणवत्ता पूर्ण निर्माण को लेकर एकबार ग्रामीणों के द्वारा कार्य को बंद भी कराया गया था। लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थानीय मुखिया चुंया कुजूर ने कहा कि यहां जो कार्य किया जा रहा है वो पूरी तरह गलत किया जा रहा है और जब विभाग के लोगों से बात की गई तो उन्होंने गोलमटोल जवाब दिया। विभाग के इस रवैये से जनता काफी नाराज है और रोड पर उतरने को विवश होगा। उपप्रमुख दीपक कुजूर ने कहा कि काम बहुत ही गलत ढंग से किया जा रहा है। कार्य में सुधार करने कहने के बावजूद संवेदक उपर तक पहुंच का धौंस दिखाकर लीपापोती करने में लगा हुआ है। स्थानीय ग्रामीण निलेश झा ने कहा कि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण मजबूर होकर रोड में उतरेंगे। जिसके जिम्मेदार संबंधित विभाग और संवेदक की होगी। ग्रामीण शमीम ताज ने कहा संवेदक कुछ जगह कार्य किया और कुछ जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। जिससे आम ग्रामीणों को काफी दिक्कत हो रही है। सुरज कुमार सिंह ने कहा कि संवेदक उंचा पहुंच का धौंस दिखाकर कार्यों का लीपापोती कर रहा है उन्होंने उच्च स्तरीय जांचकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सुंदरीकरण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

### रायडीह के कूडो छतरपुर में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व



रायडीह। सरहुल पूजा समिति कूड़ो छतरपुर रायडीह के द्वारा मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल हर्षोल्लास से मनाया गया। मौके पर रायडीह प्रमुख ममता सोरेंग ने कहा कि सरहुल एक ऐसा पर्व है जो प्रकृति से जुड़ा है और इस पर्व को देखते हुए हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। कूड़ो छतरपुर के मुखिया चुयां कुजूर ने कहा कि सरहुल पर्व हम सखुआ की पूजा करते है। सरहुल पर्व हमें नव वर्ष का प्रतीक है। यह झारखंड का एक प्रमुख आदिवासी त्योहार है। पतझड़ के समय सखुआ में फूल खिलते है तो कितना लुभावना लगता है। जिसकी हम पूजा करते है। इसके बाद मूली पड़हा के अध्यक्ष राजू उरांव ने कहा कि सरहुल आदिवासी नव वर्ष का प्रतीक है। इसे धरती की पूजा और नवजीवन का उत्सव भी कहा जाता है। इसलिए इस पर्व को हमलोग को इसी तरह हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। उसके बाद सरहुल का शोभा यात्रा निकला गया। जहां सभी लोग झूमते नजर आए और महिलाओं के द्वारा जगह जगह पर जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सुरसांग मुखिया आशा सूचिता एक्का, जरजट्टा मुखिया मारथा एक्का, उप प्रमुख दीपक कुजूर, थाना के एस आई अजय मिश्रा,कमलेश कुमार झा लालो राय, सोमेश्वर भगत, सुखरू उरांव देवतू उरांव गुंझू उरांव राजू उरांव, प्रतिमा टोप्पो सहित कई लोग मौजूद थे।

### शादीशुदा जोड़ों के पंजीकरण के मामले को लेकर मिशन बदलाव की टीम मिला डीसी से



गुमला। मिशन बदलाव जिला सचिव और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में मिशन बदलाव टीम मंगलवार को डीसी से मुलाकात कर शादी पंजीकरण को लेर मांग पत्र सौंपा। टीम के सदस्यों ने बताया कि गुमला जिले में प्रखंड से लेकर शहरी क्षेत्र में शादीशुदा पंजीकरण के लिये आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिशन बदलाव के सचिव सैयदा खातुन ने डीसी से मांग किया कि सभी जगहों में ऑनलाइन व्यस्था बहाल कर शादी का पंजीकरण किया जाए। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। आज आम जनता को शादीशुदा एवं विवाह पंजीकरण के लिए कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि दलालों के वजह से आम लोंगो को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डीसी ने बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जल्द ऑनलाइन व्यस्था विभागों के द्वारा दिये जायेंगे और उन्होंने ने तुरंत नगर परिषद पदाधिकारी को कॉल कर आम लोंगो की परेशानी को देखते हुए काउन्टर बहाल करने का निर्देश दिया। डीसी से मिलने वालों में मिशन बदलाव नगर सचिव ज्योति ग्लोयरिया कुजूर एवं सदस्य उपस्थित थे।

### कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र में ऑटो पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल

चैनपुर। चैनपुर अंचल क्षेत्र के कुरूमगढ़ थाना अंतर्गत बहराटोली के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में 20 वर्षीय शंकर कोरवा पिता मगर कोरवा चापा झरिया निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि शंकर और अन्य लोग सरहुल मनाने के बाद मेहमानी कोलहुकोना जाने के लिए ऑटो में सवार थे। जानकारी के अनुसार हादसा तब हुआ जब ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में शंकर कोरवा के पैर में गंभीर चोटें आई, जबकि अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आई। घटनास्थल पर कुरूमगाढ़ थाना प्रभारी मुनेश्वर तिवारी ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने शंकर का उपचार किया और उन्हें बाद में छुट्टी दे दी।

# डॉ दीपक प्रसाद को मिलेगा भारत श्री सम्मान 2025

**कला, साहित्य एवं रंगमंच के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए भव्या फाउंडेशन जयपुर करेगा सम्मानित**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। झारखंड की धरती पर कार्यरत प्रख्यात वरिष्ठ युवा रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य शिक्षा संकाय कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला डॉ दीपक प्रसाद को भारत श्री सम्मान 2025 से नवाजा जाएगा। इस गौरवपूर्ण सम्मान की घोषणा भव्या फाउंडेशन जयपुर की निदेशक डॉ निशा माथुर ने की। यह सम्मान 1 जून को जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। जिसमें डॉ प्रसाद को साल, पगड़ी, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। डॉ दीपक प्रसाद को यह सम्मान कला, साहित्य, रंगमंच, निर्देशन, लेखन, समाज सेवा एवं शोध कार्य जैसे विविध क्षेत्रों में उनके पिछले 25 वर्षों की निष्ठापूर्ण साधना, समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है। इससे पूर्व उन्हें 2023 में महर्षि वाल्मीकि सम्मान तथा 2024 में चाणक्य सम्मान से भी अलंकृत किया जा चुका है। गोड्डा जिले के ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड की लोकनाट्य परंपरा को पहचान दिलाने वाले डॉ प्रसाद की प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूलों में हुई। उच्च शिक्षा उन्होंने दिल्ली विवि से प्राप्त की। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली से रंगमंच की गहराइयों में उतरते हुए, स्नातकोत्तर शिक्षा एशिया की पहली फाइन आर्ट विवि इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ छत्तीसगढ़ से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने मुंबई में फिल्मों व टेलीविजन धारावाहिकों से भी जुड़कर अनुभव प्राप्त किया। डॉ प्रसाद ने झारखंड के लोकनाट्य पर गहन शोध करते हुए विनोबा भावे विवि हजारीबाग से पीएचडी की उपाधि अर्जित की। वे वर्तमान में नाट्यकला को समर्पित झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी के माध्यम से सांस्कृतिक जागरूकता और रंगकर्म को समर्पित भाव से आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी बहुआयामी प्रतिभा, सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव एवं संघर्षों से उभरी सफलता की प्रेरणादायक कहानी आज युवाओं के लिए एक मार्गदर्शन बन चुकी है। यह सम्मान न केवल डॉ प्रसाद की उपलब्धियों की स्वीकृति है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रतीक भी है।

# धूमधाम से संपन्न हुआ प्रकृति पर्व सरहुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सरहुल शोभायात्रा में शामिल लोग।

कैरो। प्रखंड के खरता में मंगलवार को धूमधाम के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। गांव के पहान जयमंगल मुंडा, पुजार मांगे उरांव व महतो द्वारा झखरा स्थल में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। जिसके उपरांत महिला पुरुष व बच्चों ने पारंपरिक भेषभूषा में ढोल नगाड़ा, मांदर की थाप में सरहुल गाना गाते हुए और डीजे की धुन में शोभायात्रा निकाला गया, जो निचेटोली, टंगरा टोली, अखड़ा टोली होते हुए टांड़टोली तक अबीर गुलाल लगाते और एक दूसरे को बधाई देते हुए गया। जहां पर समाजसेवियों व अखड़ा टोली में भी शोभायात्रा में शामिल लोगो को गुड़ चना और सरबत दिया गया। गांव के अखड़ा व झखरा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और गांव के पहान द्वारा झखरा में उपवास रहकर जाने वाले ग्रामीणों के बीच सरहुल फूल दिया गया जो सरहुल होना कहलाता है। कार्यक्रम में पहान जयमंगल मुंडा, बहादुर उरांव, बीरबल महली, जोखन भगत, बंधु उरांव, मृदुल तिवारी, बजरंगी यादव, रामनाथ उरांव, सुंदेश्वर उरांव, संतोष भगत, जगे टाना भगत, चौधरी टाना भगत, इन्द्रनाथ उरांव, बैजू मुंडा, सनिया टाना भगत, शिवम तिवारी, राजकुमार टाना भगत, राजू उरांव, समुंदर महली, कार्तिक महली, कर्मबीर महली, बिनय भगत व महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

# सांसद सुखदेव भगत जनसमस्याओं के निदान के लिए कृत संकल्पित है : आलोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोहरदगा। सांसद के निजी सहायक सह इंटक के लोहरदगा अध्यक्ष आलोक कुमार साहू मंगलवार को सेन्हा प्रखंड के महुरांग टंगरा टोली एकागुरी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने साहू को बताया कि यहां 50 से 60 घर है एक जल मीनार था जो कितने महीना से खराब है यहां के लोगों को बहुत दूर पानी लाने जाना पड़ता है इसलिए एक नया दीप बोरिंग कराने की मांग की । ग्रामीणों ने 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग साहू से किया। बस्ती आने के लिए यहां सड़क नहीं है इसलिए सड़क का निर्माण कराया जाए मौके पर आलोक साहू ने कहा कि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत जन समस्याओं के निदान हेतु कृत संकल्पित है। समस्या की जानकारी मिलने पर सांसद उसका तुरंत निदान करने का प्रयास करते हैं। साहू ने मौके पर से ही पीएचईडी विभाग के अभियंता से वार्ता कर गांव में नया डीप बोरिंग कराने एवं खराब पड़े चालमीनार को शीघ्र बनाने का निर्देश दिए। साहू ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर यहां शीघ्र 25 केवी का ट्रांसफार्मर देने का आग्रह किये। साहू ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर यहां की समस्याओं का निदान सांसद के प्रयास से किया जाएगा। मौके पर लोहरदगा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक, लक्ष्मण उरांव, बजरंग उरांव विनोद उरांव रवि उरांव रविंद्र उरांव, कमला उराव, राम उरांव, राजकुमार उरांव, जतरू उरांव, अनीता उरांव, शनिचरिया उराव, निशा कुमारी, सोमारी उरांव, जगमनिया उरांव, जागो देवी, परिबा भगत, सुकरा उरांव, पूनिया उराव, अंकित उरांव, रोहित उरांव, शांति देवी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जन शिकायत निवारण दिवस में गुमला डीसी ने सुनी जनता की समस्या, कहा

# योजनाओं में गड़बडी बर्दाश्त नही करेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों की समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्याथी।

गुमला। जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस में डीसी कर्ण सत्यार्थी ने आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर मुलाकात की और उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए समाधान का अश्वासन दिया। बसिया प्रखंड के बोड़ेकेरा बरटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित नहीं रहती। जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानी होती है। इस हेतु ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। रायडीह प्रखंड अंतर्गत रमजा गलगुटरी में पेयजल की समस्या है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिलकर आवेदन दिया। पेयजल समस्या दूर करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में उपायुक्त ने आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अतिक्रमण, रोजगार, राशन नहीं मिलने की समस्या, सड़क, नाली, अबुआ आवास, आर्थिक सहायता, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी, एकलव्य विद्यालय में नामांकन, सड़क निर्माण में गड़बड़ी एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन आये। उपायुक्त ने लगभग 40 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में गड़बडी और सरकारी योजनाओं में लापरवाही बर्दाशत नही करेंगे। डीसी ने अधिकारियों को इसके लिए चेताया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याए को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### आंजन धाम सीढी के शेड पर लगे बांस को हटाकर स्टील के लगाने की मांग

गुमला। पूर्व जिला परिषद सदस्य हंदू भगत ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर राजकीय धरोहर आंजन धाम की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। भगत ने कहा कि आंजन धाम मंदिर में सीढी पर लगाये गये शेड के बांस जीर्ण अवस्था पर हैं। बांस कभी भी गिर सकती है। इसलिए आंजन धाम में सीढ़ी के शेड के बांस हटाकर तत्काल स्टील के लगाने की मांग की। भगत ने टोटो से आंजन तक सड़क के दोनों किनारों पर फलदार व छायादार पौधे लगाने की भी मांग की। साथ ही टोटो में आंजन धाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रवेश द्वारा बनाने व टोटो से आंजन तक सड़क के किनारे सोलर लाईट लगाने की मांग की है।

# झारखण्ड कैबिनेट में लिये गये निर्णय का स्नात्तकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों ने किया विरोध

**प्रदर्शन कर शिक्षकों ने निर्णय वापस लेने की अपील की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गुमला। झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर के आह्वान पर मंगलवार को गुमला जिला के सभी स्नात्तकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों ने झारखण्ड सरकार के कैबिनेट के द्वारा लिए गए निर्णय के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। 08 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक में पीजीटी और टीजीटी के पद के जगह पर माध्यमिक आचार्य पद सृजन किया गया है। जिसमें शिक्षकों को एक ओर अतिरिक्त वर्ग कक्ष में अध्यापन की जिम्मेवारी दी गई है। वहीं दूसरी ओर ग्रेड पे 4800 से घटाकर 4200 कर दिया गया है। इस तरह से ऐसे माध्यमिक आचार्य शिक्षक नियुक्त होने वाले शिक्षक को लगभग 20 हजार रुपए प्रति माह कम वेतन मिलेगा। फिलहाल पी जी टी और टी जी टी शिक्षक को केंद्रीय वेतमान के समान वेतन मिलता है। सरकार के इस निर्णय से शिक्षकों और शिक्षाविदों में रोष व्याप्त है। कम वेतन मिलने से प्रतिभाशाली व्यक्ति का रुझान शिक्षक पद की ओर नहीं रहेगा। इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा। जिसका खामियाजा समस्त राज्यवासियों को भुगतना पड़ेगा। जिसको लेकर गुमला जिला के सभी स्नात्तकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के निर्णय का विरोध किया और न्याय की अपील की। झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ ऐसे गलत नीति का विरोध करती है। सरकार को राज्यहित में ऐसे गलत निर्णय को वापस लेना पड़ेगा अन्यथा राज्य के सभी कोटि के शिक्षक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### निगरानी समिति के सदस्य लाल विकास नाथ शाहदेव ने कुडू कृषि फार्म का किया निरीक्षण



लोहरदगा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य लाल विकास नाथ शाहदेव ने मंगलवार को कुडू कृषि फार्म का निरीक्षण किया। इस दौरान विगत 23/24 से कृषि पाठशाला एवं अन्य निर्माण कार्य कृषि विभाग से कुडू फार्म में कराया जा रहा है परंतु कार्य की गति इतनी धीमी है की समय अवधि समाप्त होने के कगार पर है और ठेकेदार किसी तरह कोरम पूरा कर रहा है। बंगला भट्ठा का ईट सहित घटिया सामग्री आदि का प्रयोग कर विकास योजनाओं में लीपा पोती करके बंदर बांट किया जा रहा है। संवेदक कभी स्थल पर नहीं जाते और तकनीकी पदाधिकारी एव विभाग भी चुप्पी साधे हुए है तकनीकी पदाधिकारी भी स्थल पर नहीं जाते हैं। निगरानी समिति के सदस्य लाल विकास ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत को सारी बातों से अवगत कराया जाएगा और संबंधित ठेकेदार और विभाग पर जांच करवाया जाएगा। किसी भी कीमत पर विकास योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एसएसबी ने बेंदोरा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बेंदोरा पंचायत भवन में मंगलवार को राजेश सिंह के नेतृत्व में 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के द्वारा विशेष नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यकम के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर का उदघाटन डॉ हिमांशु गिरी ने किया। जिसमें चैनपुर के एसडीपीओ ललित मीणा, मुखिया सुशील दीपक मिंज और कई नेता एवं सदस्य शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य बेंदोरा और कीरतो पंचायत के नागरिकों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में कुल 105 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी मरीजों का नि:शुल्क जांच करके उन्हें आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर उनके लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता को समझते हुए 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल ने भविष्य में और अधिक चिकित्सा शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया। इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और चिकित्सा सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# वक्फ कानून स्वीकार नहीं करेंगे : अब्दुल रउफ अंसारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोहरदगा। लोहरदगा जिला में वक्फ संसोधन बिल कानून को वापस दिलाए जाने को लेकर जोरदार आंदोलन किए जाने हेतु अंजुमन हास्पीटल में अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के सदर जनाब अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में एक खास मीटिंग रखी गई। सदर जनाब अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार हमारी संपत्तियों को जबरदस्ती कब्जा जमाने की कोशिश कर रही है, इसी मकसद से वक्फ संसोधन बिल कानून को लागू की है, लेकिन इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत पर इस कानून को समर्थन नहीं दिया जाएगा। इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। वहीं जामा मस्जिद लोहरदगा के इमाम हाफिज व कारी मौलाना समीम रिजवी साहब ने कहा कि वक्फ संसोधन बिल कानून को वापस दिलाए जाने तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सेक्रेटरी शाहिद अहमद उर्फ बेलू ने कहा कि वक्फ संसोधन कानून को केंद्र सरकार जब-तक वापस नहीं ले लेती है तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। मौके पर हाजी शकील अहमद, अल्ताफ कुरेशी अनवर अंसारी फारूक कुरैशी सैयद आरिफ हुसैन सैयद रिंकू दानिश अली, वासिफ कयुम यासीन कुरेशी खालिद शाह सरवर खान इमरान हुसैन साउद आलम मोहेमिन उर्फ बब्बन, सैयद वसीम सैयद कासिम रौनक आलम आमिर खान तौसीफ रजा तौफीक अंसारी इमरान आलम समी अहमद रेहान अख्तर आदि लोग मौजूद थे।

### गुमला: नबालिक के साथ सामुहिक दुष्कर्म मां ने दर्ज करायी प्राथमिकी

गुमला। सिसई थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ सामुहिक दुष्कर्म का मामला गुमला थाना में दर्ज कराया है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उसकी नाबालिक पुत्री गुमला के एक गांव में शादी समारोह में 10 अप्रैल को आयी थी। जहां रात्रि में अज्ञात युवकों के द्वारा उसकी बेटी के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया गया। मां ने बताया कि बच्ची डर से चार दिनों तक घटना की जानकारी नहीं दी। पांचवा दिन दर्द होने पर बच्ची ने मां को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मंगलवार को नाबालिक की मां गुमला थाना में आकर अज्ञात युवकों के खिलाफ सामुहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगायी है।

# घाघरा में धूमधाम से मनाया गया सरहुल, मांदर की थाप पर झूमे युवक-युवतियां





## जल, जंगल और जमीन की पूजा करते हैं, जो हमारी संस्कृति की आत्मा है : शिव कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

घाघरा। घाघरा प्रखंड में मंगलवार को सरहुल पर्व मनाया गया। इस दौरान सरहुल संचालन समिति के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पहान पुजार के द्वारा झखरा कुंबा में पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद विभिन्न गांव से आए खोड़हा दल एकत्रित हुए और जुलूस के शक्ल में चांदनी चौक, थाना चौक व ब्लॉक चौक होते हुए करम डीपा पहुंचे। जहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया। खोड़हा दल के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा के साथ ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए दिखे। संचालन समिति के द्वारा सभी दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिवकुमार भगत ने कहा सरहुल सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और धन्यवाद ज्ञापन का पर्व है। हम साल वृक्ष, जल, जंगल और जमीन की पूजा करते हैं, जो हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। पूर्वजों के द्वारा जो धरोहर हमें मिला है इसे जन्मो जन्मांतर तक दिन-ब-दिन बेहतर करते हुए मनाने की दिशा में प्रयासरत रहने की जरूरत है। आदिवासी प्रकृति के पूजक है। हमारा जीवन प्राकृतिक पर निर्भर रहता है। उन्होंने युवाओं को आगे आकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही ताकि आने वाले पीढ़ी को हमारी संस्कृति सभ्यता परम्परा को बेहतर करने की दिशा में बताया जा सके। इस दौरान पूरे प्रखंड से लगभग 150 से अधिक खोड़हा दल पहुंचे। मौके पर सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष मंडल, अनिल उरांव, राजकुमार भगत, अनिरुद्ध चौबे, शीला कुजूर, शीला रानी, शिवा देवी, कृष्णा कुमार लोहरा, लाल उरांव, अनिल उरांव, रवि पहान, झरी उरांव, चंद्रदेव उरांव, अमित नाग, सहदेव भगत, कामाख्या भगत, लालदेव भगत, विजय साहू, अवनीत पांडे, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, रवि उरांव, सुनील उरांव, उमेश, धन कुंवर साहू श्याम किशोर पाठक, पहान पुजार चंदर उरांव, खुद्दी उरांव, लालदेव भगत, शिला कुजूर, निर्मल उरांव, प्रकाश उरांव, सौरभ सहित कई लोग मौजूद थे।

# पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी में डॉ अंबेडकर जयंती का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोहरदगा। अंबेडकर जयंती समारोह का भव्य आयोजन पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अरुण राम ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य अरुण राम ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने छात्रों को अंबेडकर जी के विचारों को अपनाने और अपने जीवन में शिक्षा को सर्वोच्च स्थान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अंबेडकर के जीवन पर आधारित नाटक और गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तृतीय स्थान में रहे निखिल प्रजापति एवं आदिती कुमारी, द्वितीय स्थान राजू महतो एवं रोहन सोनी तथा प्रथम स्थान पर रहे राहुल सोनी को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को विद्यालय के विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, रतना मिंज, असरानी वारला मनीष कुमार ने भी संबोधित किया। संचालन शिक्षिका सुमित्रा टोप्पो ने किया। समारोह में शिक्षिका नेमंहती मिंज, मनीष कुमार, महेंद्र उरांव, फैज आलम, साबिर मियां, रविशंकर ब्रितीया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दो माओवादी ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

## माओवाद की जंजीरें तोड़ मुख्यधारा में लौटे दो युवा, हथियार छोड़ थामा संविधान

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** जंगल की राह छोड़, शांति और विकास की ओर लौटने की बयार एक बार फिर लातेहार में बही है। कभी बंदूक उठाकर व्यवस्था को चुनौती देने वाले दो माओवादी अब संविधान और कानून का दामन थाम चुके हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर की सूझबूझ और नई दिशा पुनर्वास नीति के असर से दोनों उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर नया जीवन शुरू करने का ऐलान किया। सिर पर इनामी रकम, दिल में पश्चाताप छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के पुनदाग निवासी अमरजीत उर्फ काली उर्फ सनी बिरजिया (19) और चुनचुना पंचफेड़ी के मिथिलेश उर्फ अखिलेश कोरवा (28) का नाम पुलिस फाइल में वर्षों से दर्ज था। अमरजीत पर जहां छिपादोहर थाना में मामला दर्ज है, वहीं मिथिलेश भी कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा। दोनों ने कभी 15 लाख के इनामी छोटू खरवार, 10 लाख के प्रदीप सिंह चेरो और नीरज सिंह खरवार जैसे कुख्यातों के साथ मिलकर कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया।


लातेहार एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण करते माओवादी।

अब इन्हीं हाथों ने संविधान की किताब थामी।

कमजोर पड़ी माओवादी कमर, ऑपरेशन जारी आत्मसमर्पण समारोह में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि अब माओवाद अपने अंतिम सांस गिन रहा है। जो बचे हैं, उनके पास या तो आत्मसमर्पण का रास्ता है या फिर मुठभेड़ का अंजाम। वहीं कमांडेंट यादराम बुनकर ने दो टूक कहा कि अब जंगल में खून की जगह विकास बहेगा। सीआरपीएफ का ऑपरेशन जारी है और माओवादियों का हश्र वही होगा, जो उनके साथियों का हुआ है। अपने लोगों से किया आत्मसमर्पण का आह्वान शॉल और बुके लेकर जब दोनों पूर्व माओवादी मंच पर आए तो हर आंख में सवाल था, क्या इन्हीं हाथों ने गोलियां चलाई थीं? लेकिन जवाब खुद इनका पश्चाताप भरा चेहरा दे रहा था। दोनों ने कहा कि हम अपने उन साथियों से भी अपील करते हैं, जो अभी भी जंगल में भटके हुए हैं। बंदूक से न कभी विकास हुआ है और न होगा। लौट आइए, सरकार और समाज दोनों गले लगाने को तैयार हैं। छोटू खरवार की मौत और संगठन का बिखराव गौरतलब है कि पिछले वर्ष पैसों के बंटवारे को लेकर छोटू खरवार की हत्या खुद उसके साथियों ने कर दी थी। तभी से संगठन बिखरने लगा। लगातार पुलिस और सीआरपीएफ की सख्ती और सरकार की लचीली पुनर्वास नीति ने माओवादियों का हौसला तोड़ दिया है। अब विकास की रोशनी, जंगल में अंधेरा नहीं इस आत्मसमर्पण ने यह साबित कर दिया कि अब बंदूक की धमक की जगह कक्षा की घंटी और खेतों में हल की गूंज लौटेगी। समाज का हर भटका नौजवान अगर यही रास्ता चुने, तो जंगल भी फिर मुस्कुराएगा।

## आज होगी गैर सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य एवं अभिभावकों की बैठक

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ में निजी स्कूलों की मनमानी एवं री एडमिशन, फीस बढ़ोतरी और बुक के नाम पर ले रहे मनमानी शुल्क को लेकर अभिभावको की शिकायत जब खबर मंत्र समेत विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल पर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में सुबह 10:00 बजे से विभिन्न निजी विद्यालय की बैठक रखी गई है जिसमें बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से निजी विद्यालयों द्वारा री एडमिशन शुल्क एवं मनमानी ढंग से फीस बढ़ोतरी की खबर प्रकाशित हुआ था। जिसमें कई सामाजिक व्यक्तियों के द्वारा मुखर होकर इसका विरोध किया जा रहा था। मामला संज्ञान में आने के बाद जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव से इस संबंध में एक बैठक आहूत करने का अनुरोध किया था। जिसके आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा बैठक संबंधी पत्र निकाला गया है। यह बैठक 16 अप्रैल को 10:00 बजे प्रखंड कार्यालय सभागार में रखी गई है। बैठक में सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही साथ सभी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मनमाने ढंग से फीस बढ़ोतरी नहीं की जा सकती है और न हीं एडमिशन का कोई विकल्प है। यह पूरी तरह गलत है। बैठक में उन्होंने अभिभावक से पहुंचकर बात रखने का अपील किया है। ताकि किसी भी अभिभावक के साथ अन्याय नहीं हो।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर एनएच 39 सड़क पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जगलदग्गा गांव के पास हुई। मृतक की पहचान डीही गांव निवासी तबरेज अंसारी के रूप में हुई है। वह सदर थाना क्षेत्र के डीही में अपनी ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह मूल रूप से लेस्लीगंज के धनगांव का रहने वाला था। तबरेज मंगलवार को अपनी मोटरसाइकिल से रांची से डीही गांव लौट रहा था। रास्ते में जगलदग्गा के पास अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी मिलते ही उसके मामा नेसार अंसारी मौके पर पहुंचे। आसपास के होटल वालों ने बताया कि ट्रक के पीछे एक बस भी चल रही थी। बस जब सड़क से नीचे उतरकर गुजरने लगी तो लोग वहां पहुंचे। पास जाकर देखा तो युवक का शव और मोटरसाइकिल सड़क किनारे पड़ी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

# नेताओं और अफसरों की बेरुखी, बरवाडीह जंक्शन का दर्जा छीना

## नेताओं का विकास मॉडल, इतिहास मिटाया, बरवाडीह की गरिमा पर चोट

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंडवासियों के लिए यह खबर किसी बड़े झटके से कम नहीं है। कभी लातेहार ज़िले का गौरव और प्रमुख रेलवे केंद्र रहा बरवाडीह जंक्शन अब सिर्फ बरवाडीह रेलवे स्टेशन बन कर रह गया है। रेलवे बोर्ड ने बरवाडीह से जंक्शन का तमगा छीन लिया है। इससे न सिर्फ क्षेत्रीय रेल यातायात पर असर पड़ा है, बल्कि बरवाडीह की गरिमा और भविष्य की विकास संभावनाओं पर भी गहरा आघात हुआ है। जनता बोली, नेताओं ने किया विश्वासघात बरवाडीह स्टेशन से जंक्शन का दर्जा हटने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन नेताओं ने विकास का वादा कर वोट बटोरे, उन्हीं के शासन में बरवाडीह का ऐतिहासिक दर्जा छीन लिया गया। रेलवे अधिकारियों की मनमानी और नेताओं की चुप्पी ने बरवाडीह को पिछड़ापन सौंप दिया है। स्थानीय लोगों की माने तो बरवाडीह का जंक्शन होना यहां की पहचान थी। अब इसे हटा कर हमारी गरिमा और सुविधाएं छीन ली गई हैं। प्रशासन व जनप्रतिनिधि खामोश लोगों का आरोप है कि इस महत्वपूर्ण फैसले को बिना किसी सार्वजनिक सूचना और चर्चा के चुपचाप लागू कर दिया गया। प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर विषय पर खामोश हैं। इससे यह साफ है कि जनता की सुविधाओं और अपेक्षाओं की किसी को कोई परवाह नहीं। चिरमिरी रेललाइन का ऐतिहासिक महत्व भी खत्म गौरतलब है कि बरवाडीह स्टेशन को पहले जंक्शन का दर्जा इसलिए मिला था क्योंकि यहां से कई दिशाओं के लिए रेल का विस्तार करने की योजना थी। इसके साथ ही बरवाडीह से छत्तीसगढ़ के चिरमिरी तक रेललाइन विस्तार की योजना थी। इसी योजना के तहत



बरवाडीह रेलवे स्टेशन।

बरवाडीह को जंक्शन का दर्जा दिया गया था। हालांकि, समय बीतने के साथ चिरमिरी रेललाइन योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई और अब जंक्शन का तमगा भी छीन लिया गया।

इससे न केवल बरवाडीह का ऐतिहासिक महत्व कम हुआ है, बल्कि क्षेत्रीय विकास की उम्मीदें भी धूमिल हो गई हैं। जनता का सवाल, क्या यही है सरकार का विकास मॉडल? स्थानीय लोगों ने सरकार और रेलवे प्रशासन से सवाल किया है कि जब देशभर में विकास के दावे किए जा रहे हैं, तो फिर बरवाडीह जैसे स्टेशन का दर्जा क्यों घटाया गया? क्या यही विकास है, जिसमें बुनियादी सुविधाएं और गौरव भी छीने जा रहे हैं?

## मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को किया हैरान



**बरवाडीह।** मंगलवार की दोपहर प्रखंड क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ आसमान से बफीर्ले पत्थर गिरने का नजारा लोगों ने देखा। कहीं ओले के रूप में बफीर्ली गोलियां जमीन पर गिरीं, तो कहीं तेज बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। खेतों में खड़ी फसल को भी इस बफीर्ली बारिश से भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था कि अगले कुछ घंटों में तेज हवाओं, ओलावृष्टि और गरज के साथ बारिश के आसार हैं। इस मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को हैरान कर दिया है। कई जगह लोगों ने बफीर्ले पत्थरों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा की हैं। खास बात यह है कि तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है और ठंड का असर फिर से बढ़ गया है। फसलों को नुकसान, किसान चिंतित इस ओलावृष्टि से सबसे ज्यादा नुकसान खेतों में खड़ी गेंहू, सरसों और सब्जी की फसलों को हुआ है। इसके अलावा महुआ पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों ने संबंधित पदाधिकारियों से बारिश के बाद उनके फसलों को हुए नुकसान के साथ हालात का जायजा लेने की गुहार लगाई है।

## खेल स्टेडियम सौंदर्यीकरण करने की मांग की



**चंदवा।** अंकित कुमार के नेतृत्व में युवा भारत का एक शिष्टमंडल मंगलवार को चंदवा उप-प्रमुख अश्विनी मिश्र को ज्ञापन सौंपकर चंदवा इंदिरा गांधी चौक में हाई मास्क लाइट और चौक की सुंदरीकरण और खेल स्टेडियम का सौंदर्यीकरण की मांग की। युवा भारत ने लोगों ने कहा कि बढ़ती हुई आबादी के बीच एकमात्र खेल स्टेडियम का सौंदर्यीकरण बेहद जरुरी है। स्टेडियम में गेट और दर्शक दीर्घा के अलावा ओपन जिम जरुरी है। उप-प्रमुख अश्विनी मिश्र ने युवा भारत के सदस्यों को आश्वस्त कराया कि एक पखवाड़े के अंदर आपके मांगो को पूरा करने का प्रयास करूंगा। हाई मास्क लाइट लग जायेगी जबकि स्टेडियम को डीएमएफटी फंड से करवाने का प्रयास रहेगा। अश्विनी मिश्र ने कहा कि शहर के सुंदरीकरण के लिए मैंने विधायक प्रकाश राम और सांसद कालीचरण सिंह से भी वार्ता की है। उनसे से आग्रह करूंगा कि सीएसआर फंड का उपयोग में चंदवा के सुंदरीकरण पर भी खर्च हो। मौके पर विनय कुमार रिक्की, सागर मेहता, अक्षय यादव, रविराज, मोनू जायसवाल मौजूद थे।

## हाथियों ने मचाया उत्पात



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात इन दिनों फिर से शुरू हो गया हैं। शिबला ग्राम निवासी नन्हू गंझु पिता नागो गंझु के घर मे जंगली हाथियों ने घुसकर घर मे रखे चावल को खाकर चट कर दिया। पीड़ित नन्हू गंझु ने बातया की हम सभी परिवार प्रति दिन के भांति बीते रविवार रात्रि को खाना खाकर अपने घर मे सो रहे थे की अचानक लगभग 11 बजे रात्रि मे मेरे घर का दरवाजा टूटने का सुनाई दिया। जिसके बाद हम बाहर निकल कर देखे तो जंगली हाथी मेरा घर के अंदर घुस रहा था। तभी हम सभी परिवार किसी तरह साहस दिखाते हुए अपना जान बचाकर कर घर के छत के ऊपर चढ़ गए। अपने गावं वालों को हल्ला कर व फोन किए तब आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए। तब तक जंगली हाथियों ने घर मे रखे तीन किव्लटन चावल को तीतर बितर करते हुए खाकर चट कर दिया। घर के अंदर रखे मोटर साईकिल को तोड़ फोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। चावल सहित बाईक की क्षति किए जाने से लगभग 30 हजार का नुकसान किया गया। पीड़ित परिवार ने सम्बंधित विभाग से मुआवजा मांगने के साथ प्रखंड क्षेत्र से जंगली हाथियों को हटाने की मांग की हैं।

# खेलो इंडिया नेशनल गेम वॉलीबॉल के झारखंड कैंप से लातेहार के तीन खिलाड़ी हुये चयनित


चयनित खिलाड़ी और मौके पर मौजूद पदाधिकारी गण।

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, रांची, झारखंड द्वारा खेलो इंडिया नेशनल गेम हेतु आयोजित अंडर 18 बालिका वॉलीबॉल चयन ट्रायल में लातेहार डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल सेंटर के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया।

खिलाड़ियों के चयन होने पर 15 अप्रैल को लातेहार जिला महिला पुरुष लीग-कम-नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजन स्थल पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमणि टोपो, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने उपस्थित चयनित तीनों खिलाड़ियों को माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा की लातेहार में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। लातेहार में हर क्षेत्र में लोग आगे हैं और काफी आगे बढ़ने का प्रयास करते है। सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये। डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को खेल विभाग द्वारा ऑक्सीजन पार्क, रांची स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान में आयोजित ओपन ट्रायल में लातेहार डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल सेंटर के 07 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें तीन खिलाड़ी अनुष्का कुमारी, आभा कुमारी और रजनी कुमारी का चयन झारखंड टीम के कैम्प के लिए किया गया। झारखंड के विभिन्न जिलों के कुल 22 बालिका खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया नेशनल गेम के कैंप के लिए किया गया है। जिसमें लातेहार के तीन खिलाड़ी शामिल है। प्रशिक्षण शिविर में प्रदर्शन के आधार पर कुल 14 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें खेलो इंडिया नेशनल गेम में झारखंड बालिका अंडर 18 टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों के चयन पर लातेहार जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि खिलाड़ियों को लातेहार के नाम रौशन करने की कामना किया गया, मौके पर वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार छोटू , दिलेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र लातेहार के प्रशिक्षक आलोक कुमार सिंह, संघ के सदस्य शुभम साव, रविन्द्र उरांव, कमलेश उरांव, राहुल कुमार, अंकित कुमार समेत कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### एसबीआइ शाखा प्रबंधक का तानाशाही रवैया चरम पर

# शिकायतों की बाढ़, फिर भी आला

## अधिकारियों की चुप्पी, आम जनता में आक्रोश

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह एसबीआई शाखा प्रबंधक की मनमानी और तानाशाही अब बर्दाश्त के बाहर हो चुकी है। उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार और फरियादियों को गेट से बाहर निकलवाना अब इस शाखा का नया दस्तूर बन गया है। दर्जनों शिकायतें, कई मीडिया रिपोर्ट और जांच के बावजूद न तो प्रबंधक का रवैया बदला, न ही बैंक प्रबंधन ने कोई ठोस कदम उठाया। ताजा मामला खुरा पंचायत निवासी चंदन प्रसाद का है। 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को उन्होंने बरवाडीह एसबीआई एटीएम से 10,000 रुपये निकासी का प्रयास किया। रकम खाते से कट गई लेकिन एटीएम ने पैसे नहीं दिए। चंदन ने तुरंत बैंक को सूचना दी। बैंककर्मियों ने दो घंटे में पैसा वापस आने का झांसा दिया। 48 घंटे गुजर जाने के बाद भी पैसे नहीं लौटे। रविवार को अवकाश और सोमवार को अंबेडकर जयंती के कारण बैंक बंद रहा। मंगलवार को जब चंदन बैंक पहुंचे तो वहां उन्हें प्रबंधक ने उनकी फरियाद नहीं सुनी। बर्बरता की हद तब हो गई जब शाखा प्रबंधक ने चंदन प्रसाद को डांट-फटकार कर गेट से निकलवाने का निर्देश दे डाला। चंदन ने हिम्मत नहीं हारी और मामले की शिकायत लातेहार एलडीएम से की। एलडीएम ने भी माना कि शाखा प्रबंधक की लगातार शिकायतें मिल रही हैं और



भारतीय स्टेट बैंक, बरवाडीह।

टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। हम पार्टी ने भी खोला मोर्चा घटना की जानकारी मिलते ही हम पार्टी के प्रदेश सचिव अतुल सिंह बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक से दो-टूक बात की। उन्होंने चेतावनी दी कि उपभोक्ताओं के साथ ऐसा दुर्व्यवहार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोज-रोज की शिकायतों से परेशान ग्राहक गुस्से में हैं और अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन कर बैंक का घेराव किया जाएगा। जनता में आक्रोश, कार्रवाई की उठी मांग स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि बैंक में कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब किसी उपभोक्ता का अपमान न किया जाए। लोग परेशान होकर लौट जाते हैं। चंदन प्रसाद ने वरीय अधिकारियों से त्वरित संज्ञान लेकर प्रबंधक को तत्काल पद से हटाने और उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने की मांग की है। या बैंक प्रबंधन सोता रहेगा या होगी कार्रवाई? अब देखना यह है कि लगातार मिल रही शिकायतों और जनआक्रोश के बीच बैंक प्रबंधन कब जागेगा। या फिर उपभोक्ता सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा संपन्न



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के मारांगलोइया ग्राम में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर से आरंभ होकर विभिन्न टोलो मोहल्ले का भ्रमण करते हुए रामघाट नदी पहुंचा। जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं ने अपने-अपने कलश में जल भरकर पुनः शिव मंदिर पहुंचा। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने गेरुआ वस्त्र पहनकर बैंड बाजे के साथ भव्य निकले गए कलस यात्रा में हर हर महादेव, जय श्री राम समेत कई नारे लगा रहे थे। वही उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि कलश यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण और दिव्या अंग है ।यह न केवल एक धार्मिक परंपरा है बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक भी है। कलश जो जल धातु और मंत्रो से पूजित होता है ब्रह्मांड की ऊर्जा और देवता का प्रतिनिधितव करता है। जब हम कलश को लेकर यात्रा करते हैं तो हम केवल एक परंपरा का निर्माण नहीं करते बल्कि अपने गांव, अपने समाज और अपने जीवन की शुभता समृद्धि एवं शांति प्रवेश का आह्वान करते हैं। यह यात्रा हमें यह भी याद दिलाती है कि जब हम मिलकर एक उद्देश्य के लिए आगे बढ़ते हैं तो न केवल मंदिर बनता है बल्कि समाज में भी शसक्त होता है। सभी श्रद्धा अनुशासन और प्रेम शेष यात्रा का सहभागी बने और इस ऐतिहासिक क्षण में अपनी आस्था को गौरवान्वित करें। इस मौके पर जीप सदस्य प्रियंका कुमारी , जिला परिषद सदस्य बरवाडीह संतोषी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, विक्रांत कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### चंदवाः अविराम ग्रुप ऑफ नर्सिंग कॉलेज हुटाप के प्रबंधन समिति पर दुर्व्यवहार का आरोप

# कॉलेज प्रबंधन, क्लास टीचर एवं प्रिंसिपल से है परेशानः छात्रा

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** चंदवा के हुटाप स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान अविराम ग्रुप ऑफ नर्सिंग कॉलेज हुटाप प्रबंधन पर कॉलेज की एक छात्रा ने दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाई है। छात्रा का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन के शिक्षक एवं प्रिंसिपल के द्वारा हमेशा विद्याथीर्यो को परेशान एवं प्रताड़ित किया जाता है। अगर किसी ने आवाज उठाया या अपने परिवार को बताया या अगर किसी ने बोलना चाहा तो उसके खिलाफ फाइन और डिसमिस कर देने का आरोप छात्र छात्राओं ने लगाया है। बीते कुछ दिन पहले हुटाप ब्रांच से क्लास टीचर सोनिया कुमारी ने एक छात्रा को उसके ड्यूटी से डिसमिस करने का नोटिस जारी किया है, इस पर उस छात्रा के परिवार वालों ने


अविराम कॉलेज हुटाप।

जब बात करने की कोशिश की एवं जानकारी लेना चाहा तो इस पर सोनिया कुमारी के द्वारा अभद्रता भरी बातें एवं दुर्व्यवहार की गई और देखने दिखाने की बात बोली गई। परिवार के लोगों ने कालेज प्रबंधन पर यह आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले छात्रा के परिवार के लोग कहीं बाहर गए हुए थे, जहां उनके किसी परिवार के अंत्येष्टि का कार्यक्रम था। छात्रा का परिवार बाहर जाने के कारण वह घर पर अपने पांच साल के बच्चे के साथ अकेली थी, जिसकी जानकारी लातेहार सदर में कार्य कर रही छात्रा ने सदर के मैनेजर को दी थी साथ ही साथ कॉलेज के टीचर सोनिया कुमारी को फोन के माध्यम देने का प्रयास किया था, जिसपर उन्होंने कॉल नहीं रिसीव किया। परिजनों ने 15 अप्रैल को जब शिक्षिका से बात करने की कोशिश की तो देखने दिखाने की बात कॉलेज प्रबंधन के सोनिया कुमारी के द्वारा बोला गया। इस पर आहत होकर छात्रा एवं छात्रा के परिजनों ने मीडिया जनप्रतिनिधि से एवं स्थानीय विधायक प्रकाश राम से इसकी शिकायत की हैं एवं उचित न्याय की मांग की है। इधर मामले में पूछे जाने पर शिक्षिका सोनिया कुमारी ने कहा कि प्रबंधन के लिए सभी विद्यार्थी एक सम्मान है।

प्रबंधन का नियम है कि अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को नोटिस कर जवाब पूछा जाता है। उन पर लगाया गया दुर्व्यवहार का आरोप बेबुनियाद है।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक


अग्निशमक सेंवा द्वारा छात्रो को जानकारी देते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड अग्निशमन सेवा के तत्वाधान में लातेहार जिला के अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों की तरफ से स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार के छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारियों के बीच अग्निशमन सेवा सप्ताह को मनाते हुए आग से होने वाली दुर्घटनाओं को कैसे नियंत्रित किया जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के खेल मैदान में लातेहार जिला के अग्निशमन सेवा दल की तरफ से अग्निशमन पदाधिकारी गोपाल कुमार दास, प्रभारी मनोज कुमार सिंह, गौरी शंकर पांडे एवं राम विलास उरांव द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जो काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक जी ने भी जलते एलपीजी गैस सिलेंडर को छात्र-छात्राओं के बीच अग्निशमन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बुझाकर दिखाने का काम किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सह प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकारनाथ सहाय के के दिशा निर्देशन में सारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन सेवा दल लातेहार जिला टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के बीच ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई और भविष्य में भी छात्र-छात्राओं के बीच आग से कैसे कम क्षतिपूर्ति हो इसके भी उपाय बताए गए। झारखंड अग्निशमन सेवा दल टोल फ्री नंबर 112 लातेहार अग्निशमनसेवा मोबाइल नंबर 9304953437 इस अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी की गरिमामई उपस्थित रही।

स्पीड न्यूज

## भोजपुरिया परिवार के दरोगा सिंह का आकस्मिक निधन

**बोकारो।** भोजपुरिया परिवार के बोकारो जिला उपाध्यक्ष ग्राम छोटका लवहार श्रीपाल जिला भोजपुर निवासी दरोगा सिंह का आकस्मिक निधन सुबह में स्थानीय सेक्टर 4 डी स्थित निवास पर हृदयाघात से हो गया। भोजपुरिया परिवार के लोगों ने उनके निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उक्त जानकारी भोजपुरिया परिवार के रास नारायण सिंह ने दी।

## सुधीर मधुकर बने अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संरक्षक

**बोकारो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की मासिक कवि गोष्ठी संघ कार्यालय जनवृत 2ए में कनक लता राय की अध्यक्षता में संपन्न हूई। उनकी कविता नव वर्ष हमारा भारत देशभक्ति से ओतप्रोत थी। काव्य गोष्ठी की शुरूआत भारत माता के आगे दीप प्रज्वलित कर सुप्रिया कुमारी सरस की सरस्वती वंदना के मधुर गायन से हुई।

## सरकार के फैसले विरुद्ध शिक्षक संघ ने मनाया काला दिवस

**बोकारो।** राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा शिक्षा विभाग के टीजीटी एवं पीजीटी संवर्ग को मरणशील घोषित करते हुए उसके बदले निम्न वेतनमान में माध्यमिक आचार्य नियुक्त करने के फैसले से असहमति प्रकट करते हुए झारखंड +2 शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर के निदेर्शानुसार बोकारो जिले के दोनों इंटरमीडिएट मूल्यांकन केंद्रों राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय चास पर सभी परीक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

## काव्योत्सव में साहित्यकारों का हुआ जुटान

**बोकारो।** रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान के तत्वावधान में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 के सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम पुस्तक विमोचन सम्मान समारोह व काव्योत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार राय बरेली से आए संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविन्द गजब राष्ट्रीय महासचिव व कार्यक्रम संयोजक बोकारो की कवयित्री करुणा कलिका एवं आयोजन के सह–संयोजक व कार्यक्रम अध्यक्ष अरुण पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## खेत में मिला एक युवक का अधजला शव, लोगो में आक्रोश

**बेरमो।** नावाडीह थाना क्षेत्र के मुंगो–कोदवाडीह सड़क मार्ग स्थित खेत में एक युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गुंजरडीह के गांधीनगर टोला निवासी सीसीएल कर्मी माणिक तुरी के 20 वर्षीय पुत्र के रुप में की गयी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और मामले की तफ्तीश मे जुट गई हैं। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों मे इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिल रहा था।

## मृतक मजदूर के परिवार को चार लाख पचास हजार का चेक सौंपा गया

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र स्थित गोबिंदपुर रबीशपंचायत जरवा बस्ती में मृतक मजदूर अशोक भुईयां के परिवार रूपा देवी के हाथों में मुआवजा के चार लाख पचास हजार रुपये का चेक स्थानीय थाना के प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सौंपा, उस दौरान थाना के सब इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह, भागीरथ महतो स्थानीय मुखिया चंद्रदेव घांसी,सी पंचायत के मुखिया बिकास सिंह,मुखिया पति विस्थापित नेता प्रफुल ठाकुर,मंजूर आलम, के अलावा के आर कंस्ट्रक्शन के लोग उपस्थित थे।

# शरीर पर लोहे का हुक फंसाकर 50 फीट ऊपर भोक्ता खूंटे पर झूले



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के कुलागुजु मधुकरपुर दुगार्पुर मंजूरा,म बगदा अजैया एवं सिंहपुर सुप्रसिद्ध मड़प थान मे सोमवार को बुढाब्राबा के जयकारे से गूंजता रहा। आज तीन दिवसीय भोक्ता पर्व चड़क पूजा धूमधाम के साथ समापन हो गया। सुबह सैकड़ों भोक्तियाओ ने बुढा बाबा के प्रति श्रद्धा दिखाते हुए दहकते अंगारों पर चलकर उसके बाद अपने शरीर के पीठ पर छेद कर भक्तिया ने लगभग 50फीट ऊपर भोक्ता खूंटे मे लोहे के हुक के सहारे घूमने की विधि पूरी की। सिंहपुर बुढ़ाबाबा मढप थान में उपवास रख भक्तो ने स्थानीय तालाब मे स्नान किया। इसके बाद बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना की। कहीं भक्त ध्यान लगाकर बुढ़ा बाबा भजी नाथ भै कर रहे थे तो कहीं लोग बुढ़ा बाबा की पूजा अर्चना मे लीन दिख रहे थे। सिंहपुर बुढ़ाबाबा मढप थान मे पूजा अर्चना के लिए झारखंड बंगाल व बिहार के अलावे कई अन्य राज्यों व जिलो से हजारों की संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे थे। रात्रि के करीब 12 बजे से ही भीड़ व पूजा अर्चना के लिए कतारबद्ध खड़े थे। श्रद्धालु दूध व जल से बुढ़ा बाबा पर जलाभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र सहित मिष्ठान्न से पूजा की। इस दौरान सिंहपुर कर बुढा बाबा भै के नारो से गुंजायमान हो गया। किसानो का पर्व भोक्त पर्व (चड़क पूजा)झारखंड में ही नही बल्कि कई राज्यों के आंशिक इलाको मे मनाया जाता है।

### सीओ कार्यालय के टालमटोल के रवैये पर

# प्रभात कॉलोनी वासियों में असंतोष



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास नगर निगम के वार्ड संख्या 26 प्रभात कॉलोनी के निवासियों की बैठक हरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं अतीश कुमार सिंह के संचालन में प्रभात कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक में प्रभात कॉलोनी के रैयतधारी जो जमीन खरीद कर एवं कमाए हुए पैसों से मकान बनाकर वर्षों से रह रहे हैं- वे शामिल हुए। बैठक में ऑनलाइन के नाम पर 2016-17 में रैयती किस्म की जमीन को सिक्कमी किस्म में करने के कारण आम लोगों ने भारी रोष एवं गुस्सा व्यक्त किया। सभी ने एक स्वर में चास अंचल कार्यालय के द्वारा की जा रही मनमानी और मालगुजारी रसीद नहीं काटने के कारण नित्य दिन हो रही परेशानियों को अपने-अपने वक्तव्य में रखा।

बैठक में उपस्थित विजय कुमार शर्मा ने कहा कि उक्त समस्या को लेकर हमलोग अंचल अधिकारी दिवाकर दुबे को 28 जनवरी एवं एक मार्च तथा उपायुक्त बोकारो को 17 मार्च को संयुक्त हस्ताक्षर का आवेदन पत्र देकर मिले। अंचल अधिकारी चास दिवाकर दुबे ने राजस्व कर्मचारी अशोक मिश्रा को निर्देश दिया था कि खाता संख्या 177 का खतियान का इंतजाम कर परिशोधन एप में जमीन के प्रकार का सुधार करने का काम किया जाए। किंतु मामले को टालने का काम किया जा रहा है। बैठक में कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और इसे लेकर सांसद व विधायक से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में अभय कुमार मुन्ना अतीश कुमार सिंह विजय कुमार सिंह राजेंद्र प्रसाद संतोष शाह मनोरंजन कुमार तिवारी हरेन्द्र कुमार संजय कुमार महेश प्रसाद कृष्ण कुमार राय साबरी कुमार भुनेश्वर ठाकुर मनोरंजन कुमार तिवारी कृष्णानंद सिंह सुमन कुमार श्याम बिहारी सिंह ललन कुमार ओम प्रकाश दास राजीव रंजन चंद्रकांत प्रसाद चौधरी अरविंद कुमार सियाराम शर्मा त्रिपुरारी कुमार कमलेश कुमार सिंह डॉ राजनंदन प्रसाद श्याम देव साव राम कुमार झा बीएन सिंह विनोद कुमार दिनेश कुमार अरविंद कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### जन शिकायत कार्यक्रम के प्रचार के लिए

# कारगिल चौक पर प्रचार वाहन रवाना

### अधिकारियों के नेतृत्व में जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** 16 अप्रैल को जिले में आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जन शिकायत समाधान के तहत लगने वाले शिविर को लेकर कारगिल चौक पर प्रचार वाहन क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

वहीं बताया गया कि यदि आपके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है या कही कोई सुनवाई नहीं हो रही तो आप बेझिझक अपनी शिकायत को लेकर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या को रखें, प्रशासन मामले की जांच कर त्वरित कार्रवाई करेगी। ज्ञात हो कि वहीं 16 अप्रैल दिन बुधवार को प्रशासन द्वारा आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम गोड्डा के नगर भवन में एवं महागामा मुख्यालय अंतर्गत विवाह भवन में आयोजित किया जाएगा जहां किसी भी प्रकार के वाद विवाद, समस्या आदि को सुनकर मामले की जांच कर समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं समस्या के समाधान को लेकर लोगों को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया गया। उक्त जागरूकता रथ सदर क्षेत्र के बाद महागामा अनुमंडल क्षेत्र में भी लोगों को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के लिए जागरूक करेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंच सके।

# चरक मेला का आयोजन, शरीर को रस्सी से बांधकर घुमाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पोड़ैया हाट प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक तालाब पदमपुर शिव मंदिर प्रांगण में हर साल की भांति मंगलवार को चरक मेला का आयोजन हुआ। आयोजित मेला में तरह-तरह की बच्चों के खेल खिलौना एवं शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आयोजित मेला के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ऐतिहासिक तालाब उद्धेश्वर नाथ के नाम से भी जाने जाते हैं।राजा भीमसेन के जमाने मे ही तालाब का निर्माण हुआ था और यह तलाब के समीप गरीब के लड़की की शादी होने पर बर्तन बासन की मांग किया करते थे और मिलता था और शादी के बाद फिर उसी जगह बर्तन को साफ सुथरा कर रख दिया जाता था।पूर्वजों से चला आ रहे पूजा अर्चना को हम हर्षीउल्लास के साथ पूरे आसपास के समाज एवं लोगों के साथ मिलकर मानते हैं। जानकारी के अनुसार झूलने वाले के शरीर को रस्सी से बांधकर लोहे का हुक फंसाया जाता है और तेज गति से झुलाया जाता है। यह बेहद कष्टप्रद है लेकिन समाज के लोगों की मान्यता है कि उपवास रहकर सेवा करने से इतनी शक्ति आ जाती है कि कष्ट का थोड़ा भी अनुभव नहीं होता। इस अनुष्ठान को करने वालों को चैत्र माह में संन्यास धारण करते पारम्परिक वेशभूषा में भिक्षा मांग एक पहर भोजन ग्रहण करना होता है। खजूर भांगा महोत्सव का इंतजार लोग बेसब्री से करते हैं। शिवभक्त की टोलियों में 2 सदस्य गंगा जल से स्नान कर गेरुआ वस्त्र धारण कर कटीले खजूर पेड़ में बिना किसी सहारे चढ़ते हैं तथा नृत्य करते हुए पेड़ पर लगी कच्चे खजूर की डालियों को तोड़ नीचे फेंकते हैं। नीचे खड़े श्रद्धालु ऊपर से फेंके खजूर फल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। यह दिन शिवभक्तों का भिक्षा मांगने का आखिरी दिन होता है।इसके बाद शिवभक्त अपने पीठ में रस्सी से लोहे की हुक लगा चरक पर्व मनाते हैं।चरक पूजा में वही भक्त शामिल होते हैं जो उपवास मे रहते है। इस दौरान नागेंद्र सिंह विनोद सिंह गुरु सिंह संजय कुमार सिंह मुकेश कुमार सिंह राजू कुमार प्रीतम कुमार रोहित कुमार संतोष कुमार गोपाल कुमार सहीत सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

# विपिन चाचान ने रोटरी चास का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी जिला 3250 के जिला पाल विपिन चाचान ने रोटरी क्लब चास का आधिकारिक दौरा किया। दिन में रोटरी क्लब चास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया एवं स्थाई परियोजनाओं का अवलोकन किया एवं विगत 10 महीना में रोटरी क्लब चास द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया। उन्होंने रोटरी क्लब चास द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। मौके पर उन्होंने कहा कि हर रोटेरियन में समाज को सकारात्मक दिशा देने की क्षमता है। कहा कि यह रोटरी का जादू है कि विश्व से लगभग पोलियो का उन्मूलन हो चुका है। चाचान ने कहा कि रोटरी अपने सदस्यों को प्रेरित करता है कि वह दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन लाए व सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहे और चुनौतियों को अवसर में बदलें। रोटरी 3250 की प्रथम महिला शिल्पी चाचान ने सभा को संबोधित करते हुए रोटरी में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ परिंदा सिंह ने रोटरी थीम रोटरी का जादू पर विस्तृत चर्चा की।

### भाजपा को हराना है तो सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर

# एक मंच से राहुल गांधी को करें मजबूत : दीपिका



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ग्रामीण विकास विभाग व पंचायती राज मंत्री, झारखंड सरकार, दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी आज की राजनीति में एक ऐसा नाम बन चुके हैं, जो न केवल संघर्ष का प्रतीक है, बल्कि एक नई सोच और उम्मीद का चेहरा भी हैं। जब तमाम राजनीतिक दल भ्रम और अवसरवाद की राह पर चलते दिखते हैं, तब राहुल गांधी सच्चाई, संवेदनशीलता और सिद्धांतों की राजनीति का उदाहरण पेश करते हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने देश को बताया कि नेतृत्व सिर्फ सत्ता हासिल करने का नाम नहीं, बल्कि देशवासियों की पीड़ा को समझने और उनके साथ खड़े होने का संकल्प है। उन्होंने हर वर्ग की आवाज को अपने मंच पर जगह दी, चाहे वो किसान हो, युवा हो या महिलाएं।

राहुल गांधी की सबसे बड़ी ताकत है उनका निर्भीक और साफ दृष्टिकोण। वे बिना डरे सत्ता के दमन के खिलाफ बोलते हैं, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लड़ते हैं। आज जब देश को एक जिम्मेदार और संवेदनशील नेतृत्व की जरूरत है, राहुल गांधी एक मजबूत, सच्चे और उम्मीद भरे विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। वे राजनीति में इंसानियत और आदर्शों की वापसी का नाम हैं। यह रहे कुछ उपयुक्त हैशटैग्स जो राहुल गांधी, कांग्रेस और दीपिका पांडे सिंह से जुड़े सोशल मीडिया पोस्ट्स के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

## ट्रैफिक में उलझा बसंतराय बिशुआ मेले का उत्सव

**गोड्डा /बसंतराय।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बिशुआ मेले के दौरान मेला प्रवेश द्वार पर टेम्पो और टोटो वाहनों की अव्यवस्थित आवाजाही के कारण भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मेला स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर सैकड़ों गाड़ियाँ फंसी हुई हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि ऐम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी जाम में फंसकर देर हो रही है।

# अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो के 7 विद्यार्थी बने इंटरनेशनल टॉपर

### 40 विद्यार्थियों ने स्वर्ण तो 44 ने जीते रजत पुरस्कार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने देवभाषा संस्कृत पर भी अपनी मजबूत पकड़ का परिचय देते हुए इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड 2024-25 में कुल 112 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की। सात छात्र-छात्राओं शताक्षी सिंह अक्षरा सिंह सृष्टि कनक ट्यूलिप सौम्या ऋषिता कुमार संस्कृति सिंह एवं कुणाल आनंद ने इंटरनेशनल टॉपर होने का गौरव हासिल किया। वहीं,सात्विक रूपम द्विवेदी ने जोनल टॉपर का खिताब हासिल किया। इनके अलावा विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण व 44 को रजत तथा 20 को कांस्य पदक पुरस्कार प्रदान किया गया है।

स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में समृद्धि प्रिया आरव बारिक अदिरा दीप कुंवर शौर्य तनुष मार्डी आराध्या सिंह अक्षिता आर्या आरुष कुमार सिन्हा आशीष अवनी प्रियदर्शी आइवी दास काव्या प्रज्ञान बनर्जी ऋध्वि शारदा नंदिनी श्रेयस निखिल स्पर्श सेठी वंश राज वेद यशस्वी पार्थ आयुष कुमार अभिनव मंडल अर्पित श्रीकृष्णा अतुल्य रंजन रॉय आयुष सिंह एकलव्य मिश्रा कुशाग्र राज ओम प्रकाश पात्रा पहल लता पलक प्रिया ऋषभ राज ऋषित ओम रौनक राज साहिल कुमार यादव सौमिली मंडल सृष्टि गोराईं अक्षत सिंह अनिमेष आनंद जय सात्विक मेदिरेड्डी श्रेयस शेखर एवं विद्या स्मृति के नाम शामिल हैं। रजत पुरस्कार विजेताओं में सजग सूर्यांश पांडेय आद्विक आद्या सिंह अभिज्ञान अभिनव भास्कर मेघा राज नौशीन कुरैशी संस्कृति सरित चक्रवर्ती शौर्य शांडिल्य श्रेयांश नयन ट्विंकल सिन्हा वेदांत अग्रवाल अमित दत्ता प्रियदर्शिनी रक्षित त्रिदास रंजन अभिनव कुमार अदिति अंशुली आर्या अनुष्का आर्यमन आशीष अथर्व केडिया आयुष नारायण गर्वित श्रीवास्तव काव्या मिश्रा मोक्ष नारायण रमण चतुर्वेदी श्लोक आनंद श्रेया मानसी सिया सिन्हा उत्तरा सिंह आस्था सिंह अक्षन्या सेजल आर्यना रॉय आयुष ओम दास ध्रुव लोधा दिव्य दर्शिल मीनाक्षी तनु रिया कुमारी रूही शांभवी सिंह स्वरा सुशील कोहाडे उर्षिता सोनी विष्णु श्री प्रिया तथा कांस्य पुरस्कार जीतने वालों में अभिनव बराल अर्णव प्रताप राघव अश्विता पांडेय चंचल नीत कृतिकेश कुमार मिश्रा नमित गर्ग शान्वी अग्रवाल शिवांश प्रधान प्रतीक राज उत्कर्ष राज यशस्वी रोशन अन्वेषा सिंह आयावीर सम्राट नेत्रांजन राय पीयूष मल्लिक श्रेया दीप निशांत कुमार सक्षम सौम्या एवं सुहाना शर्मा के नाम शामिल हैं। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10वीं तक के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विद्यालय में आयोजित स्पेशल एसेंबली के दौरान प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इंटरनेशनल टॉपरों के साथ-साथ अन्य पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। विजेताओं को ट्रॉफी मेडल बैज और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

खबर एक नजर में

## तेनुघाट ट्रेजरी कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट स्थित बेरमो ट्रेजरी ऑफीस में 15 अप्रैल को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर संजय विनीत होरो ने नव पदस्थापित ट्रेजरी ऑफिसर गुलाब चंद उरांव को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं गुलाब चंद उरांव ने भी संजय विनीत होरो को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया। विदाई सह सम्मान समारोह के अवसर पर अवर निबंधक तुलिका रानी, कृषि पदाधिकारी निशा कुल्लू, हेमलाल यादव, प्रकाश कुमार, घनश्याम मुंडा सहित ट्रेजरी ऑफिस के उपस्थित सभी कर्मचारियों ने पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर को पुष्प माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। साथ हीं पदभार ग्रहण कर रहे ट्रेजरी ऑफिसर का स्वागत किया। इस अवसर पर पदभार ग्रहण करते नव पदस्थापित ट्रेजरी ऑफिसर गुलाब चंद उरांव ने ऑफिस के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर कुंदन एक्का, स्वस्ति कुमार, जय प्रकाश झा सहित कार्यालय के तमाम कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## परेशान कोलियरी प्रबंधक ने अनिश्चितकालीन के लिए रोड सेल किया बंद

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके एरिया की एककेओसीपी (खासमहल- कोनार) के कोयला व्यापारी ने पैसा रिफंड के लिए जीएम को पत्र लिखा। सेल कमेटी और कोयला व्यापारी में रेट तय नहीं होने कारण प्रबंधन ने लोकल सेल से कोयला उठाव बंद का नोटिस निर्गत कर दी है। सेल कमेटी की मनमानी से परेशान कोलियरी प्रबंधन अनिश्चितकालीन रोड सेल बंद किया। बताते चले कि यहां सेल कमेटी ने डीओ धारकों को 5650 रुपए प्रतिटन से कोयला उठाव करने की दर तय कर दी है। लेकिन सेल कमेटी की ओर से तय दर पर ही कोयला बेचने को कहा जाता है। अन्यथा कोयला उठाव में अड़ंगा डालते हैं। वर्तमान में डीओ धारकों ने यहां 5500 रुपए प्रति टन दर से कोयला का डीओ लगाकर कोयला खरीदा है। लेकिन उन्हें तय दर पर कोयला उठाव करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हलाकि सीसीएल प्रबंधन कोयला उठाव का प्रयास कर रही है। डीओ धारक अपने कोयला सेल कमेटी को उस दर बेचने को तैयार नही हैं। जबकि सेल कमेटी अभी भी अपनी मांग पर अड़ा है। सेल कमेटी के लोग डीओ धारकों को कोयला खरीद दर से 150 रुपए मार्जिन देकर कोयला उठाव करने का आदेश देने को तैयार हैं।

## सदमा कला पंचायत में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत सदमा कला पंचायत के सभागार में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने और समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदमा कला, कोह, ओरदाना एवं चलकरी पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविका एवं सहायिकाओं द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्टॉल में चावल, मक्का, महुआ, रागी के लड्डू, हरी सब्जी, पपीते की खीर सहित विभिन्न पारंपरिक और पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। यह कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ बनाने और व्यक्तियों एवं समुदायों दोनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। मौके पर सीडीपीओ चंदा रानी, पर्यवेक्षक आशा कुमारी, पूर्व मुखिया पंकज कुमार सिन्हा, डॉ. श्रेयशी सिन्हा, आजाद सहित क्षेत्र की आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका उपस्थित रहीं।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**बेरमो।** अर्पिता महिला मंडल के तत्वाधान में बोकारो एवं करगली क्षेत्र के कौशल विकास केंद्र में महिलाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अर्पिता महिला मंडल बोकारो एवं करगली क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीमती श्वेता कुमारी के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं को तीन माह तक कंप्यूटर से संबंधित बेसिक प्रशिक्षण जैसे कि एमएस ऑफिस, पावर बिंदु एवं हार्डवेयर से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण सीसीएल के अधिकारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर नरेंद्र कुमार के द्वारा दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला शक्ति को सशक्त बनाते हुए समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। वर्तमान में इस कार्यक्रम में 10 महिलाओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्रियंका चौबे, विहंसा नंदन, रिंकी चंद्रा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मजदूरों का 21 सूत्री मांगो को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

बेरमो। यूनाइटेड कोल्ड वर्कर्स यूनियन (एटक) ढ़ोरी के बैनर तले मजदूरो की 21 सूत्री मांगो लेकरएसडीओसीएम, एएडीओसीएम और महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर एसओपी माला कुमारी और कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह को मांग पत्र सौपा। एसओपी माला कुमारी ने मजदूरों के कल्याण संबंधित आवास मरम्मती, बिजली, पानी, साफ-सफाई, प्रमोशन सहित सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। पुराना बीडीओ ऑफिस से जुलूस निकलकर नारा लगाते ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचा। यहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया। सभा को एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लखन लाल महतो तथा वरीय नेता चंद्रशेखर झा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों पर आए दिन अत्याचार कर रही है।

## सेंट्रल हॉस्पिटल ढोरी में मर्ज का आरसीएमयू ने किया प्रदर्शन और सौपा ज्ञापन

**बेरमो।** सीसीएल अंतर्गत बीएंडके एरिया के करगली रीजनल अस्पताल को सेंट्रल हॉस्पिटल ढोरी में से मर्ज का विरोध करते हुए आरसीएमयू बीएंडके क्षेत्र के द्वारा विरोध-प्रदर्शन कर प्रबंधन को ज्ञापन सौपा गया। यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कोयला चोर महाप्रबंधक मुदार्बाद का नारा लगाया। क्षेत्रिय सचिव श्यामल कुमार सरकार ने सीसीएल सीएमएस का जमकर विरोध किया। उपस्थित सभी नेताओं ने रिजनल अस्पताल करगली का सेंट्रल हॉस्पिटल ढ़ोरी में मर्ज करने का विरोध किया और कहा कि किसी भी कीमत पर अस्पताल को शिफ्ट नहीं होने देंगे। मौके पर छेदी नोनिया, प्रताप सिंह, रोशन सिंह, अशोक अग्रवाल, अरुंजय सिंह, निरंजन सिंह ,डोमन पासवान, जमील अंसारी, जयनाथ तांती, सुरेंद्र विश्वकर्मा, शरण सिंह राणा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। सीआईएसएफ की ओर से बोकारो थर्मल में किया गया अग्नि समन सप्ताह की शुरूआत।

## छात्रों को दिया गया आग से बचाव का प्रशिक्षण

**बेरमो।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की ओर से बोकारो थर्मल में अग्नि समन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके तहत मंगलवार को संत पॉल मॉर्डन स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों को डेमो कार्यक्रम के जरिए आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही जानकारी देते हुए उपाय बताए गए। सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा के इंस्पेक्टर ए के शर्मा ने बताए कि अग्नि समन सेवा सप्ताह की शुरूआत 14 अप्रैल को हुआ था जो 20 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान विद्यालयों के विद्यार्थियों , शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए प्राथमिक अग्नि शमन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशामकों को चलाने का प्रशिक्षण एवं अग्नि रोकथाम के उपाय के बारे में बताया जा रहा है। इस दौरान सीआईएसएफ जवानों के अलावे विद्यालय के निदेशक सुरेश गायकवाड, ट्रेजरर ई तिवारी, प्राचार्य स्वाति प्रियंका सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# बिहार विस चुनाव को लेकर हुई कांग्रेस-राजद की बैठक, 17 को पटना में होगी आगे की चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के राजनीतिक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं।इसी संदर्भ में मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाग लिया। आगे की चुनावी रणनीति को लेकर अब 17 अप्रैल को पटना में बैठक बुलाई गई है जिसमें विपक्ष के अन्य दलों के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार शामिल हुए।

वहीं, राजद सांसद मनोज झा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज की बैठक में महागठबंधन की मजबूत बनाए जाने पर विचार किया गया। बिहार में इस बार निश्चित तौर पर बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। युवा, किसान-मजदूर, महिलाएँ, समाज के पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य सभी वर्गों के लोग बिहार में महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।



राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम बिहार को प्रगति के मार्ग पर लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार सबसे अधिक आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है, किसानों की आय भी कम है। हम इन सभी मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। सरकार की कमियों को जनता के सामने उजागर करना हमारी जिम्मेदारी है। महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री के चेहरे के बारे में उन्होंने कहा कि इसपर आगे विचार किया जाएगा लेकिन यह निश्चित है कि इसबार बिहार में एनडीए की सरकार नहीं होगी।

बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 17 अप्रैल को आगे के विषयों पर विचार के लिए पटना में बैठक होगी। उस बैठक में सारे दलों से मिलकर एक आम सहमति बनाकर और मजबूत रणनीति के साथ हम आगे बढ़ेंगे। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि आज बैठक में कई सारे विषयों पर चर्चा हुई। हम पूरी ताकत और एकजुटता के साथ एनडीए की सरकार से लड़ेंगे।

## स्पीड न्यूज

### मोसाद ने गाजा संघर्ष समाप्त करने का किया आग्रह

**यरूशलम।** इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के 250 से अधिक पूर्व अधिकारियों ने गाजा में जारी संघर्ष की समाप्ति और इजरायली नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार को संयुक्त पत्र जारी किया है। पत्र पर तीन पूर्व मोसाद प्रमुख डैनी याटोम, एफ्राइम हलेवी और तामीर पार्डो, सहित खुफिया सेवा (मोसाद) के 12 से अधिक अनुभवी अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इन पूर्व मोसाद अधिकारियों ने अपने बयान में कहा, जारी लड़ाई बंधकों और हमारे सैनिकों की जान को खतरे में डाल रही है। पीड़ा समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह साहसिक निर्णय ले और देश की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी से कार्य करे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इन पत्रों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इन पत्रों पर हस्ताक्षर करने वालों को चरमपंथी अल्पसंख्यक समूह करार दिया , जो इजरायली समाज को अंदर से तोड़ने की कोशिश कर रहा है।

### चीन से नेपाल को जोड़ने वाली रेललाइन पर तेजी से हो रहा है काम

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू से भारत को जोड़ने वाली रेल परियोजना भले ही कछुआ चाल से चल रही है लेकिन चीन से काठमांडू को जोड़ने वाली रेलवे लाइन का काम बहुत तेजी से चल रहा है और केरुंग से काठमांडू के बीच यह लाइन लगभग 72 किलोमीटर लंबी होगी। यह लाइन चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का हिस्सा है। नेपाली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार काठमांडू-केरुंग रेलवे लाइन का भूवैज्ञानिक अध्ययन अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह अध्ययन चीनी सरकार के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से किया जा रहा है। इस रेलवे लाइन से जुड़ने वाले काठमांडू, नुवाकोट और रसुवा जिलों में व्यवहार्यता अध्ययन चल रहा है। तीन जिलों में 80 में से 75 स्थानों पर ड्रिलिंग द्वारा मिट्टी निकाली जा चुकी है।

### बम विस्फोट में तीन पुलिस कर्मियों की मौत ,16 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को सड़क किनारे हुए बम विस्फोट में कम से कम तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि यह घटना मस्तुंग जिले के कुंड मसूरी इलाके के पास हुई, जहां कलात जिले के प्रशिक्षण केंद्र से कर्मियों को ले जा रहा पुलिस ट्रक एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की चपेट में आ गया।

### ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड विवि की फंडिंग रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा संघीय सरकार की मांगों की एक सूची को अस्वीकार करने के कुछ घंटों बाद ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को विश्वविद्यालय को 2.2 अरब डॉलर के बहु-वर्षीय अनुदान और छह करोड़ रुपये के अनुबंध पर रोक लगाने की घोषणा की। इससे पहले दिन में हार्वर्ड ने विश्वविद्यालय के शासन, भर्ती और प्रवेश प्रथाओं में व्यापक बदलाव करने की प्रशासन की मांगों का पालन करने से इनकार कर दिया, यह देखते हुए कि वह ह्यअपनी स्वतंत्रता या अपने संवैधानिक अधिकारों पर बातचीत नहीं करेगा।

### मालदीव ने लगाया इजरायली पासपोर्ट धारकों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**कोलंबो।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव आव्रजन अधिनियम में तीसरे संशोधन को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत इजरायली पासपोर्ट धारकों को मालदीव गणराज्य के क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि 15 अप्रैल को वर्ष के पहले सत्र की 20वीं बैठक के दौरान पीपुल्स मजलिस द्वारा संशोधन पारित किया गया।

## मुर्शिदाबाद को लेकर ममता के साथ कांग्रेस पर भी मुख्यमंत्री ने बोला हमला

# लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे : योगी

### मुख्यमंत्री योगी ने हरदोई में 650 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

एजेंसी

**हरदोई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के नायक अमर सेनानी राजा नरपति सिंह रैकवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के लिए 650 करोड़ की 729 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजा नरपति सिंह की इस पावन धरा पर उनके विजय उत्सव में आप सबको बधाई देने आया हूं। इनके शौर्य एवं पराक्रम के कारण आज हम सब स्वतंत्रता का लाभ पा रहे हैं। योजनाओं को संचालित कर पा रहे हैं। यह वर्ष देश के संविधान को लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अमृत महोत्सव के साथ आगे बढ़ने का है। बाबा साहेब डॉ. आम्बेडकर की वजह से उत्तर से दक्षिण तक एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक साथ पूरा देश लड़े, ऐसा कम ही देखने को मिलता था। वर्ष 1857 की क्रांति ने पूरे देश में जज्बा पैदा कर दिया। मंगल पांडेय से पूछा गया कि तुम्हे आजादी क्यों चाहिए? तुम तो अंग्रजी फौज में हो। इस पर उन्होंने कहा था कि रख लो अपनी नौकरी, हमारा देश आजाद होना चाहिए। योगी ने रानी लक्ष्मीबाई, राजा नरपति सिंह समेत अन्य महानसपूतों को याद किया। उन्होंने कहा कि हरदोई जनपद की सीमा पर टेक्सटाइल पार्क स्थापित होने जा रहा है। हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। यहां के कारीगरों को रोजगार मिलेगा। देशभर के लोगों को आपके हरदोई में आना पड़ेगा। जिले की कनेक्टिविटी ठीक की जाएगी। इस क्षेत्र के पक्षी विहार की कनेक्टिविटी ठीक करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग भारत के रहन-सहन और समरसता पर सवाल उठा रहे थे, वे प्रयागराज कुंभ देखकर दंग रह गए। एक भारत श्रेष्ठ भारत का इससे अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलेगा। भारतीय डुबकी लगाना चाह रहे थे। विदेशी लोग भीड़ देख कर अभिभूत थे। यह तब संभव हो सका जब सभी लोग एक दिशा में सोचते हैं।

ममता बनर्जी के साथ कांग्रेस पर भी योगी ने बोला हमलामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देश में विकास की नयी-नयी परियोजनाएं आ रही हैं। देश तरक्की कर रहा है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होगा। आज हम सब लोग आगे बढ़ रहे हैं। याद कीजिए 2017 के पहले उप्र का। पहले की सरकार इन दंगाइयों को पूरी छूट दे रखी थी। दंगा होता था। अब उप्र में दंगा नहीं होता। लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे। इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। मुर्शिदाबाद की घटना पर योगी ने कहा कि न्यायालय ने वहां की सुरक्षा की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने ममता बनर्जी के साथ ही कांग्रेस पर भी हमला बोला। योगी ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में जमीन पर कब्जा करके गुण्डागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। अब इन्हें डर है कि जिन्हें लूट की छूट दे रखे थे, वही इनके लूटे हुए धन को लूटने न लगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ को लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वक्फ भी लूट का अड्डा बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश विकसित भारत की यात्रा को तेजी से तय कर रहा है।

इस मौके पर आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल, परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सांसद जय प्रकाश रावत, अशोक रावत, विधायक आशीष सिंह आसू, मानवेन्द्र सिंह, श्याम प्रकाश समेत अन्य नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### मुर्शिदाबाद हिंसा के दौरान पिता पुत्र की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले के समशेरगंज इलाके में हुई हिंसा के दौरान एक पिता और उसके बेटे की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतकों की पहचान हरगोबिंद दास और उनके बेटे चंदन दास के रूप में हुई थी। बीते सप्ताह पूरे मुर्शिदाबाद ज़िले में वक्फ (संशोधन) कानून के खिलाफ प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया था। इसी दौरान समशेरगंज में यह हत्या हुई थी, जिसने हालात को और गंभीर बना दिया था। दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुप्रतिम सरकार ने मंगलवार को बताया कि हत्या के मामले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक को सोमवार देर रात बिरभूम जिले के मुराराई इलाके से पकड़ा गया, जबकि दूसरे को मंगलवार सुबह मुर्शिदाबाद के सुत्ती से गिरफ्तार किया गया। हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सार्वजनिक नहीं की है। बताया गया है कि दोनों आरोपित आपस में चचेरे भाई हैं। दोनों आरोपितों को मंगलवार को जिला अदालत में पेश किया गया, जहां अभियोजन पक्ष पुलिस हिरासत की मांग की है। मुर्शिदाबाद के जंगीपुर, समशेरगंज, धूलियान और सूती जैसे संवेदनशील इलाकों में मंगलवार सुबह से हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। यह दिन बंगाली नववर्ष की शुरूआत के साथ ही आया है, जिससे कई दुकानों ने एक सप्ताह बाद अपने शटर खोले। हालांकि सड़कों पर आम लोगों की आवाजाही अभी सामान्य से काफी कम है। केंद्रीय सशस्त्र बल और राज्य पुलिस के जवान इलाके में लगातार रूट मार्च कर रहे हैं। वहीं, इंटरनेट सेवाएं अब भी मुर्शिदाबाद के साथ-साथ मालदा और बीरभूम ज़िलों के कुछ हिस्सों में निलंबित हैं। पुलिस के अनुसार, हिंसा और तोड़फोड़ के मामलों में अब तक 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

### प्रत्येक व्यक्ति को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता : जेपी नड्डा



**देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो न केवल उपचारात्मक हो बल्कि निवारक, उपशामक और पुनवार्सात्मक भी हो। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री ने एमबीबीएस, डीएम, एमएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और बीएससी एलाइड हेल्थ साइंसेज कार्यक्रमों के 10 मेडिकल छात्रों को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 434 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण सहित अन्य नेता मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दीक्षांत समारोह एक विशेष अवसर होता है जो विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने काम को बिना किसी स्वार्थ के करने के लिए प्रोत्साहित किया।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सदी के आगमन तक भारत में केवल एक एम्स था। वर्तमान में देश में 22 एम्स कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश ने अपनी बेहतरीन सेवाओं के कारण स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के बीच एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

## ईडी ने की रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ

# भाजपा ने कहा- कोई भी देश के कानून से ऊपर नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। हरियाणा जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और व्यापारी रॉबर्ट वाड्रा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया। राबर्ट वाड्रा ईडी दफ्तर पहुंचे और उनसे पूछताछ की गई । इस प्रकरण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निशाना साधते हुए कहा कि कानून से कोई ऊपर नहीं है। मंगलवार को भाजपा नेता गौरव भाटिया ने एक्स प्लेटफार्म पर इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भूमि माफिया रॉबर्ट वाड्रा को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया गया था। यह हरियाणा में हुए भूमि घोटाले से संबंधित है। इसे शिकोहपुर भूमि स्कैम के नाम से जाना जाता है। जहां 24 घंटे के भीतर, मुख्यमंत्री ने शक्तियों का दुरुपयोग कर, रॉबर्ट वाड्रा द्वारा नियंत्रित और स्वामित्व वाली एक कंपनी को एक लाइसेंस दिया गया था। आज जब उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया, तो यह कानून के शासन की शक्ति के बारे में बहुत कुछ कहता है और यह एक मजबूत संदेश भेजा गया है कि कोई भी देश के कानून के ऊपर नहीं है, खासकर झूठे गांधी परिवार से, जो दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है।



**क्या है पूरा मामला :** रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मामला 1 सितंबर, 2018 को दर्ज किया गया था। सुरेंद्र शर्मा की शिकायत पर गुड़गांव के खेरकी दौला थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शर्मा का आरोप था कि रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उन्हें धोखा दिया है।

# आईएएस अधिकारियों के विकास कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगे: राष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वर्तमान में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों से कहा कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास और जनकल्याण के कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगे।

राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे उनके व्यक्तिगत जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। अब और भी अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ उन्हें अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनकी सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई साथी नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों का दौरा करें और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को सिविल सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोकसेवक के कर्तव्य उसकी ज़िम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी।

# पीएम मोदी के विजन ने रक्षा, अंतरिक्ष और तकनीक के क्षेत्र में भारत को बनाया महारथी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर एक अहम आवाज बनकर उभरा है। रक्षा और अंतरिक्ष में उसकी शानदार सफलताओं ने दुनिया को आकृषित किया है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के जरिए आत्मनिर्भरता, इनोवेशन और तकनीकी उन्नति पर सरकार के निरंतर ध्यान ने देश को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। स्वदेशी रिसर्च की संस्कृति को बढ़ावा देने, सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूत करने, साइंस और टेक्नोलॉजी में रणनीतिक निवेश को प्राथमिकता देने के जरिए भारत अब वैश्विक क्षेत्र में केवल भागीदार नहीं बल्कि एक अग्रणी देश बन गया। यह सिर्फ तकनीकी उपलब्धियों की कहानी नहीं है; यह महत्वाकांक्षा, वैश्विक पहचान और विश्वगुरू बनने की दिशा में भारत की अपरिवर्तनीय यात्रा की कहानी है। भारत के रक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। देश अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए विश्व महाशक्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले क्लब में शामिल हो गया है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में कई मील के पत्थर कायम किए हैं। हाल ही में भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह फिक्स्ड-विंग और स्वार्म ड्रोन को निष्क्रिय करने में सक्षम है। इसके साथ ही भारत, अमेरिका, रूस और चीन के बाद चौथा ऐसा देश बना, जिनके पास ऐसी उन्नत क्षमता है। 2025 में भारत हाइपरसोनिक मिसाइलों के लिए एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट का परीक्षण करने वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा।



डीआरडीओ ने नवंबर 2024 में देश की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया जो पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियारों को 100 किलोमीटर से अधिक दूरी तक ले जा सकती है। लंबी दूरी की यह मिसाइल ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक गति से उड़ती है। दुनिया के चुनिंदा देशों के पास ही ऐसी महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य तकनीकों की क्षमता है। 2024 में भारत मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक वाले देशों के क्लब में शामिल हो गया। एमआईआरवी तकनीक के साथ अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया जिससे भारत की एक ही मिसाइल पर कई परमाणु हथियार तैनात करने की क्षमता से लैस हो गया। भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाएं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने रिकॉर्ड-तोड़ मिशनों और अग्रणी तकनीकों से दुनिया हैरान कर दिया है।हाल ही में, भारत इसरो के स्पैडेक्स मिशन की बदौलत उपग्रह डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करने वाले चार देशों के विशिष्ट समूह में सफलतापूर्वक शामिल हो गया।

